सुप्रभात
रांची, शनिवार
21.06.2025

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 336 | 12 | * * नगर संस्करण। पेज :12

# अतिवृष्टि में नुकसान का आकलन कर विभाग को भेजें रिपोर्ट : सीएम

■ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीसी के जरिये सभी जिलों के डीसी के साथ किया संवाद, भारी बारिश के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय से वीसी के जरिये सभी जिलों के डीसी के साथ संवाद किया। श्री सोरेन ने भारी बारिश को देखते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी जिलों के डीसी से कहा कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठायें। उन्होंने निर्देश दिया कि इसके लिए लोकल अथॉरिटीज के साथ समन्वय स्थापित करें। जिलों में इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे सड़क, पुल-पुलिया, घर, फसल इत्यादि को हुये नुकसान का आकलन कर राज्य सरकार को तत्काल रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया, ताकि प्रभावित लोगों को राहत और मुआवजा शीघ्र दिया जा सके। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया कि स्थापित कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखें। वॉटरफॉल, बराज इत्यादि पर्यटन स्थलों में किसी भी अनहोनी से बचने के लिए आपात टीम के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी सहयोग लें। उन्होंने कहा कि वॉटरफॉल में आवश्यकता के अनुरूप सुरक्षा कर्मी भी तैनात रखें।

**जल जमाव वाले क्षेत्रों में छिड़काव :** शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र जहां जल जमाव की स्थिति है, वहां छिड़काव करायें। उन्होंने निर्देश दिया कि बरसात में सर्प दंश के भी ज्यादा मामले आते हैं, ऐसे में एंटी रेबीज टीके और अन्य सभी जरूरी दवाइयां स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराये जायें। सीएम ने कहा कि भारी बारिश के कारण सड़क, पुल, पुलिया से संबंधित जो भी क्षति पहुंची है, उसकी शीघ्र मरम्मत हो। उन्हेंने निर्देश दिया कि किसी भी पुल या ब्रिज के धंसने का एक और मुख्य कारण अवैध बालू निकासी हो सकता है, इसकी भी जानकारी लें तथा ऐसे कार्यों पर अविलंब रोक लगायें।

## न्यूज डायरी

### बर्थडे पर नेत्रहीन बच्चों के गीत से राष्ट्रपति भावुक



**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपना 67वां जन्मदिन देहरादून में मनाया। वहां नेत्रहीन बच्चों द्वारा गाये एक गाने को सुनकर वह भावुक हो गयीं। उनकी आँखों में आंसू आ गये। जन्मदिन के मौके पर पीएम मोदी, राहुल गांधी, सीएम हेमंत सोरेन, बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा आदि ने राष्ट्रपति को बधाई दी है।

### सोनाली आत्महत्या मामले में दारोगा सस्पेंड

**रामगढ़।** बोकारो के जोनल आइजी क्रान्ति कुमार गड़िदेशी ने रामगढ़ की सोनाली कुमारी की आत्महत्या मामले में रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर (दारोगा) ओमकार पाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सोनाली ने अपने सुसाइडल नोट में दारोगा पर टॉर्चर करने का आरोप लगाया था।

### 80 लाख के सोना लूट मामले में पांच गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस ने घाटी में 80 लाख का सोना लूट मामले में लूटे गए सोना को बरामद कर कांड में शामिल पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी रजौली बिहार के हैं।

### खूंटी में पुल टूटने की विभागीय जांच शुरू

**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर बना पुल गुरुवार को दो टुकड़ों में बंटकर अलग हो गया। पुल टूटने के बाद पथ निर्माण विभाग ने जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाली बातें सामने आयी है।

### पीएम मोदी ने बताया, क्यों ठुकराया ट्रंप का आग्रह

**भुवनेश्वर।** पीएम मोदी ने एक समारोह में बताया कि वह अमेरिका क्यों नहीं गये। उन्होंने खुलासा किया कि भगवान जगन्नाथ की पवित्र भूमि पर आना पसंद किया। यही कारण उन्होंने ट्रंप का अमेरिका आने का आग्रह विनम्रता पूर्वक ठुकरा दिया।

## शिक्षा, स्वास्थ्य और पथ निर्माण समेत 26 प्रस्तावों को मंजूरी

# प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2025 स्वीकृत

### कैबिनेट के फैसले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 26 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को नयी उड़ान देने के उद्देश्य से प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 2025 को स्वीकृति प्रदान की। खूंटी में महिला महाविद्यालय के निर्माण के लिए 57.95 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी। वहीं सरायकेला-खरसावां के ईचागढ़ में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए 38.76 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की।

वहीं आधारभूत संचरना को मजबूत करने के लिए लातेहार के बरवाडीह-मंडल, भंडरिया पथ के चौड़ीकरण के लिए 114.99 करोड़ रुपये स्वीकृत किये। रांची-अरगोड़ा से नया सराय तक फोर लेन सड़क निर्माण के लिए 141.06 करोड़ रुपये और सिमडेगा में 63.20 किमी की 44 सड़कों के सुधार के लिए 38.00 करोड़ रुपये को मंजूरी दी। विधानसभा मार्ग से रिंग रोड तक 6 लेन सड़क निर्माण सहित 301.12 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा मनोहरपुर-कोयल नदी पर पुल निर्माण के लिए 37.88 करोड़ रुपये की मंजूरी दी।

**कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण निर्णय**

- दुमका और पलामू में दो डिप्लोमा स्तर के फामेर्सी संस्थानों की स्थापना के लिए 56 पदों का सृजन।
- झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद, संशोधन नियमावली 2025 को मंजूरी
- उच्च न्यायालय के आदेश पर सुमित कुमार सिंह की नियुक्ति में होगा पद परिवर्तन।
- कुंदन प्रसाद की सेवा नियमित कर वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति।
- योगेश्वर राम को दो एसीपी लाभ मिलेगा।
- डॉ गुरुचरण सिंह सलूजा की सेवा बर्खास्तगी बरकरार रखने की स्वीकृति।
- झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड को 3 करोड़ प्रति वर्ष सहायता अनुदान।
- विभिन्न कार्यालयों के लिए सरकारी वाहनों की अनुमान्यता में संशोधन।
- पुलिस पदक सम्मान प्रक्रिया में संशोधन। राज्य स्थापना दिवस अब विशिष्ट सेवा के लिए 10 की जगह अब 21 व सराहनीय सेवा के लिए 31 की जगह 60 पदक दिये जायेंगे।
- स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षाओं के सफल आयोजन को 31.50 करोड़।
- मोबाइल और रिचार्ज की सुविधा पे मैट्रिक्स लेवल 9 से नीचे के राज्यपत्रित पदाधिकारियों को अनुमोदित।
- नयी दिल्ली स्थित झारखंड भवन के कर्मियों की यात्रा व्यय प्रतिपूर्ति 1.19 लाख।
- ताज होटल निर्माण के लिए कोर कैपिटल एरिया में कवरेज और बिल्डिंग हाइट में रियायत।
- एनसीसी कैडेटों के लिए यात्रा व भत्ते की सुविधा में सुधार को मंजूरी
- झारखंड राज्य आवास बोर्ड की विनियमावली में संशोधन।

## सीवान की जनसभा में पीएम मोदी बोले

# बिहार की समृद्धि में ब्रेक लगाने वालों से सतर्क रहें

एजेंसी



**सीवान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सीवान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार अब विकास की रफ्तार पकड़ चुका है और इसे बनाए रखने के लिए जनता को सतर्क रहना होगा। प्रधानमंत्री ने पुराने दौर के जंगलराज की याद दिलाते हुए कहा, जो लोग कभी जंगलराज लाए थे, वे फिर से अपने कारनामों को दोहराने के लिए मौके की तलाश में हैं। प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए जनता से अपील की कि वे ऐसे तत्वों को पहचानें और उन्हें बिहार की समृद्धि की यात्रा में ब्रेक लगाने से रोकें। उन्होंने कहा, पंजा और लालटेन वालों ने इतनी लूट-खसोट मचाई कि गरीबी बिहार की पहचान बन गई थी। श्री मोदी ने कहा कि लालटेन और पंजे वाले कहते हैं परिवार का साथ, परिवार का विकास, लेकिन हम कहते हैं- सबका साथ, सबका विकास। हमारे इसी प्रसास से अब बिहार बदल रहा है और इसमें एनडीए सरकार की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की राह में बिहार की बड़ी भूमिका होगी। मोदी ने कहा कि बीते एक दशक में देशभर में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को मात दी है, जिसमें बिहार की भूमिका अहम रही है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में जो विकास हुआ है, उसकी मिसाल आज देश ही नहीं, विश्व भी दे रहा है। बिहार में अभी बहुत कुछ करना है।

## अजब-गजब

### आदमी को डंसने के बाद तड़पकर मर गया सांप

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के खुडसोड़ी गांव में गुरुवार की सुबह एक जहरीले सांप ने एक आदमी को डंस लिया, लेकिन सांप खुद 5 मिनट के अंदर तड़पकर मर गया। आदमी खतरे से बाहर है और अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित 25 वर्षीय सचिन नागपुरे एक कार मैकेनिक है। गुरुवार सुबह करीब 7 बजे वह अपने खेत गया था, तभी उनका पैर गलती से सांप पर पड़ गया। सांप ने उन्हें डंस लिया, लेकिन, सांप ही 5-6 मिनट के भीतर तड़प-तड़प कर मर गया। वन विभाग के रेंजर धर्मेंद्र बिसेन ने इसे 'दुर्लभ से दुर्लभ' मामला बताया है। उन्होंने समझाया कि संभावना है कि काटने के बाद तेजी से मुड़ने पर सांप की जहर की थैली फट गयी हो जिससे सांप की मौत हो गयी। वहीं सचिन नागपुरे ने बताया कि वह चिड़चिड़िया, आम, पिसुंडी, पुलसा, जामुन, तुअर, आजन, करंजी और नीम की टहनियों से दांत साफ करते हैं। ऐसे में इन जड़ी-बूटियों की लकड़ियों से उनका खून जहरीला हो गया होगा।

## शराब घोटाला

### अब कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया पहुंचे जेल



**रांची।** शराब घोटाले में एसीबी के हाथों गिरफ्तार वरीय आईएएस विनय कुमार चौबे के करीबी कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को शुक्रवार को एसीबी कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुये 23 जून तक बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। झारखंड के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गुरुवार को रायपुर से उसे गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने उसे रायपुर स्थित कोर्ट में उसकी पेशी की, जहां से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची पहुंची। कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद उसे शाम को एसीबी कोर्ट में पेश किया गया। एसीबी ने पहली बार पूछताछ के लिए सिद्धार्थ सिंघानिया को समन भेज कर 11 जून को बुलाया था। इसके बाद आईओ ने उसके खिलाफ कोर्ट से 12 जून को गिरफ्तारी वारंट प्राप्त किया।

# भीषण सड़क हादसे में नौ बारातियों की मौत

## शादी के बाद बंगाल से सरायकेला लौट रहे थे



खबर मन्त्र संवाददाता

**सरायकेला।** चांडिल अनुमंडल के नीमडीह थाना क्षेत्र से सटे पश्चिम बंगाल के बलरामपुर थाना क्षेत्र के नामशॉल में एक दर्दनाक सड़क हादसे में झारखंड के 9 लोगों की मौत हो गयी। दरअसल बारात में शामिल हो कर ये लोग शुक्रवार सुबह एक बोलेरो से झारखंड लौट रहे थे। चांडिल-पुरुलिया नेशनल हाईवे पर नामशॉल के पास सामने से तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गये। इस दुर्घटना में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। नीमडीह थाना प्रभारी संतन तिवारी ने सभी 9 लोगों की मौत की पुष्टि की है।

**सभी नीमडीह निवासी :** हादसे में मरनेवाले सभी लोग सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह थाना के तिलाईटाड़ गांव के स्वपन महतो (30), शशांक महतो (35), बृहस्पति महतो (34), अजय महतो (35), विजय महतो (40), गुरुपद महतो (40), कृष्णपद महतो (38), मुडू निवासी चालक दीपक महतो (30) और रघुनाथपुर के चंद्रमोहन महतो (50) हैं। शवों को कड़ी मशक्कत के बाद वाहन से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है। चालक घटना के बाद फरार हो गया है।

## कार्टून कोना




## पीएम मोदी आंध्र प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में लेंगे भाग

# आज एक लाख से अधिक स्थानों पर योगाभ्यास

### करें योग रहें निरोग

एजेंसी



फाइल फोटो

**नयी दिल्ली/रांची।** दुनियाभर में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। योग दिवस को विभिन्न तरीकों से मनाने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर की विभिन्न पहलों पर काम किया जा रहा है। देश में योग का मुख्य राष्ट्रीय समारोह 21 जून को सुबह 6.30 से 7.45 बजे तक आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण सहित अन्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। आज शनिवार को देशभर में एक लाख से अधिक स्थानों पर एक साथ योग दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' है।

इधर झारखंड में भी योग दिवस को लेकर सभी तैयारियों पूरी कर ली गयी है। एक साथ सभी जिलों में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में सुबह साढ़े पांच बजे से कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होगा। केंद्र संचार ब्यूरो भी सुबह 11 बजे से रांची के योगदा सत्संग महाविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन करेगा।



# गो पालन से रोजगार, स्वावलंबन के अवसर पैदा करने की जरूरत: सुदिव्य

## अमूल ब्रांड की तरह झारखंड में भी एक बड़ा ब्रांड स्थापित करने की तैयारी जरूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची के द्वारा पारिस्थितिकी संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं सम्भावनाएं विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला सह संगोष्ठी का शुक्रवार को समापन हो गया।

कार्यशाला के समापन समारोह में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने देशभर से रांची आये विशेषज्ञों, साइंटिस्टों का स्वागत करते खुशी जताई। कहा कि भारत सनातन संस्कृति का देश रहा है। मानव को आश्रय, भोजन, छांव ईश्वरीय कृपा से ही मिलता है। महिलाओं के साथ-साथ हम सब गाय को भी माता का दर्जा देते आये हैं। इन दोनों को ईश्वर का दर्जा देते हैं। प्रकृति को ईश्वर की प्रत्यक्ष उपस्थिति मानते हैं। गो माता के दूध, गोबर का विशिष्ट महत्व रहा है। आज गौ सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर रहे हैं। यह देखा जाना जरूरी है कि गोपालन को रोजगार से जोड़ा जाए। पहले गो पालन एक सामान्य विषय था पर अब इससे रोजगार को भी जोड़ना जरूरी है। शहरों में गौ पालन कई कारणों से दुरूह कार्य है। ऐसे में अब गौ पालन के जरिए नये अवसर पैदा करने की आवश्यकता है। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष राजू गिरी, आइसीएआर के प्रतिनिधि, पूर्व सांसद वल्लभभाई कथीरिया, आयोग के सचिव डॉ संजय प्रसाद, निबंधक डॉ मुकेश मिश्रा, पशु चिकित्सक डॉ प्रभात पांडेय, डॉ जय तिवारी, विभिन्न गोशालाओं के संचालक, किसान और अन्य भी उपस्थित थे।

सुदिव्य सोनू ने खुशी जताते कहा कि सफेद क्रांति (मिल्क क्रांति) और अमूल ब्रांड वाले राज्य गुजरात से एक्सपर्ट यहां आये हैं। यहां भी अमूल के बराबर का ब्रांड खड़ा किया जा सके तो खुशी होगी। सरकार द्वारा सब्सिडी का लाभ कृषकों को दिये जाने और इसमें बिचौलिए तंत्र के हावी होने पर चिंता भी जताई। साथ ही उन्होंने भरोसा जताते कहा कि इस वर्कशॉप के जरिए खुशनुमा ढांचा तैयार होगा। यहां के बच्चों के कुपोषण को दूर करने में मदद मिलेगी। मंत्री ने मौके पर अलग-अलग राज्यों से आये साइंटिस्ट्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया।

### मनमोहन सरकार में भी गौ सेवा पर फोकस: सुबोधकांत

सुबोधकांत सहाय ने मौके पर कहा कि जब वे केंद्र में मनमोहन सिंह सरकार में फूड प्रोसेसिंग मंत्री थे, उस समय भी इस विभाग के जरिए डेयरी, गौरक्षा पर कार्य हुए थे। इसे प्रोत्साहन दिया गया था। दुनियाभर में हमारा देश दूध प्रोडक्शन में अग्रणी है। फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय के जरिए जहां चारा संकट था, उस जगह चारा पैदावार के लिए सब्सिडी दी जाती थी।

### कार्यशाला से महत्वपूर्ण इनपुट निकलेगा : कमलेश

कार्यशाला में केशव महतो कमलेश ने कहा कि जिस तरह से समुद्र मंथन से कामधेनु गाय निकली थी, उसी तरह इस कार्यशाला के जरिए महत्वपूर्ण इनपुट निकलेगा जो झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विभिन्न प्रदेशों से आये एक्सपर्ट के विचार, रणनीति से बेहतर कार्ययोजना बनाने में मदद मिलेगी। हमारी संस्कृति में पशुधन, गो माताओं का विशेष स्थान रहा है जो किसी से छिपा नहीं है। गो माता के दूध से हम दीघार्यु होते हैं, वह हमें आरोग्य प्रदान करता है। उससे हम कभी उऋण नहीं नहीं हो सकते। वेदों में भी इनका जिक्र है।

### सफलता की नयी गाथा लिखने की तैयारी: अध्यक्ष

अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने गो सेवा आयोग के स्तर से किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। कार्यशाला से मिले अनुभवों के आधार पर राज्य में गो सेवा, इसके लिए और सकारात्मक प्रयास किये जाने, गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलने का भरोसा जताया। उपाध्यक्ष राजू गिरी ने राज्य में गो सेवा के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की वकालत की। उम्मीद जताई कि आनेवाले समय में झारखंड में महिला और पुरुष पशुपालकों के जरिए सफलता की नयी कहानियां लिखी जाएंगी।

## खबर एक नजर में

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले कई वरिष्ठ अफसर







**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में रांची नगर निगम के नगर आयुक्त सुशांत गौरव, आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी एवं झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह शिष्टाचार भेंट थी।

### बिवरेजेज कॉरपोरेशन का कामकाज हुआ ठप

**रांची।** झारखंड स्टेट बिवरेजेज कॉरपोरेशन (जेएसबीसीएल) का काम पिछले दो दिनों से बंद है। कॉरपोरेशन के पास ना तो कोई फाइल है ना ही कंप्यूटर। एसीबी ने शराब घोटाले की जांच के दौरान कॉरपोरेशन की सभी फाइलें जब्त कर ली है। एसीबी ने शराब घोटाले की जांच के पहले चरण में जेएसबीसीएल की मूल फाइलें जब्त कर ली थी। हालांकि कॉरपोरेशन ने अपना काम काज जारी रखने के लिए मूल फाइलों की कॉपी कर शैडो फाइल बनायी थी। एसीबी ने उत्पाद विभाग के रिटायर्ड आयुक्त अमित प्रकाश को गिरफ्तार करने के बाद कॉरपोरेशन की शैडो फाइलें भी जब्त कर ली। इसके अलावा कॉरपोरेशन के कंप्यूटरों के भी जब्त कर लिया। अब कॉरपोरेशन के पास ना तो कोई फाइल है ना ही कंप्यूटर. कॉरपोरेशन को अपना कामकाज शुरू करने के लिए नयी फाइलें खोलनी होगी।

### शराब घोटाले के आरोपी विनय चौबे की याचिका पर सुनवाई टली

**रांची।** शराब घोटाले के आरोपी आईएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। समयाभाव के कारण मामले की सुनवाई नहीं हुई। याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है। याचिका जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। विनय चौबे ने अपनी गिरफ्तारी, प्राथमिकी और एसीबी की कार्यवाही को चुनौती देते हुए इसे रद्द करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया है। याचिका में कहा गया है कि जिस मामले में उनके खिलाफ एसीबी ने कार्रवाई की है, वह पूरी तरह निराधार है और उनकी इस मामले में कोई संलिप्तता नहीं है, इसलिए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की जानी चाहिए और उन्हें न्यायिक हिरासत से रिहा किया जाना चाहिए। एसीबी ने 21 मई को विनय चौबे को शराब घोटाला से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। विनय चौबे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और राज्य सरकार ने उन पर लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए उन्हें निलंबित भी कर दिया है।

### शराब घोटाले के आरोपी की एबीपी पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** शराब घोटाले में आरोपी रांची के ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय कुमार सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को एसीबी कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले का केस डायरी की मांग की। साथ ही, अगली सुनवाई की तारीख 30 जून निर्धारित की है। विनय सिंह जेल में बंद तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे के करीबी है। एसीबी ने पूछताछ के लिये कई समन कर चुका है। बावजूद पूछताछ के लिये एसीबी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। उसने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये 29 मई को याचिका दाखिल की है। हालांकि, एसीबी के सामने उपस्थित नहीं होने पर आईओ ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट प्राप्त कर लिया है। गिरफ्तारी को लेकर एसीबी प्रयासरत है।

### चार्जशीटेड आरोपियों की एबीपी पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड चार आरोपियों की ओर से दाखिल अदालत में उपस्थिति से छूट वाली याचिका पर सीबीआई कोर्ट में शुक्रवार को आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जवाब दाखिल करने के लिये समय की मांग की गई। इस पर अदालत ने समय देते हुये अगली सुनवाई की तारीख 23 जून निर्धारित की है। मामले में रवींद्र गगरई, डॉ ज्योति कुमार सिन्हा, विजेंद्र कुमार एवं राजेश कुमार सिंह ने अदालत में उपस्थिति से छूट का अनुरोध करते हुये 6 मार्च को याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि उक्त घोटाले में सीबीआई कोर्ट ने 47 अफसरों समेत 74 आरोपियों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। समन जारी होने के बाद आरोपियों को निर्धारित तारीख को कोर्ट में उपस्थिति दर्ज करानी है। कई आरोपियों को हाईकोर्ट से राहत मिली है।

### जल-जमाव का मुख्य आरोपी है सीपी सिंह : राकेश सिन्हा

**रांची।** देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि शहर में मेयर, डिप्टी मेयर,किसका था और आज अगर शहर में जल जमाव है तो इसका मूल कारण रांची विधायक सी पी सिंह हैं क्योंकि भाजपा सरकार के कार्यकाल में जो 200करोड़ खर्च कर नाले बनाने और सीवरेज ड्रैनेज के नाम पर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया है उसका ही परिणाम है जल जमाव। राकेश सिन्हा ने कहा कि 100करोड़ के घोटाले का नतीजा है कि हरमू नदी नाला बन गया। बीजेपी के डिप्टी मेयर अपने पुत्र को निगम टेंडर देने में मशगूल रहे, अपने कार्यकाल की नाकामिया का ठीकरा कब तक दूसरे पर फोड़ अपनी जिमेबारियों से भागेंगे क्योंकि जिम्मेवारियों से भागना भाजपा की फितरत रही हैं उन्होंने कहा कि अपने नेता मोदी जी के तरह संजय सेठ भी बयान देकर अपनी जिमेबारियो से मुक्त होना चाहते हैं। राजधानी के आप सांसद है तो जिमेबारी आपकी भी बनती है।

### मंत्री इरफान ने व्यक्तिगत उपस्थिति से संबंधी याचिका की दाखिल

रांची। आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में आरोपी स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने अदालत में उपस्थिति से छूट की मांग करते हुये याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 30 जून निर्धारित की है। मालूम हो कि योग शिक्षिका राफिया नाज पर इरफान अंसारी ने एक निजी समाचार चैनल पर उसके पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इससे उनकी छवि धूमिल हुई और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। इसको लेकर राफिया नाज ने 19 अगस्त 2020 को सिविल कोर्ट रांची में इरफान अंसारी के खिलाफ स्त्री लज्जा भंग करने, भीड़ को हिंसा के लिये उकसाने और पहनावे को लेकर अनुचित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुये शिकायतवाद दर्ज कराई थी।

### वरिष्ठ पत्रकार नवीन मिश्र के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** भाजपा ने वरिष्ठ पत्रकार नवीन मिश्र के असामयिक निधन पर गहरा शोक जताया है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोक व्यक्त करते हुये कहा कि राज्य ने एक सहज सरल व्यक्तित्व के धनी, पत्रकारिता जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले पत्रकार को खो दिया है। यह अपूरणीय क्षति है।शोक व्यक्त करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय, नागेंद्र त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, राकेश प्रसाद, दीपक बंका, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक , योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक आदि शामिल हैं।

## विविधताओं का देश है भारत : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राज भवन में आयोजित बंगाल स्थापना दिवस समारोह में कहा कि भारत विविधताओं का देश है। यहां की भाषायें, परंपरायें, संस्कृति और रीति-रिवाज अत्यंत समृद्ध हैं। हम सब एक सूत्र में बंधे हुये हैं। यही विविधता में एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। यह पूरी दुनिया के सामने एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि हमें न केवल अपनी भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिये। बल्कि अन्य राज्यों की भाषा और संस्कृति का भी आदर करना चाहिये। इस दिशा में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा आरंभ किया गया एक भारत, श्रेष्ठ भारत एक दूरदर्शी पहल है। इसका उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों के बीच एकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड और बंगाल, ये दो राज्य न केवल भौगोलिक रूप से जुड़े हैं। बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी एक-दूसरे के अत्यंत निकट हैं। झारखंड में रह रहे बंगाली समुदाय ने राज्य की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति में जो योगदान दिया है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बंगाल की भूमि सृजन, विचार और सांस्कृतिक चेतना की भूमि रही है। इस राज्य ने राष्ट्रीय निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया है। बंगाल पुनर्जागरण से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक इस भूमि ने ऐसे महान चिंतकों, लेखकों, कवियों और क्रांतिकारियों को जन्म दिया। इस भूमि ने रवींद्रनाथ टैगोर, शरतचंद्र, बंकिमचंद्र जैसे साहित्य के स्तंभ दिये। जिनकी लेखनी ने विश्व स्तर पर भारतीय अस्मिता को पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि बंगाल ने समाज सुधार और स्वतंत्रता संग्राम के क्षेत्र में भी देश को नई दिशा दी। राजा राम मोहन राय ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध बिगुल फूंका। वही, नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजादी के आंदोलन को अद्भुत साहस और दृढ़ संकल्प के साथ नई गति दी। बंगाली समाज ने परंपरा और आधुनिकता के संतुलन का जो उदाहरण प्रस्तुत किया हैए वह सम्पूर्ण भारत के लिये प्रेरणादायक है।

## मंत्री नेहा ने की प्रदीप बलमुचू से मुलाकात

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू से शिष्टाचार भेंट की। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान बलमुचू ने उन्हें अपनी लिखी पुस्तक झारखंड एक सिंहावलोकन भेंट की।

यह पुस्तक झारखंड राज्य के निर्माण से लेकर वर्तमान स्थिति तक की समग्र झलक प्रस्तुत करती है। इसमें झारखंड आंदोलन की पृष्ठभूमि, राज्य की सांस्कृतिक विरासत, खनिज और प्राकृतिक संपदा, वन एवं पर्यावरण संरक्षण, औद्योगिक विकास और उसका समाज पर प्रभाव सहित कई महत्वपूर्ण विषयों को सरल और सहज भाषा में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में झारखंड की राजनीति, विकास यात्रा और सामाजिक बदलावों का भी विश्लेषण किया गया है। मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने पुस्तक प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह पुस्तक झारखंड को गहराई से समझने और जानने के इच्छुक लोगों के लिए एक उपयोगी दस्तावेज साबित होगी। उन्होंने बलमुचू के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह पुस्तक राज्य के इतिहास और विकास को समझने का माध्यम बनेगी।

### मंत्री डॉ इरफान ने फिर दिखाया विकास के प्रति समर्पण

## नगर उंटारी को मिलेगा 100 बेड का अस्पताल और ट्रामा सेंटर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने नगर उंटारी में 100 बेड के आधुनिक अस्पताल और ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों समेत सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये मांग पत्र सौंपा। जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुये मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने 168 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। इसके तहत नगर उंटारी में 100 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर स्थापित किया जायेगा। इसमें आधुनिक चिकित्सा संसाधन एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिि्रत की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनायेगा।

# योग सूत्रों की कसौटी पर खरी उतरती मोदी सरकार



**शिवपूजन पाठक**

योग दिवस विशेष

11 सितंबर 1893 का वह ऐतिहासिक और स्वर्णाक्षरों में अंकित दिन जब अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्व धर्म संसद में भारत के एक युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद ने भारत की सांस्कृतिक सनातन परम्परा को विश्व क्षितिज पर महिमा मंडित किया। संयोग देखिये, उसके 121 वर्ष बाद भारत माता का दूसरा सपूत नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रतिनिधित्व करते हुये पुनः यहां का सांस्कृतिक ध्वज ऊंचा किया। नरेंद्र मोदी ने पीएम पद की शपथ लेने के 5 महीने बाद ही 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व समुदाय को भारत की अनूठी सांस्कृतिक विरासत परंपरा योग से दुनियां को परिचित कराया। यह सनातन की ताकत ही है कि जैसे विवेकानंद के एक वाक्य ने दुनियां को सम्मोहित कर दिया था, उसी प्रकार नरेंद्र मोदी के एक आह्वान ने विश्व को आकर्षित कर लिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतिहास में पहली बार सर्वाधिक 177 देशों के समर्थन से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित हुआ। आज दुनिया के 190 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जाता है। भारत के ऋषि मुनियों की अमूल्य साधना से दुनियां लाभान्वित हो रही है। आज योग दिवस के 10 वर्ष पूरे हुये।

योग सनातन संस्कृति की आत्मा है। योग विज्ञान, साधना,समन्वय है। आत्मा का परमात्मा से संवाद है। यह केवल शरीर विज्ञान नहीं बल्कि मनएबुद्धि ए आत्मा को संतुलित करने की कला है। भारतीय सनातन परम्परा के महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने एकात्म मानव दर्शन में जड़ चेतन सब में एक ही परमात्मा के स्वरूप का दर्शन करते हुये उनकी सेवा उनके सदुपयोग का विचार दिया है। मनुष्य की तरह ही एक राष्ट्र की अपनी चिति होती है। शरीर, मन और बुद्धि होती है। व्यक्ति या राष्ट्र केवल शारीरिक सुखों से खुश नहीं हो सकता बल्कि उसके जीवन को आनंद की पूर्णता आत्मा के अनुकूल व्यवहार करके ही किया जा सकता है। और इसमें योग के सूत्र सहायक सिद्ध होते हैं।



आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का शरीर, मन और आत्मा तीनों का पोषण हो रहा है। पिछले 11 वर्षों से देश की बुनियादी सुविधाओं सड़क,बिजली, पानी, हाइवे, एयरपोर्ट, एम्स, आईआईटी, आईआईएम, फ्लाई ओवर, बड़े बड़े ब्रिज का निर्माण यही तो भारत का शारीरिक सुदृढ़ीकरण है।आज ग्रामीण और शहरी भारत एकसाथ मजबूत हो रहे है। गरीब कल्याण अन्न योजना,किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना, उजाला विद्युत योजना, जनधन खाता, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड जैसी योजनायें इसकी शोभा बढ़ा रहे हैं।

धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक पर सख्त कानून, महिलाओं केलिये 33 प्रतिशत आरक्षण, पद्म पुरस्कारों में उचित हकदारों का सम्मान, पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा, बाबा साहब अम्बेडकर से जुड़े स्थलों का विकास, भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजाति गौरव घोषित, गुलामी के प्रतीक चिन्हों को हटाकर भारत के महापुरुषों के नाम पर स्थलों का नामकरण, सरदार बल्लभभाई पटेल की स्टैचू ऑफ यूनिटी, भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति केलिये एक आदिवासी महिला का चयन, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर ये सभी ऐसे कार्य हैं, जो भारत के मन को तृप्ति प्रदान करते हैं।

मोदी सरकार केवल शरीर मन और मन तक ही नहीं रुकी। बल्कि भारत की आत्मा के पोषण की दिशा में कार्य किये हैं। 500 साल की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण, तिरपाल से हराकर भव्य सिंहासन पर राम लला की स्थापना के साथ काशी विश्वनाथ कोरिडोर, महाकाल मंदिर कोरिडोर का निर्माण, इसके उदाहरण हैं। यह ध्यान देने वाली बात है कि एक साथ इतने कार्यों को कोई योग साधक ही साकार कर सकता है। उन्होंने योगसूत्रों को अक्षरशः जीवन में उतारा है।

यदि आज मोदी का शासन सुशासन है तो योग के संबंध में गीता में श्री कृष्ण की यह उक्ति योग कर्मसू कौशलम अर्थात कार्यों की कुशलता ही योग है, चरितार्थ होता है। प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास समत्वं योग उच्चयते को परिभाषित करता है। राग द्वेष से परे सभी परिस्थितियों में देश के सभी नागरिकों की चिंता और यदि ये सभी कार्य बिना अहंकार के नर सेवा नारायण सेवा और राष्ट्र सेवा के भाव से किया जाता है तो यही योगः चित्त वृत्ति निरोध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पराक्रम में भी अहंकार नहीं दिखाया। चाहे संसद भवन निर्माण में लगे मजदूर हों या फिर कुंभ के अवसर पर सेवा में जुटे सफाई कर्मी, राम मंदिर निर्माण में जुटे कारीगर सभी के प्रति प्रधानमंत्री जी ने कृतज्ञता व्यक्त की है। सरकार के मंत्रीगण और शीर्ष अधिकारियों की गाड़ियों से लाल पीली बत्ती को हटाना अहंकार बोध को कम करने की ही सोच है।

इस प्रकार हम देखे तो भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार योग सूत्रों पर पूरी तरह खरी उतर रही है।

**: लेखक, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी हैं।**

# बारिश थमी, खतरे के निशान से नीचे बह रही स्वर्णरेखा और खरकाई नदी

## डीसी ने भारी वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों, स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी के डूबे क्षेत्रों एवं राहत शिविरों का किया स्थलीय निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की दो प्रमुख नदियों स्वर्णरेखा और खरकाई नदी में पानी का वेग शुक्रवार को कम हुआ है। दलमा पहाड़ से पारडीह काली मंदिर और आशियाना वुडलैंड के बीच जमा कई फीट पानी देर रात एनएच-33 को काट कर नाले के जरिए स्वर्णरेखा नदी में डाल दिया गया।

अब वहां जल जमाव नहीं है। इसी तरह स्वर्णरेखा और खरकाई नदी के तटवर्ती बस्तियों में भी पानी ऊतर गया है जिससे लोगों ने चैन की सांस ली है। दूसरी ओर, पूर्वी सिंहभूम के डीसी कर्ण सत्यार्थी ने जमशेदपुर शहर में भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों तथा स्वर्णरेखा और खरकई नदी के डूब क्षेत्रों, राहत शिविर का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कदमा, शास्त्रीनगर, दोमुहानी, मानगो के



शंकोसाई में डूब क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्थानीय नागरिकों से उनकी समस्याओं को जाना तथा राहत बचाव टीम को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बागुनहातु स्थित आश्रय स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ हीराहत शिविर में ठहरे लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आश्रय स्थलों में पेयजल, खाद्य सामग्री सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं समुचित रूप से उपलब्ध कराई जाएं। विशेषकर बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धों की देखभाल में कोई कोताही न हो, यह सुनिश्चित करने को कहा गया। डीसी ने शास्त्रीनगर, कदमा, दोमुहानी जैसे भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति, नालों की सफाई, पानी निकासी की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि



स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी के जलस्तर पर चौबीसों घंटे नजर रखी जाए तथा खतरे की स्थिति में तुरंत अलर्ट जारी कर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जाए। सभी आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि राहत और बचाव सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे एवं नाव, मोटरबोट, जीवन रक्षक जैकेट, सर्चलाइट आदि की व्यवस्था पूरी तरह क्रियाशील हो।

**नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील :** जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग एवं सतर्क है। डीसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें तथा आकस्मिक स्थिति में संयम और धैर्य बनाए रखें। किसी भी आपात स्थिति या सहायता की आवश्यकता होने पर कंट्रोल रूम में 0657-2431028 पर संपर्क करें। निरीक्षण के दौरान एडीसी भगीरथ प्रसाद, उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार, सहायक नगर आयुक्त अरविंद अग्रवाल, जुस्को के प्रतिनिधि, स्वर्णरेखा परियोजना के अभियंता व अन्य उपस्थित रहे।

### एन एच ए आई आशियाना वुडलैंड के क्षतिग्रस्त कारों का करायें मरम्मत : विकास सिंह

भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह ने एन एच ए आई से जलमग्न होने के कारण एन एच 33 स्थित आशियाना वुडलैंड लोगों की क्षतिग्रस्त हुई निजी वाहन विशेष कर कार को मरम्मत कराने की मांग किया है विकास सिंह ने कहा कि दो दशक से अधिक समय से आशियाना वुड लैंड में लोग रह रहे हैं कभी भी जल जमाव की समस्या नहीं हुई थी हाल ही के कुछ दिनों से एन एच 33 में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है निर्माण कार्य के दौरान पूरे पहाड़ के पानी को वन देवी काली मंदिर के बगल से बह रहे करकरी नदी से जोड़ने के लिए पूर्व में बनाया गया कलवर्ट को पूरी तरह बंद कर दिया गया जिसका दुष्परिणाम यह हुआ की पूरा आशियाना वुडलैंड के साथ-साथ अगल-बगल के क्षेत्र जलमग्न हो गए जलमग्न के कारण वुडलैंड सोसायटी में रहने वाले लोगों के करोड़ों रुपए के वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं एन एच 33 पुरे दो दिनों तक बंद रहा। एनएचआई की लापरवाही व नादानी के कारण पूरे देश को नुकसान उठाना पड़ा है। विकास सिंह ने कहा आशियाना वुडलैंड में रहने वाले लोगों ने ऐसा मंजर पहली बार देखा है ऐसी त्रासदी अगर पहले हुई रहती तो लोग सचेत रहते और अपने निजी वाहन को सुरक्षित जगह में रख देते लेकिन लोगों को पता नहीं था कि एन एच ए आई इतनी बड़ी चुक करेगा, जिससे लोगों के निजी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। विकास सिंह ने कहा कि लोगों के निजी वाहन का मरम्मत करना एन एच ए आई की नैतिक जिम्मेदारी बनती है इसलिए अभिलंब निजी वाहन का मरम्मत करवाना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### सबुज कल्याण संघ में होगा सामूहिक योग

जमशेदपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जो आयोजन टीनप्लेट स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में किया जाना तय था वह बरसात के संभावना को देखते हुए स्थानांतरित कर दिया गया है। अब यह कार्यक्रम सबुज संघ टेल्को के प्रांगण में सुबह 8:00 बजे से किया जाना तय किया गया है। यह निर्णय टीनप्लेट डिवीजन टाटा स्टील और सत्यानंद योग केंद्र ने संयुक्त रूप से लिया है। संयोजक अश्विनी शुक्ला ने इस असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। यह पहला अवसर है जब हम लोगों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को लोगों ने स्थगित या स्थानांतरित किया जा रहा है।

### स्पेशल ड्राइव के तहत फैमिली कोर्ट में सुलझाए गये 75 मामले

जमशेदपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में 16 से 20 जून तक एक स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करना था, जिसमें कुल 75 मामले सुलझाए गए। वहीं 02 केस रिवीजन हुआ है। डालसा सचिव धर्मेन्द्र कुमार के अनुसार, इस विशेष ड्राइव के दौरान फैमिली कोर्ट के कुल 75 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 02 मामलों को रिवीजन के तहत शामिल किया गया। इस दौरान डालसा सचिव ने कहा कि यह पहल न्यायालयों में लंबित मामलों के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि स्पेशल ड्राइव का उद्देश्य न्यायिक कार्यवाही में तेजी लाना और न्याय की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सरल बनाना था। इस पहल से न केवल फैमिली कोर्ट में लंबित मामलों में तेजी आई, बल्कि न्यायालय पर बोझ भी कम हुआ है।

### इसरो की मासिक कार्य समिति की बैठक आज

जमशेदपुर। इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स आर्गेनाईजेशन (इसरो) की मासिक कार्यसमिति की बैठक 21 जून को शाम 4.45 मे स्थानीय होटल मधुबन मे आहूत है। कार्यसमिति बैठक मे समिति की पिछले माह की गतिविधियों की चर्चा और वर्तमान मे मौनसून और उत्पादों के मांग मे आई गिरावट के कारण उपजी समस्याओं के संभावित निराकरण पर चर्चा होगी। आगामी जुलाई माह मे समिति अपने विस्तार की सक्रियतापूर्ण प्रथम वर्ष पुरे करने जा रही है, इस अवसर पर जुलाई माह के लिए विशेष कार्यक्रम तय होंगे जिसकी प्रारूप भी कल के बैठक मे तय होगी।

### हरिसुंदरपुर गांव में कुंआ धंसा, बाल-बाल बचे परिवार



गम्हरिया। गम्हरिया प्रखंड के रापचा पंचायत के हरिसुंदरपुर गांव में देर रात अचानक कुआं के धंसने से परिवार के लोग बाल बाल बच गए। बताया गया कि लगातार हो रही बारिश से देर रात अचानक जोर की आवाज से उदय सरदार नामक व्यक्ति का कुआं धंस गया। सरदार के आंगन में घर से सटा कुआं था। कुआं धंसने का असर घर में आने से परिवार के लोग दूसरे घर में शरण लिया। इस मामले की सूचना मिलते ही बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी ने शुक्रवार को उक्त क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने धंसे कुएं को बंद कराने का आश्वासन देते हुए तत्काल उक्त क्षेत्र के आसपास नहीं जाने की अपील की। इधर, बीडीओ ने ग्रामीण क्षेत्रों में हुई बारिश से क्षति का जायजा लिया। इस क्रम में नुवागढ़, बांधडीह, दुगनी, गंजिया बराज, बुरुडीह आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया। शुक्रवार को बारिश के रुकते ही बीडीओ ने गंजिया बराज का मुआयना किया। बांधडीह पंचायत के सिंहपुर में बाबू लाल मेहता एवं दुगनी गांव के संजना केवरत के क्षतिग्रस्त घर का भी जायजा लिया गया।

### दुष्कर्म के दोषी को 20-20 वर्ष की कठोर सजा

**सरायकेला।** सुनसान रास्ते मे अकेला पाकर युवती से जबरन दुष्कर्म करने के एक मामले में सुनवाई करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-प्रथम,सरायकेला न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया है। इस मामले में आरोपी संजीत नायक उर्फ संजू तथा अरुण नायक दोनों कांड्रा के शिवपुर निवासी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपए का जुर्माने की सजा सुनाई है। बीते अगस्त 2019 में गम्हरिया के मुगाघुटु निवासी एक युवती के साथ सुनसान रास्ते मे अकेला पाकर जबरन जंगल ले जाकर दुष्कर्म किया गया था। इस बावत पीड़िता द्वारा 10 अगस्त'2019 को गम्हरिया थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। तत्पश्चात तत्कालीन थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई प्रारम्भ की गई थी। इस मामले में सदर कोर्ट सरायकेला के अपर लोक अभियोजक कपिलदेव सामड द्वारा पैरवी की गई थी।

# वन विभाग ने गोकुलनगर के 350 घरों को खाली करने का दिया नोटिस, हड़कंप

## डीसी को मांग पत्र सौंप कर की राहत देने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम अंतर्गत गोकुल नगर के 350 से अधिक घरों को वन विभाग द्वारा मकान खाली करने का नोटिस दिया गया है। नोटिस के संदर्भ में शुक्रवार को जमशेदपुर पूर्वी के डीसी को ज्ञापन दिया गया।

इसमें डीसी द्वारा लोगों को आश्वासन दिया गया कि बहुत ही जल्द इस मामले को गंभीरतापूर्वक देखेंगे। बस्ती वासियों को कहना है कि हम तथा हमारे पूर्वज 40 वर्षों से इस क्षेत्र में निवास कर रहे हैं। वर्षों के मेहनत और जीवन भर की पूंजी से हमने घर बनाए हैं और यही अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। गोकुल नगर एक



आर्थिक रूप से कमजोर बस्ती है। जहां अधिकांश परिवार दिहाड़ी मजदूरी, रिक्शा चालान, घरेलू कार्य और छोटी-मोटी दुकानों के कार्यों पर निर्भर हैं ।वर्तमान में यहां लगभग 350 परिवार निवास करते हैं। हाल ही में वन विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या बिना परामर्श के घर तोड़ने संबंधित नोटिस जारी कर दिया गया।

यह निर्णय न केवल हमारे लिए अत्यंत पीड़ा दायक है। बल्कि अमानवीय एवं और और असंवैधानिक दृष्टिकोण से भी अनुचित प्रतीत होता है। नोटिस की प्रक्रिया भी ऐसी रखी गई है, जिसमें दो और या चार मकानों को ही नोटिस दिया गया है।

जिसमें की एक मकान तोड़ भी दिया गया है। अतः बस्ती वासी आज उपायुक्त से ज्ञापन के माध्यम से यह निवेदन करने आए हैं कि उनकी इन मांगों पर ध्यान दिया जाए। उपायुक्त से निवेदन करते हैं किनोटिस की पुनः समीक्षा की जाए। एवं हमें अपनी बात रखने का अवसर दिया जाए। अगर किसी कारणवश विस्थापन आवश्यक हो तो पुनर्वास की समुचित एवं ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हमारी मांग है कि संयुक्त बैठक स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित कर इस समस्या का समाधान संवेदनशीलता से निकाला जाए।

वन विभाग द्वारा अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के बस्ती वासियों को नोटिस देना प्रारंभ कर दिया गया और समय भी मात्र एक हफ्ते का दिया गया इसमें की घर खाली करना आसंभव है। हम अपनी जान दे देंगे पर घर खाली नहीं करेंगे 40 वर्षों से हम इस जगह निवास कर रहे हैं। जहां बस्ती वासीऔर इनका परिवार बच्चे, माता-पिता निवास करते हैं।

## डिमना लेक की खूबसूरती निखरी





दो दिनों की लगातार बारिश के बाद डिमना लेक, जमशेदपुर के पार्श्व में दलमा पहाड़ और उसकी वादियों की हरियाली देखते ही बन रही है।

## मानगो चौक में मां कल्याणी सुजुकी शो रुम का उद्घाटन





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मां कल्याणी सुजुकी शोरूम के दूसरे शो रुम का उद्घाटन शुक्रवार को मानगो चौक बृजवासी मिष्ठान के बगल में सम्पन्न हुआ। शोरूम का उद्घाटन सुजुकी कंपनी के रीजनल मैनेजर अरिजीत बनर्जी, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पां डेय एवं प्रतिष्ठान के संस्थापक नकुल तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सुजुकी कंपनी के एरिया मैनेजर सेल्स सुदीप्तो चक्रवर्ती, एरिया मैनेजर सर्विस प्रसून बिश्वास, संजीव कुमार एवं अजय कुमार झा उपस्थित थें। सेवानिवृत डीएसपी कमल किशोर के द्वारा ग्राहकों को संयुक्त रूप से गाड़ियों की डिलीवरी दी गयी। इस समारोह में डीएसपी सीसीआर मनोज ठाकुर, डीएसपी सिटी सुनील चौधरी, डीएसपी ट्राफिक नीरज पाठक, आरक्षी निरीक्षक मनोज कुमार सहित कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, पूर्व विधायक अरविन्द सिंह, टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष आर बी बी सिंह, विकाश सिंह, ओम प्रकाश उपाध्याय, वेद प्रकाश उपाध्याय, हरेंद्र मिश्रा, दुर्गा शर्मा, अरविन्द पांडेय, दशरथ चौबे, नितिन त्रिवेदी, अप्पू तिवारी, अम्बुज पांडेय, रामशंकर पांडेय व अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। आज 10 गाड़ियों की डिलीवरी एवं 25 गाड़ियों की अग्रिम बुकिंग की गयी।

## चांडिल डैम में 180 मीटर से नीचे जल भंडारण को लेकर सीएम व मंत्री से मिली विधायक सविता महतो

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**चांडिल।** ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो शुक्रवार को चांडिल डैम में 180 मीटर से नीचे जल भंडारण को लेकर रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व जल संसाधन मंत्री हफीजुल हुसैन से मिले। इस दौरान विधायक नें मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा जिसमें उन्होंने कहा चांडिल बांध निर्माण से विस्थापित हुए कुल 116 गांव को पुनर्वास सुविधा तथा जल भंडारण की क्षमता 180 मीटर से नीचे रखने व बांध के जल भंडारण की क्षमता आरएल मीटर कि बाध्यता को समाप्त कर आवंटन उपलब्ध कराने का मांग किया है। ईचागढ़ विधानसभा अंतर्गत चांडिल बांध निर्माण से कुल 116 गांव संपूर्ण विस्थापित हुए परंतु आज तीन



दशकों से ज्यादा समय अवधि के बाद भी बांध निर्माण से विस्थापित हुए कुल 116 गांव के लोगों को संपूर्ण पुनर्वास की देय सुविधा नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा है कि मैंने कई बार सदन के माध्यम से तथा सरकार के स्तर से भी विस्थापितों की समस्या की निराकरण का प्रयास किया परंतु आजतक विस्थापितों को संपूर्ण पुनर्वास का लाभ नहीं मिल सका। सीएम ने विधायक की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

## मानसून टेज्ड फेयर का उद्घाटन आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 75वें प्लेटिनम जुबिली के अंतर्गत आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के श्रृंखता के अंतर्गत महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये बहुप्रतीक्षित मानसून टेज्ड फेयर की तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुये चैम्बर के उपाध्यक्ष टेज्ड एंड कॉमर्स अनिल मोदी ने बताया कि चैम्बर सदैव उद्योग एवं व्यापार को प्रोत्साहित करने हेतु कृत संकल्प रहा है। यही कारण है कि चैम्बर की पहुंच शहर की बड़ी कंपनियों से लेकर घर में बैठकर अपना व्यवसाय चला रही महिलाओं तक है। ऐसी महिलायें जिनके



हाथों में हुनर है एवं व्यापार हेतु विजन है परंतु उन्हें उचित मंच की तलाश है। ऐसी सभी महिलाओं को व्यापक बाजार, मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य चैम्बर द्वारा आगामी 21 एवं 22 जून को चैम्बर भवन के सभागारों में मानसून टेज्ड फेयर का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में तकरीबन 50 महिला एवं पुरूष उद्यमी अपनी सहभागिता निभाकर अपने व्यवसाय को नई दिशा देने का काम करेंगे।

## 32 वर्षों बाद हरिश्चन्द्र विद्या मंदिर, काण्ड्रा की कमान फिर वार्ष्णेय परिवार के हाथों

### स्कूल का गौरव वापस लाने का संकल्प

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**कांड्रा।** समय ने करवट बदला और हरिश्चन्द्र विद्या मंदिर स्कूल, काण्ड्रा में स्कूल के संस्थापक वार्ष्णेय परिवार ने पूरे 32 वर्षों बाद विद्यालय प्रबंधन की बागडोर थामी। विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्था राजकुमार वार्ष्णेय के दिशा निर्देश में एक समिति अथवा अलग अलग संभाग के उप-समितियों के माध्यम से होने के संकेत मिले हैं। आज सुबह श्री वार्ष्णेय ने विद्यालय परिसर में



राजकुमार वार्ष्णेय के साथ विद्यालय परिवार के लोग।

काण्ड्रा वासियों के समक्ष पूरी दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ कहा कि स्कूल अपनी खोयी हुई प्रतिष्ठा और गौरवशाली को पुनः हासिल करेगा। मालूम हो कि वर्ष 1945 में काण्ड्रा ग्लास फैक्ट्री के जनक हरिश्चन्द्र वार्ष्णेय ने विद्यालय की नींव रखी थी। वर्ष 1993 में ग्लास फैक्ट्री बंद होने के बाद वार्ष्णेय परिवार कोलकाता चले गए थे।

वर्ष 2024 तक विद्यालय मात्र सरकारी अनुदान और बच्चों की फीस पर चलते रहा। उस बीच वार्ष्णेय परिवार ने स्कूल की दशा सुधारने के लिए कई विकल्पों पर मंथन किया, जो फलीभूत नहीं हो पाया। इसी वर्ष जनवरी माह में आदित्यपुर के एक जमीन जालसाज ने फर्जी कागजात के सहारे स्कूल हड़पने की साजिश रची और दखल जमा लिया था। तब काण्ड्रा वासियों की मार्मिक अपील पर वार्ष्णेय परिवार ने सीधा हस्तक्षेप किया और साजिश कर्ता का भंडाफोड़ करते हुए स्वयं स्कूल की बागडोर थामी।

जालसाज कब्जाधारी ने पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के दौरान विद्यालय परिसर के कई पुराने और कीमती पेड़ों को काटकर गायब करा दिया था, उसका जबाब आज पहले ही दिन परिसर में वार्ष्णेय ने पौधारोपण के साथ दिया। उनके साथ काण्ड्रा वासियों ने भी पौधारोपण किया। अपने सम्बोधन में राजकुमार वार्ष्णेय ने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है। काण्ड्रा परिवार के सदस्यों के सहयोग और समर्थन का पूरे वार्ष्णेय परिवार की ओर से धन्यवाद। अब स्कूल की खोई हुई ख्याति को वापस लाना है और उसे नई उंचाईयों तक ले जाना है। वार्ष्णेय के साथ झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुधीर महतो, कृष्णा बास्के, प्रकाश कुमार राजू, राम महतो, गोपाल महतो, मुखिया शंकरी सिंह, होनी सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में राहत कार्य तेज करने की जरूरत: दुबे



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल जमशेदपुर में जगह जगह वर्षात के कारण बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया। जिसमें सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष दुबे बागुननगर, बागुनहातु, भुईयाडीह, बारीडीह बस्ती का मुआयना करने पहुंचें। इस क्रम में जिलाध्यक्ष को बाढ़ग्रस्त से प्रभावित लोगों ने बताया कि पीने का पानी का अभाव है, इस विषय के समाधान हेतू जे एन ए सी के पदाधिकारी को फोन से सूचनार्थ दिया, जिस पर संज्ञान लेकर जे एन ए सी ने तुरंत पानी का टैंकर उपलब्ध कराया। बस्ती भ्रमण में देखा कि बाढ़ के कारण बहुत बड़े पैमाने पर गंदगी एकत्र हो गई है। जिसे साफ-सफाई करने तथा ब्लीचिंग पाऊडर छिड़काव करने के लिए भी विभागीय पदाधिकारी को कहा। जिस पर विभागीय पदाधिकारी ने अविलंब कदम उठाने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष सिदो-कान्हू मैदान पहुंचें जहां पर बस्तीवासियों ने ट्रांसफार्मर खराब होने की बात कही, जिलाध्यक्ष ने तत्काल ही विधुत विभाग के महाप्रबंधक को फोन पर ट्रांसफार्मर बनाने की बात रखा। जिस पर पदाधिकारी ने संज्ञान लेकर ठीक करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में बागबेड़ा मण्डल अध्यक्ष राजनारायण यादव, टाटानगर मण्डल अध्यक्ष मुन्ना मिश्र, घाघीडीह -करनडीह मण्डल अध्यक्ष रंजन सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष आशीष ठाकुर, भारतयात्री अमरजीत नाथ मिश्र, जिला महामंत्री अजय मंडल, संजय झा संत, कामेश्वर सिंह, राजेश कुमार दुबे, पंचायत अध्यक्ष के डी मुण्डा शामिल रहे।

### अर्पण के महा रक्तदान शिविर कल, तैयारियां पूर्ण



जमशेदपुर। अर्पण परिवार द्वारा 22 जून (रविवार) को आयोजित महा रक्तदान शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने हेतु शुक्रवार को जमशेदपुर ब्लड बैंक, धतकीडीह में परिवार के प्रमुख सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने इस संकल्प के साथ आगे बढ़ने का प्रण लिया कि यह शिविर न केवल रक्तदान के क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचेगा, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और पर्यावरण-संवर्धन के प्रति भी नई जागरूकता का संचार करेगा। इसी कड़ी में रक्तदान के साथ-साथ 5100 पौधों के वितरण का निर्णय भी लिया गया है। गर्मी के इस मौसम में ब्लड बैंक में रक्त की भारी कमी को देखते हुए इस बार अधिकतम रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है ताकि आपात स्थिति में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिल सके। इस अवसर पर अर्पण परिवार के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि अर्पण परिवार पूरे वर्ष, चौबीसों घंटे, तीन सौ पैंसठ दिन रक्त सेवा में समर्पित रहता है। यह निःस्वार्थ सेवा अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि 22 को सभी अपने सहयोगियों, मित्रों व परिवारजनों के साथ इस महायज्ञ में सहभागी बनें और इसे ऐतिहासिक सफल बनाएं। रक्तदान जीवन बचाने का सबसे पुण्य कार्य है और पौधारोपण आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे अनमोल धरोहर। यह अभियान मात्र आयोजन नहीं, बल्कि मानवता और प्रकृति के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। आइए, इसे ऐसा प्रेरक उदाहरण बनाएं, जिससे सेवा और समर्पण का एक नया अध्याय रचा जा सके।

### रेलवे जीएम से मिलकर रेल सुविधा में बढ़ोत्तरी की मांग



जमशेदपुर। जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने शुक्रवार को दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल मिश्रा से मिलकर रांची समेत झारखण्ड में रेल सुविधा बढ़ाने के लिए मांग पत्र सौंपा। सुझाव में मुख्यतः रांची आनंद विहार टर्मिनल का विस्तार जयपुर तक, तिरुनेलवेली पुरुलिया का विस्तार रांची तक, हटिया सांकी पैसेंजर का विस्तार हजारीबाग टाउन तक, हटिया दुर्ग स्पेशल का विस्तार इतवारी (नागपुर) तक करने के साथ रांची हावड़ा रांची वंदे भारत, हावड़ा राउरकेला वंदे भारत का ठहराव घाटशिला स्टेशन पर करने की मांग शामिल है। मुलाकात के क्रम में जोशी ने रांची, टाटा और हजारीबाग टाउन को जोड़नेवाली नमो भारत रैपिड रेल सेवा शुरू करने की भी मांग को प्रमुखता से रखा। कुछ अन्य मांग के क्रम में रांची नई दिल्ली एसी स्पेशल ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन, टाटानगर-धनबाद स्वर्णरेखा एक्सप्रेस की समय सारणी की समीक्षा करने की बात भी कही। वार्ता के क्रम में उन्होंने चक्रधरपुर डिवीजन में प्रायः सभी ट्रेनों के लगातार विलंब से चलने से यात्रियों को होनेवाली असुविधा पर ध्यान दिलाते हुए कार्रवाई का आग्रह किया। महाप्रबंधक अनिल मिश्रा ने यात्री हित में जोशी द्वारा दिए गए सभी सुझावों पर उपयुक्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मुलाकात के क्रम में रेल फैंस शशांक शेखर स्वाईं भी मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच सुरभि शाखा ने किया उन्नति मेला 29 से, पोस्टर का विमोचन



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच सुरभि शाखा द्वारा तुलसी भवन, बिस्टुपुर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उन्नति मेला के पोस्टर का शुक्रवार को विमोचन किया गया। मारवाड़ी युवा मंच सुरभि शाखा की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने बताया की तीन दिवसीय उन्नति मेला का भव्य आयोजन दिनांक 29 जून से 1 जुलाई तक बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्नति मेला महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने वाला एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि लोकल फॉर वोकल के तहत महिलाओं का हुनर भी इस मेले में देखने को मिलेगा। इस अवसर पर सुरभि साखा की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आगामी मेले की तैयारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष उषा चौधरी, कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल, संयोजिका खुशबू कांटिया, बिंदिया नरेडी, अनीता अग्रवाल, वर्षा चौधरी, रजनी बंसल ,स्वाति चौधरी, नीता अग्रवाल, मेघा जैन, श्रुति अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल आदि उपस्थित थी।

### बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में वर्चुअल लैब पर कार्यशाला आयोजित



जमशेदपुर। बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आईआईटी दिल्ली द्वारा आयोजित वर्चुअल लैब पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में प्राचार्य डॉ एसके रॉय, सभी विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर और छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला का शुभारंभ ईसीई विभाग की असिस्टेंट प्रो मौसमी महापात्रा ने स्वागत भाषण के साथ किया। इसके बाद, शनी कुमार ने वर्चुअल लैब की मूल बातों और इसके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। दूसरे सत्र में, जस्सी प्रसाद ने विभिन्न विषयों के लैब को वर्चुअल रूप से प्रदर्शित किया और इसके लाभों को समझाया। उन्होंने बताया कि वर्चुअल लैब के माध्यम से कहीं भी, कभी भी घर बैठे प्रयोग किए जा सकते हैं, जिससे व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि होती है। कार्यशाला के अंत में, एमई विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर मनोरमा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

## स्पीड न्यूज

### खबर का असर : अबुआ आवास के लाभुक देवती को मिली दूसरी किश्त की राशि

मोहम्मदगंज (अनूप)। प्रखंड क्षेत्र के राजनडीह टोला निवासी देवंती देवी अबुआ आवास के लाभुक दूसरी किश्त की राशि नहीं मिलने को लेकर बेघर हो चुकी थी। खबर मंत्र के 20 जून के अंक में अबुआ आवास बनाने के चक्कर में बारिश में रहने का साधन खोया शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित के बाद लाभ के खाते में दूसरी किश्त की राशि क्रेडिट कर दी गई।

### शारदा सुमन गिरी सहायिका चयनित



पाटन पलामू। प्रखंड के ग्राम बिशुनपुरा आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद पर शारदा सुमन गिरी को चयनित किया गया। पाटन बीडीओ सह सीडीपीओ अमित कुमार झा ने चयनित सहायिका शारदा सुमन गिरी को प्रमाण पत्र दिया। सहायिका पद के लिए दो आवेदन दिया गया था जिसमें शारदा सुमन गिरी सबसे योग्य उम्मीदवार पाई गई। मौके पर कल्याण पदाधिकारी अजीत मिश्रा, महिला पर्यवेक्षिका सरस्वती देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड प्रमुख ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, बीज वितरण पर की चर्चा



पाटन पलामू। प्रखंड सभागार में बीज वितरण को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता पाटन प्रमुख शोभा ने की। बैठक में उप प्रमुख अमरेश वर्मा, मुखिया सुमन गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि इंदल महतो, जयशंकर प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य संतोष उपाध्याय, धर्मेंद्र दुबे, मुस्तकीम अंसारी, रामविहारी महतो, रेखा देवी, पुनम देवी, शक्ति शंकर गुप्ता, बीटीम प्रकाश रंजन, कृषि पदाधिकारी राजेश पाठक, भीएलडब्लु आलोक पाण्डेय, मनोज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में बीज वितरण को लेकर क्लस्टर का चयन किया गया। सभी क्लस्टर में एक बराबर बीज देने का निर्णय लिया गया। बीटीम ने बताया कि चयनित सभी क्लस्टर में मक्का, बादाम मड़ुआ, रहर, उरद, तील के बीज का वितरण किया जायेगा। पाटन प्रमुख शोभा देवी ने बीज वितरण में पारदर्शिता के साथ वितरण करने को कहा। बीज सभी किसानों को मिले इसका ख्याल रखना होगा।

### मनिका में गलत सर्वे होने के कारण आम सभा स्थगित

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के मनिका ग्राम में सेविका चयन को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया था। जो सर्वे गलत होने के कारण कैंसिल कर दिया गया। मनिका ग्राम में सेविका चयन को लेकर शुक्रवार को आम सभा बुलाई गई थी, लेकिन चयन प्रक्रिया से पहले ही लोगों ने सर्वे को गलत बताते हुये आम सभा कैंसिल कर पुन: आम सभा करके सेवीका चयन करने की मांग की। मालूम हो कि पहले से जेनरल आंगन बाड़ी केन्द्र था लेकिन बाद में सर्वे कर ओबीसी कर दिया गया था जिस पर सवाल खड़ा करते हुए पंचायत समिति सदस्य संतोष पाण्डेय ने किये गये सर्वे प्रस्तुत करने की मांग की। सर्वे में 771 संख्या दिखाया गया जबकि टोटल जातियों को मिलाकर 429 ही संख्या पाया गया। जिसके बाद गलत सर्वे होने के कारण आम सभा कैंसिल कर दिया गया तथा पुन: सर्वे कर सेवीका का चुनाव करने के लिए कहा गया। आम सभा में किशुनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य संतोष उपाध्याय, महिला पर्यवेक्षिका मधु कुमारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने ग्रामीणों को किया आगाह



मेदिनीनगर। चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने वरीय अधिकारी के निर्देश पर अपने क्षेत्र में नदी में जलस्तर बढ़ते देख अपने पुलिस टीम को ग्रामीण इलाकों में भ्रमण करने भेजे पुलिस वैन में लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीणों को सचेत किया। प्रभारी ने कहा कि नदी से दूर रहें बहते पानी में लकड़ी नहीं निकाले नदी या डेम किनारे सेल्फी या वीडियो नहीं बनाएं किसी भी अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। किसी भी जोखिम भरे गतिविधियां नहीं करे किसी भी आपातकालीन स्थिति में हमे सूचित करें। ताकि तत्काल पहल कर कार्रवाई की जा सके।

### चैनपुर के वर्तमान प्रमुख के कार्यशैली से नाराज पंसस ने प्रमुख का गिराया सरकार



चैनपुर(पलामू)। प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर शुक्रवार को मतदान हुआ। प्रखंड सभागार में एसडीओ सह आरओ सुलोचना मीना की देखरेख में हुए मतदान में प्रमुख के पक्ष में शून्य मत व विरोध में 33 मत पड़े। एसडीओ सह आरओ ने बताया कि इसकी सूचना राज्य चुनाव आयोग को भेजा जायेगी। तिथि निर्धारित होने के बाद प्रमुख पद के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। जानकारी के अनुसार चैनपुर प्रखंड में 31 पंचायत समिति सदस्य हैं। इसके अलावा पांच मुखिया, एक विधायक व एक सांसद सदस्य हैं। मतदान में सांसद व विधायक अनुपस्थित रहे। जबकि 28 पंचायत समिति सदस्य, 5 मुखिया मतदान में शामिल हुए। पंसस ने प्रमुख पर कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के आरोप में अविश्वास प्रस्ताव लाया था।

### जल स्रोत स्थल की ओर कुच नहीं करें लोग : मोहम्मदगंज थाना प्रभारी



मोहम्मदगंज। लगातार बारिश से कोयल नदी उफान पर है, आहर पोखर, तालाब व डैम लबालब हो चुके है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार आगले तीन दिन और बारिश के संकेत है। इसी कारण पलामू को एलर्ट पर रखा गया है। क्षेत्र में लगातार डूबने की खबर सुर्खियों में है। इसे लेकर मोहम्मदगंज थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने जलस्रोतों के समीप ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से अनावश्यक रूप से जल स्रोत की ओर लोगों से नहीं जाने की अपील की है। अभिभावक अपने मासूम बच्चे और युवा वर्ग के लोगों पर निगरानी रखे ताकि सुरक्षित रहें।

### ट्रक में मिली लाश मामले में दमदमी स्टोन डिपो, जपला पर लगा हत्या का आरोप

हुसैनाबाद पलामू। बीते एक सप्ताह से दमदमी स्टोन एंड मोरम डिपो, जपला से गिट्टी लोडिंग के लिए गया एक ट्रक चालक रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था। दो दिन बाद उसका शव ट्रक के गिट्टी के नीचे दबा हुआ बिहार के दिघवारा के एक अनलोडिंग पॉइंट पर मिला। मृतक के शव से सनसनी फैल गई। इधर परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या करार देते हुए डिपो कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक की पहचान अनिल कुमार, पिता कुंवर कल्याण गिरी, निवासी शंकरपुर, थाना हसपुरा, जिला औरंगाबाद का निवासी बताया गया है। मृतक के भाई मुकेश गिरी ने पोस्टमार्टम हाउस, छपरा में दिघवारा थाना पुलिस के समक्ष अपना फर्दबयान दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि उनका भाई ट्रक संख्या-बीआर26 जीसी-1939 लेकर 8 जून को 11 बजे दमदमी स्टोन डिपो, जपला से गिट्टी लोड कराने गया था और तभी से लापता था। इसी दिन ट्रक के खलासी रजनीश द्वारा हुसैनाबाद थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गत 10 जून को सुबह 8:00 बजे सूचना मिली कि दिघवारा थाना क्षेत्र के एसपीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अनलोडिंग प्वाइंट पर जब उक्त ट्रक से गिट्टी खाली की जा रही थी, तभी उसमें दबा हुआ अनिल कुमार का शव बरामद हुआ।

### डीसी ने जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा

## पेयजल समस्या का त्वरित निदान करें : समीरा एस



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। समाहरणालय सभागार में डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को जल जीवन एवं स्वच्छ भारत मिशन समेत विभिन्न स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की जिले स्तर पर शुरुआत की गयी। डीसी ने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति योजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए साथ ही पेयजल समस्या का त्वरित निराकरण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। डीसी ने पूर्व में किये गये कार्यों के अलावा वर्तमान में चल रहे सभी कार्यों की वस्तुस्थिति से अवगत हुईं। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल आपूर्ति का प्रमाण पत्र जेजेएम के आईएमएस पर अपलोड करने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। बैठक में डीसी ने जल जीवन मिशन के तहत सभी गांवों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर पेयजल की संचालित योजनाओं में आ रही समस्याओं की जांच कर उचित सामाधान करने को कहा। इसके अलावे डीसी ने ओडीएफ प्लस गांव का सत्यापन नहीं करने को लेकर छत्तरपुर, लेस्लीगंज, मेदिनीनगर, नौडीहा बाजार, नवाबाजार, पाटन, रामगढ़, तरहसी एवं उंटारी रोड के प्रखंड समन्वयक को कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जिला समन्वयक को भी चेतावनी देते हुए कार्य में सुधार लाने की बात कही गयी। बैठक में सहायक समाहर्ता, पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी, डीइओ, बीडीओ, जिला समन्वयक, कनीय अभियंता व सहायक अभियंता समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना पहली प्राथमिकता : जावेद हुसैन

### जावेद हुसैन ने 55वें डीडीसी के रूप में दिया योगदान



नये डीडीसी को गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत करते निवर्तमान डीडीसी शब्बीर अहमद।

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जावेद हुसैन ने जिले के 55वें डीडीसी के रूप में शुक्रवार को योगदान दिया। वहीं निवर्तमान डीडीसी शब्बीर अहमद समेत कर्मियों ने पुष्पगुच्छ देकर नये डीडीसी का स्वागत किया। मौके पर नये डीडीसी जावेद हुसैन ने डीआरडीए व विकास शाखा के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण करने के बाद हुसैन ने कहा कि निवर्तमान डीडीसी के अधूरे कार्य को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। पदाधिकारियों व कर्मियों के समन्वय से कार्य को गति प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारने व समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को प्राप्त कर कार्य पूर्ण कराया जायेगा। उन्होंने कर्मियों से कहा कि वे सरकार के लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी कार्य करने में कोई कठिनाई हो तो बतायें उसका निदान किया जायेगा। मौके पर डीआरडीए के कई कर्मी शामिल थे।

## डीडीसी ने जेएसएलपीएस के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। डीडीसी जावेद हुसैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में पलाश जेएसएलपीएस के सभी कर्मियों संग समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उन्होंने प्राप्त लक्ष्य के मुताबिक नये सखी मंडल का गठन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी एसएचजी सदस्यों को सक्रिय भागीदारी के साथ लोन लेकर अपना आजीविका शुरू करने पर बल दिया। समीक्षा में पाया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में बैंक लिंकेज अभी तक मात्र 88 हुआ है जिसे अगले एक माह में 250 करने का लक्ष्य दिया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना को सभी सखी मंडल के सदस्यों एक माह में प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया साथ ही डेथ क्लेम को जल्द सेटल करवाने की दिशा में कार्य करने की बात कही गयी। बैठक में उन्होंने नन फॉर्म गतिविधि के विषय में जानकारी ली। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना फूलों झानो आशीर्वाद अभियान अंतर्गत जुलाई तक 50 लाभुकों को इस योजना का लाभ दिलवाने का निर्देश दिये। डीडीयूजीकेवाई कार्यक्रम अंतर्गत कितने प्रतिभागियों को रोजगार मिला है से संबंधित विस्तृत जानकारी ली। इस बैठक में सहायक समाहर्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता सीकेरकेट्टा, जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक और सभी प्रखंड परियोजना पदाधिकारी मौजूद थे।

## मलय डैम को विश्व स्तरीय टूरिज्म के रूप में विकसित करने की जरूरत : सांसद बीडी राम

### पर्यटन विकास से स्थानीय स्तर पर होगा रोजगार सृजन : समीरा एस



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक हुई। डीसी ने पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण तथा संचालित योजनाओं से संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी ली। बैठक में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि सतबरवा का मलय डैम एक्टिव टूरिस्ट स्पॉट बनने की ओर अग्रसर है, ऐसे में यहां सुविधाओं में बढ़ोतरी कर मलय डैम को विश्व स्तरीय टूरिज्म के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। इसके अलावे जिले में रिलीजिस टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी टूरिज्म को भी विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटकीय सुविधाओं को बढ़ाने के लिये राज्य सरकार के समन्वय से केंद्र सरकार से भी फंड की मांग की जा सकती है। वहीं उन्होंने छत्तरपुर के देवगन में 40 एकड़ भूमि उपलब्ध होने की बात कही, जहां ट्रॉमा सेंटर या कोई पर्यटकीय स्थल कभी निर्माण कराया जा सकता है। डीसी को बताया गया कि केचकी संगम, भीम चूल्हा एवं आईबी गेस्ट हाउस का डीपीआर पूर्ण कर लिया गया है। अब जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इसी तरह नगर आयुक्त आवास के पीछे बजट होटल का भी निर्माण जल्द ही शुरू किया जायेगा जिससे पर्यटकों को आगामी दिनों में काफी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। वहीं प्रमंडल स्तरीय पर्यटकीय ईको सर्किट और रिलीजियस सर्किट बनाने को दिशा में भी चर्चा की गयी। इसके अलावे केचकी संगम का वैसा हिस्सा जो पलामू जिले में पड़ता है उन स्थानों पर ट्री हॉउस व वॉकपाथ बनाया जायेगा। इसके अलावे मलय डैम पर पर्यटन मित्र रखने पर भी चर्चा किया गया। बैठक में चैनपुर के रानीताल डैम, मेदिनीनगर के कचरवा डैम एवं भीम बराज में बोटिंग प्रारंभ करने पर चर्चा की गयी। बैठक में डीडीसी जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम, जिला पर्यटन पदाधिकारी, सुशील द्विवेदी चतरा सांसद व हुसैनाबाद विधायक के प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थे।

## महाबीर मोड़ के पास डायवर्सन बहने से आवागमन बाधित, बच्चों की पढ़ाई बाधित



अवध किशोर राय राजू

नीलांबर पीतांबरपुर। महावीर मोड़ से हरतुआ तक बन रही सड़क निर्माण कार्य में महावीर मोड़ स्थित पुल निर्माण कार्य में विभाग के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। महावीर मोड़ से जाने वाली दर्जनों गांव के ग्रामीण को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि महावीर मोड़ से हरतुआ तक नई सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें एक पुल बनाया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान वैकल्पिक मार्ग बनाया गया था, लेकिन उसे मजबूती से नहीं बनाया गया। बारिश के चलते पानी डायवर्जन पर पानी भर गया और बहाव तेज होने से पूरा डायवर्सनन बह गया। अब ग्रामीणों को गांव से बाहर जाने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों, मरीजों और रोजाना काम पर जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निर्माण एजेंसी ने सावधानी नहीं बरती और बारिश से पहले डायवर्जन को मजबूत नहीं किया गया।

## विश्रामपुर : निर्माण कंपनी की लापरवाही से सड़क कीचड़ में तब्दील, पैदल चलना भी दूभर



महेंद्र प्रजापति

विश्रामपुर (पलामू)। शंखा से लगमा तक एन एच 75 का विस्तारीकरण का कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण का ठेका शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है। कंपनी द्वारा सड़क निर्माण कार्य काफी धीमी गति से कराया जा रहा है। शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा पुरानी सड़क को तुड़वाकर उस पर मेटल-मोरम भरवाया गया जिस कारण पहली बारिश होते ही निमार्णाधीन सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया जिसके चलते सड़क पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गये हैं। गढ्ढों में जल जमाव हो गया है जिसमे प्रतिदिन गाड़ियां फंस रही है और जाम लग जा रहा है। इसके अलावा कंपनी द्वारा नव निर्माण के लिये पुराने पुल पुलिया को तोड़ दिया गया है। गाड़ियों के आवाजाही के लिये कच्चा डायवर्सन बनवाया गया। लगातार हो रहे वर्षा से डायवर्सन धंस रहा है। इस कारण भी गाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ है। स्थानीय लोगों ने डीसी से इस मामले में संज्ञान लेने का आग्रह करते हुये कंपनी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### नदी जलस्तर में वृद्धि को लेकर पुलिस ने माइकिंग के माध्यम से किया अलर्ट



मेदिनीनगर। लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानत नदी समेत जिले के कई नदियों में जलस्तर में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पांकी पुलिस द्वारा माइकिंग के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को सतर्क किया गया। नदी किनारे जाने से बचने एवं सतर्कता पूर्वक आवागमन सुनिश्चित करने की अपील की गई है। इसी तरह, मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोन नदी, कोयल नदी तथा मेदिनीनगर, सदर थाना के आसपास के क्षेत्रों में भी नदी उफान पर है। एसपी रीष्मा रमेसन ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों के पुलिस पदाधिकारियों व थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। एसपी ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी अपने क्षेत्र में नदी के किनारे रहनेवाले व वहां जानेवाले लोगों को बाढ़ को देखते हुए वहां से हटायें। उन्होंने जिलेवासियों को बारिश को देखते हुए नदी किनारे नहीं जाने की अपील की है। ताकि लोग सुरक्षित रह सकें।

### कोयल नदी के जल स्तर में आई कमी



मोहम्मदगंज। लगातार बारिश से कोयल नदी के जल स्तर में आई उफान में शुकवार से कमी आनी शुरू हो गई है। विभागीय जानकारी के अनुसार गुरुवार को कोयल नदी उफान पर थी। भीम बराज गेट के कुल 40 गेट में 32 गेट के माध्यम से कुल 2.10 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। गुरुवार को शाम के बाद से जल स्तर में कमी आने के कारण शुक्रवार को 1.19 लाख क्यूसेक पानी का बहाव 25 गेट के माध्यम से जारी है। सिंचाई विभाग बराज डिविजन के कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि स्थिति पर नियंत्रण को लेकर विशेष चौकसी के तहत नियंत्रण कक्ष से चार चार मौसमी स्टाफ समेत विभाग के अन्य कर्मी ड्यूटी को लेकर चौकस है।

### कोयल नदी में डूबने से विकलांग ओम प्रकाश की मौत

मोहम्मदगंज। थाना क्षेत्र के भजनिया गांव निवासी ओम प्रकाश चंद्रवंशी डाबला 40 की मौत शुक्रवार को कोयल नदी में डूबने से हो गई। बताया जाता है कि नदी में शौच के दौरान पैर फिसलने से वह जा गिरा, एक हाथ से विकलांग होने के कारण वह निकल पाने में विफल रहा और उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मोहम्मदगंज थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

### बारिश ने छीना कुड़वा के राजमुनी का आशियाना



पाटन पलामू। प्रखंड में तीन दिनों से लगातार मुसलाधार बारिश से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। वहीं भारी बारिश के कारण कई कच्चे मकान गिरकर ध्वस्त हो गये। भुक्तभोगी ने बताया कि भारी वारिस से घर में पानी घुस गया तथा कच्चे दिवाल होने के कारण घर ध्वस्त हो गया। अब रहने के लिए मुसीबत खड़ा हो गया है। बारिश ने राजमुनी का आशियान छिन लिया। कुंडवा ग्राम के राजमुनी भुईयां ने बताया कि हमलोग लंबा परिवार होते हैं। बारिश में घर गिरने से अब रहने के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। बारिश से कई जगहों पर पेंड़ गिर गये। पाटन डालटनगंज मुख्य पथ पर पेंड़ गिर जाने से यातायात अवरूद्ध हो गया था।

## परता कोटी गांव में पीसीसी सड़कों व नालियों का शिलान्यास



नरेंद्र प्रसाद गुप्ता

हैदरनगर (पलामू)। हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत परता पंचायत के परता कोठी गांव में शुक्रवार को विकास कार्यों की एक नई शुरूआत हुई। पंचायत में 15वें वित्त आयोग की राशि से बनने वाली तीन पीसीसी सड़कों और पक्की नालियों का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, पंचायत मुखिया कमल कुमार पासवान, पंसस गुप्तेश्वर पांडेय, स्थानीय जनप्रतिनिधि और कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रस्तावित पीसीसी सड़क राज मुनि चौधरी के घर से शुरू होकर परसन पासवान के घर तक बनाई जाएगी। यह सड़क ग्रामीणों के आवागमन को सरल, सुरक्षित व सुविधाजनक बनाएगी। गुप्तेश्वर पांडेय ने बताया कि पीसीसी सड़क का निर्माण ग्रामीणों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगा। आने वाले समय में पंचायत के प्रत्येक गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए पक्की सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। बीडीओ विश्व प्रताप सिंह ने कहा कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। नालियों का निर्माण भी सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे गांव में जलनिकासी की व्यवस्था बेहतर हो सके।

### गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज में नामांकन प्रारंभ



छतरपुर पलामू। गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज सड़मा छतरपुर में दसवीं पास छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-27 के लिए इंटरमीडिएट में नामांकन प्रारंभ हो चूका है। कॉलेज के प्राचार्य स्वस्ति कुमारी ने बताया कि क्षेत्र के दसवीं उत्तीर्ण बच्चों के लिए उच्च शिक्षा में उज्वल भविष्य के लिए इंटरमीडिएट के तीनों संकायम विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में नामांकन प्रारंभ हो चुका है। छात्र-छात्राएं कॉलेज में आकर सीधा नामांकन ले सकते हैं। साथ ही गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज में व्यावसायिक शिक्षा मे भी नामांकन प्रारंभ है। झारखंड राज्य विवि रांची झारखंड से मान्यता प्राप्त विभिन्न कोर्सेज में नामांकन लेकर ऑनलाइन क्लास कर सकते हैं। व्यावसायिक शिक्षा मे 6 महीना, 12 महीना एवं 18 महीना तक की अवधि में अपने कोर्स पूरा कर सकते हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार पा सकते है।

### ग्रौसरी के लिए दूसरे स्थानों पर अब नहीं जाना पड़ेगा : विजय तिवारी

## रेड़मा ठाकुरबाड़ी कॉम्प्लेक्स में जी फेस ग्रासरी मार्ट का उदघाटन

### सस्ते दाम पर मिलेगी घरेलू उपयोग की सामग्री: दीपक तिवारी



जी फेस ग्रासरी मार्ट का उदघाटन करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। रांची रोड रेडमा के ठाकुरबाड़ी काम्प्लेक्स में जी फेस ग्रोसरी मार्ट का शुभारंभ किया गया। ठाकुरबाड़ी विकास समिति के अध्यक्ष विजय तिवारी, रेड़मा यज्ञ समिति के अध्यक्ष दिलीप तिवारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक तिवारी, पूर्व मुखिया प्रमोद यादव सहित अन्य स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर जी फेस ग्रोसरी मार्ट का विधिवत उदघाटन किया। साथ ही वहां रखें सामग्री का अवलोकन किया। वहीं घरेलू उपयोग के सामग्री की खरीदारी की। मौके पर विजय तिवारी ने कहा कि शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों को अब ठाकुरबाड़ी काम्प्लेक्स में ही घरेलू उपयोग की सामग्री मिलेगी। ग्रासरी व क्राकरी के लिए दूसरे जगहों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यहां हर सामग्री आसानी से मिलेगी। झामूमो नेता दीपक तिवारी ने कहा कि जी फेस ग्रॉसरी मार्ट से ग्राहकों को सस्ते कीमत पर ग्रॉसरी की सामग्री मिलेगी। ग्रासरी की सामग्री के लिए ग्राहक ठाकुरबाड़ी काम्प्लेक्स में पधारें और सामग्री खरीदकर समय और पैसे की बचत करें। जी फेस ग्रोसरी मार्ट के प्रोपराइटर सुशील तिवारी ने कहा कि उनका मकसद शहरी और ग्रामीण लोगों को बढ़ियां सामान उपलब्ध कराना है। मार्ट में ग्रोसरी एवं क्रोकरी ग्लास आदि घरेलू उपयोग की सभी सामग्री सभी रेंज में उपलब्ध है। ऑफर के बारे में बताते हुए कहा कि यहां कई सामग्रियों में ऑफर दी जा रही है। इस ऑफर्स का लाभ उठाकर ग्राहक ज्यादा सामान की खरीदारी कर सकते हैं। मौके पर बंटू तिवारी, राकेश तिवारी, अजय तिवारी, विकास तिवारी, मुनि तिवारी, मुखिया प्रमोद यादव, इसरार खान व अन्य लोग उपस्थित थे।

## पाटन : बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त





मनीष दुबे

पाटन पलामू। प्रखंड में भारी बारिश से लोगों का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लगातार बारिश से कुड़वा ग्राम के राजमुनी भुईयां, जगेश्वर मोची, बमभोली मोची, राजु भुईयां, अभय गुप्ता, विरेन्द्र प्रसाद, बबलु गुप्ता सहित दर्जनों लोगों के घर में पानी भर गया जिसके कारण भारी दिक्कत हो गयी। वहीं लोगों में अफरा तफरी मच गई है। लोगों ने इसकी सूचना

### कई लोगों के घर में घुसा पानी

पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव को दी। सीओ एवं जिप सदस्य संग्राम सिंह ने वहां जाकर स्थिति से अवगत हुए। कुंड़वा ग्राम के ग्रामीणों ने पाटन सीओ को बताया कि कई वर्षो से पानी का निकास नाला के द्वारा होता था लेकिन नाला से सटे हुए जमीन पर शमीम खलीफा एवं राजकुमार साव के द्वारा बाउंड्री दे दिया गया है जिसके कारण सारा बरसात का पानी अवरूद्ध हो गया तथा सभी के घरों में पानी भर गया। ग्रामीणों ने इसकी जांच कर पानी निकासी करने की मांग की है जिस पर पाटन सीओ ने कहा कि जांच किया जायेगा अगर नाला के जमीन को अतिक्रमण किया गया होगा तो बाउंड्री तोड़ दिया जायेगा। पाटन सीओ ने बताया कि भारी वारिश के कारण पानी अवरूद्ध हो जाने से कुछ लोगों के घर में पानी भर गया था, लेकिन कोई क्षति नहीं हुआ है जांच कर हल निकाला जायेगा।

### जमीन मामले में घूस की वापसी मांगने पर

# सीओ ने रैयतों को सड़क पर दौड़ाया, थाने में शिकायत दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** अंचल कार्यालय परिसर शुक्रवार की देर शाम एक अभूतपूर्व घटनाक्रम का गवाह बना, जब जमीन संबंधी मामले में अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार पर आरोप लगाने वाले दो रैयतों को उन्होंने मुख्य सड़क पर दौड़ा दिया। घटना से कार्यालय परिसर और मुख्य सड़क पर अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार नरविद कुमार और श्याम बिहारी साव नामक दो रैयतों ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने सीओ को जमीन विवाद के निपटारे के लिए 50-50 हजार रुपये दिए थे, लेकिन कार्य नहीं होने पर जब उन्होंने पैसा वापसी की मांग की, तो सीओ नाराज हो गए। रैयतों के अनुसार सीओ ने उन्हें नजारत कक्ष में बुलाकर मोबाइल जमा करवा लिया और दरवाजा बंद कर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। बाद में दोनों किसी तरह भाग निकले, तो सीओ ने उन्हें सड़क पर दौड़ाया। घटना को स्थानीय लोगों और कार्यालय कर्मियों ने भी देखा। दोनों रैयतों ने मझिआंव थाना में इस पूरे मामले को लेकर लिखित शिकायत दी है। वहीं सीओ प्रमोद कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।


रैयतों को सड़क पर दौड़ाते सीओ

## बिच्छू के डंक से ढाई माह के मासूम की दर्दनाक मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के करवा पहाड़ गांव में एक दर्दनाक हादसे में ढाई माह के मासूम अमित कुमार की जान चली गई। गिरवर भुईयां के पुत्र को टोपी पहनाते वक्त उसमें छिपे बिच्छू ने कई बार डंक मार दिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसे नगर ऊंटरी अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। मगर एम्बुलेंस खराब होने की बात कहकर अस्पताल प्रशासन ने मदद नहीं की, जिसके चलते परिजनों को निजी वाहन से बच्चे को ले जाना पड़ा। नगर ऊंटरी अस्पताल में इलाज के दौरान ही मासूम की मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### स्वच्छ भारत मिशन व जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

# डीसी ने कार्य में धीमी गति पर जताई नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को डीसी सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह ने अब तक की उपलब्धियों एवं क्रियान्वयन की स्थिति प्रस्तुत की। वहीं स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 की सफलता को लेकर विशेष रणनीति एवं जन-जागरूकता अभियानों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर उपायुक्त श्री यादव ने निर्देश दिया कि विभागीय समन्वय के साथ ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पेयजलापूर्ति एवं स्वच्छता योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। कार्य में हो रही देरी पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और संबंधित अभियंताओं को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जिले की रैंकिंग बेहतर करने के लिए सभी अधिकारी मिशन मोड में कार्य करें। बैठक में हर घर नल से जल, एकल एवं बहु-ग्रामीण पाइपलाइन परियोजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई। डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने ग्राम स्तर पर 15वें वित्त एवं मनरेगा कन्वर्जेंस से संरचनाओं के निर्माण में तेजी लाने की बात कही।


बैठक करते डीसी


## कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में खाद्य–अखाद्य सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक .............28.06.2025..... के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपना निविदा कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक .........................28.06.2025............ ............... के अपराह्न 12.30 बजे कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा (ITDA) के सभा कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्तें लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा।

PR.NO.355605 Lohardaga(25-26):D


## स्पीड न्यूज


### बिजली तार की चपेट में आने से महिला की मौत


विलाप करते परिजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चटनियां के टोला सुगवा दामर निवासी घुरुल पाल के 50 वर्षीय चंपा देवी की शुक्रवार सुबह लगभग 6 बजे बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, चंपा देवी अपने मवेशी को भूसा देने के लिए गई थी। घर के पास लगे पोल में एक एलटी तार गिरकर पोल के साथ सट गया था। इसी दौरान वह अचानक विद्युत तार की चपेट में आ गईं और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कांडी पुलिस तुरंत दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर


अपर समाहर्ता राज महेश्वरम

**गढ़वा।** जिले में गर्मी व बरसात के मौसम को देखते हुए संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सतर्कता बरती जा रही है। आम जनों की जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने जानकारी देते हुए बताया कि अतिवृष्टि, आग लगने की घटनाएं, जलाशयों में डूबना, घर गिरना या अन्य किसी भी आपदा की स्थिति में नागरिक हेल्पलाइन नंबर 112 या 6201261084 पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूर्ण रूप से सजग एवं प्रतिबद्ध है और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु तैयार है। आम जनता से अपील की गई है कि किसी भी आपदा की स्थिति में घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत सूचना दें, ताकि समय पर राहत पहुंचाई जा सके।

# सहिजना में लगा विधिक जागरूकता शिविर

### पीड़ित परिवारों को योजनाओं का मिलेगा लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड उच्च न्यायालय (झालसा) रांची के निदेर्शानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में शुक्रवार को सहिजना मुहल्ले में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पीएलवी टीम के तीन सदस्य अरविंद कुमार तिवारी, रमाशंकर चौबे एवं संगीता सिन्हा ने भाग लिया। शिविर के दौरान संतोष कुमार भुईयां (उम्र 27 वर्ष) की आकस्मिक मृत्यु पर उसके शोकाकुल परिवार से मुलाकात की गई। जानकारी के अनुसार संतोष की मृत्यु 14 जून को भीषण गर्मी व इलाज के अभाव में हो गई थी। वह अपने पीछे डेढ़ साल का बच्चा, पत्नी शारदा कुमारी और वृद्ध मां को छोड़ गए। पीएलवी टीम को पता चला कि मृतक के परिवार को न तो राशन मिल रहा है, न ही वृद्धा या विधवा पेंशन जैसी कोई सरकारी सुविधा। टीम ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे उन्हें सभी सरकारी योजनाओं से जोड़ने में मदद करेंगे। शिविर में यह भी उजागर हुआ कि मुहल्ले के लगभग 20 बच्चों एवं उनके माता-पिता के पास आधार कार्ड नहीं है, जिससे वे राशन कार्ड, पेंशन व आवास जैसी योजनाओं से वंचित हैं। पीएलवी रमाशंकर चौबे ने मौजूद लोगों को आधार, पेंशन, आवास व आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं अरविंद तिवारी ने निःशुल्क कानूनी सहायता व विकलांग प्रमाण पत्र बनवाकर पेंशन दिलाने की प्रक्रिया समझाई। संगीता सिन्हा ने महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, बाल विवाह व बाल मजदूरी जैसे मुद्दों पर जागरूक किया। मौके पर आशा देवी, कलिंदा देवी, राजू भुईयां, आरती, सुषमा, नागेश्वर भुईयां समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।


उपस्थित पीएलवी

## विषैले जंतु के काटने से दो महिलाएं गंभीर

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर विषैले जंतुओं के काटने की घटनाओं में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां से एक महिला को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। पहली घटना रेलवे साइडिंग की है, जहां बीती रात करैत सांप के काटने से विजेता देवी (पति-भीम सिंह) अचेत हो गईं। परिजनों द्वारा तत्काल सीएचसी भवनाथपुर लाया गया, जहां डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गढ़वा रेफर कर दिया। विजेता देवी को उस समय सांप ने काटा जब वह दरवाजा बंद कर रही थीं। करैत सांप दरवाजे पर पहले से चिपका हुआ था। बाद में ग्रामीणों ने सांप को खोजकर मार दिया। दूसरी घटना केतार प्रखंड अंतर्गत कोश डिहरा गांव की है। यहां बारिश के दौरान आंगन में पानी भर रही ऊषा देवी (पति-जवाहिर पासवान) को बिच्छू ने डंक मार दिया।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा समग्र शिक्षा
### समाहरणालय भवन, कोडरमा

पिन कोड–825410 jepckoderma@yahoo.co.in kodermassa@gmail.com

पत्रांक 946/SS-Koderma — दिनांक 20/06/2025

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम :– जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि:– दिनांक– 23.06.25 से दिनांक 02.07.25 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि :– दिनांक– 02.07.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 04.07.2025 (अपराह्न 03:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा।(समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा।(समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयनगर | 1. UPG PISPIRO में नया किचेन शेड–सह–स्टोर निर्माण कार्य | 2398200.00 | 48000.00 | 5000.00 | 06 (छः) माह। |
| | कोडरमा | 2.UPG GOVT MS GOLWADHAB में नया किचेन शेड–सह–स्टोर निर्माण कार्य | | | | |
| | डोमचांच | 3. GIRLS PS NAWALSHAHI में नया किचेन शेड–सह–स्टोर निर्माण कार्य | | | | |
| | चंदवारा | 4. UPG PS GARAIDIH में नया किचेन शेड–सह–स्टोर निर्माण कार्य | | | | |

निविदा की शर्तें www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला शिक्षा अधीक्षक सह
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा, कोडरमा।

PR.NO.355618 Jharkhand Education Project Council(25-26):D


### ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

**गढ़वा।** शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी दिनेश कुमार यादव ने पुराने समाहरणालय भवन परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिससे संपूर्ण प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाता है।

## झारखंड-छत्तीसगढ़ पुलिस ने बैठक कर सीमावर्ती क्षेत्र में अपराध नियंत्रण पर बनाई रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना परिसर में शुक्रवार को झारखंड और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती थानों के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और आपसी समन्वय को सुदृढ़ बनाना रहा।

इस बैठक में छत्तीसगढ़ के सनावल थाना प्रभारी एसआई गजपति मिरे, डिंडो ओपी प्रभारी नवल किशोर दुबे, तथा झारखंड के धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सहित दोनों राज्यों के पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रहे अवैध बालू खनन, पशु एवं मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि सीमा क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व अपराधों को अंजाम देते हैं।


बैठक करते दोनों राज्यों के पुलिस पदाधिकारी


### दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण-I)/दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को दोपहर 12:00 बजे बंद कर दी जाएगी। ई-निविदा सूचना संख्या: 0101-आरएनसी-डीसीई-सी-01-2025-26, दिनांक: 16.06.2025। कार्यों का संक्षिप्त विवरण: आद्रा मंडल में भोजुडीह यार्ड पीएच-III में यार्ड रिमॉडलिंग- दक्षिण पूर्व रेलवे के लूप लाइन एवं गुड्स साइडिंग्स आदि सहित आद्रा मंडल में भोजुडीह यार्ड पीएच-III में गठन एवं कटाई में भूमि कार्य का सम्पादन सहित एलएचएस का निर्माण, पी.वे लिंकिंग कार्य सहित बैलास्ट की आपूर्ति, सेवा भवनों का निर्माण, एफओबी तथा अन्य सम्बंधित कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 15.40 करोड़। बोली प्रतिभूति: ₹ 9,20,200। पूरा करने की अवधि: 18 महीने। बंद होने की तारीख: 21.07.2025। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। वि.द्र.: अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-296)



## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार।
### अधिसूचना

नगरीय प्रशासन निदेशालय नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 01/न०प्र०नि०/NULM/SUSV&चुनाव/82/2017 - 179 दिनांक 05/02/2024 एवं 988 दिनांक 09/07/2024 के अलोक में झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली 2015 के तहत् नगर विक्रय समिति (टाउन वेंडिंग कमिटि) के गठन हेतु कार्यालय नगर पंचयत लातेहार के ज्ञापांक 905 दिनांक14/05/2024 द्वारा प्रकाशित आम सुचना के अलोक में झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियम) नियमावली 2015 के तहत नगर विक्रय समिति के गठन हेतु प्राप्त आवेदन के उपरान्त निर्विरोध निर्वाचित किये गये सदस्य निम्नवत है।

| sl | Name of the Applicant | Father/Husband Name | Vandor ID | CATEGORY आरक्षित कोटि | Gender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ASHA DEVI | NARESH RAM | JH/SV/LTH/3/0113 | अनारक्षित (GEN) | Female |
| 2 | GITA DEVI | MAHENDRA PRASAD | JH/SV/LTH/08/0314 | अनारक्षित (GEN) | Female |
| 3 | Jawahar Oraon | Phuldeo Oraon | JH/SV/LTH/11/0134 | अनुसूचित जनजाति (ST) | Male |
| 4 | KIRAN KUMAR CHANDRVASHI | LALU RAM | JH/SV/LTH/12/0020 | अनारक्षित (GEN) | Male |
| 5 | Lila Devi | Bijendra Oraon | JH/SV/LTH/15/0127 | अनुसूचित जनजाति (ST) | Female |
| 6 | MACHCHHINDAR URAON | RAJ MOHAN URAON | JH/SV/LTH/13/0434 | अनुसूचित जनजाति (ST) | Male |
| 7 | Nitesh kumar sinha | Rajesh prasad sinha | JH/SV/LTH/07/0484 | आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग (EWS) | Male |
| 8 | PINTU RAM | KAILASH RAM | JH/SV/LTH/12/0086 | अनुसूचित जाति (SC) | Male |
| 9 | RABINDRA ORAON | GANAURI ORAON | JH/SV/LTH/15/0292 | अनुसूचित जनजाति (ST) | Male |
| 10 | RAVINDRA PRASAD | MAHENDRA SAV | JH/SV/LTH/7/0019 | अनारक्षित (GEN) | Male |
| 11 | SATENDRA KUMAR | GOKHUL RAM | JH/SV/LTH/14/0094 | अनारक्षित (GEN) | Male |
| 12 | SUNITA DEVI | SANJAY ORAON | JH/SV/LTH/14/0194 | अनुसूचित जनजाति (ST) | Female |

उक्त निर्विरोध निर्वाचित किये गये सदस्यों की सूची का प्रकाशन नगर पंचायत लातेहार के सूचना पटट् पर प्रदर्शीत किया गया है।

PR 355550 Urban Development(25-26)D — प्रशासक नगर पंचायत, लातेहार।


### प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल हुआ प्रकाशित

भवनाथपुर। राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर में शुक्रवार को कक्षा 9वीं और 11वीं की प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। परीक्षाफल प्रकाशन के दौरान विद्यालय परिसर उत्सव के माहौल में डूबा रहा। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में छाताकुंड की टीमों ने मारी बाजी


विजेता टीम के साथ अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के मैदान में किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ प्रशांत कुमार, सब-इंस्पेक्टर आदित्य कुमार ठाकुर एवं बीपीएम रवि वैद्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और अनुशासन का पालन करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालयों की कई टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच में प्लस टू विद्यालय छाताकुंड की छात्राओं ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। वहीं बालक वर्ग के मुकाबले में परसोडीह और छाताकुंड की टीम आमने-सामने हुई, जिसमें छाताकुंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम किया। आयोजन स्थल पर आगंतुकों के स्वागत की विशेष व्यवस्था की गई थी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक देवेंद्र कुमार, संतोष कुमार, प्रेम कुमार गुप्ता, प्रदीप सिंह, बसंत कुमार, शैलेश कुमार, दीनानाथ मेहता, नवीन प्रकाश, नरेश गुप्ता, रामप्रताप मेहता, विनोद पाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-14/2025-26 2nd Call**
**e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/14/2025-26 Date:- 19.06.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for widening & Strengthening/Reconstruction of Road from Galgaltand more to Bengal border via Simulia Madhra including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines. Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Bokaro District in the State of Jharkhand. (Tetative Length 12 K.m.)*Empanelled consultant with RCD under categoryI vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 12 K.m |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 23.06.2025,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 02.07.2025 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 02.07.2025 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 03.07.2025 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation DivisionAdvance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677. |
| 13 | PR No.- | 353963 Road (2025-26) D |

**Note:-Only e-Tender shall be accepted.**

Sd./-
(Ravi Shankar Pravakar)Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi

PR 355593 (Road)25-26*D



## जिला समादेष्टा, का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग
### (कैम्प कार्यालय, कोडरमा)

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला गृह रक्षक नव–नामांकन विज्ञापन सं0–01/2023 के तहत अंतिम रूप से चयनित महिला/पुरूष (ग्रामीण एवं शहरी) अभ्यर्थियों को मुख्यालय, रांची का आदेश सहपठित ज्ञापांक–1180/OTD दिनांक– 19.06.2025 के माध्यम से बुनियादी प्रशिक्षण हेतु दिनांक–21.06.2025 के अपराहन् तक केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, धुर्वा, राँची एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, हजारीबाग भेजा जाना है। सभी चयनित अभ्यार्थियों का आगमन एवं भौतिक सत्यापन किया जाना प्रस्तावित है।

कोडरमा जिला के नव चयनित अभ्यार्थियों का भौतिक सत्यापन एवं आगमन दर्ज जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा (चन्दवारा) में दिनांक–21.06.2025 के पूर्वाहन् 08:00 बजे से प्रारम्भ होगा।

सुलभ संचालन हेतु प्रखण्डवार समय का निर्धारण निम्न प्रकार किया जाता है:–

| क्रमांक | प्रखण्ड का नाम | समय | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | |
| 01. | सतगाँवा | 08:00 AM | 08:30 AM | |
| 02. | मरकच्चो | 09:30 AM | 10:30 AM | |
| 03. | जयनगर | 11:30 AM | 12:30 PM | |
| 04. | डोमचांच | 01:00 PM | 01:30 PM | |
| 05. | कोडरमा | 02:00 PM | 02:30 PM | |
| 06. | चन्दवारा | 03:00 PM | 03:30 PM | |
| 07. | कोडरमा/डोमचांच शहरी (तकनिकी/गैर तकनिकी) | 04:00 PM | 05:00 PM | |

महिला एवं पुरूष प्रशिक्षु गृह रक्षकों की सूची संलग्न किया जा रहा है।

नोट:– अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अपने साथ निम्न कागजात /दस्तावेज /सामाग्रियों के साथ निश्चित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

1. 04 (चार) रंगीन साईज का फोटोग्राफ।
2. जन्म तिथि से संबंधित मूल प्रमाण पत्र एवं छायाप्रति।
3. बैंक पासबुक की मूल एवं छायाप्रति ।
4. आधार कार्ड की छायाप्रति स्वः हस्ताक्षरित मोबाईल नम्बर अंकित किया गया हो।
5. मेसिंग और अन्य आवश्यक व्यय हेतु प्रयाप्त राशि।
6. दैनिक उपयोग के वस्तु।
7. अभ्यार्थी आगमन पंजी में हस्ताक्षर करने के पूर्व पंजी में अंकित सभी प्रविष्टियां से जिम्मेवारी पूर्वक पुर्णतः संतुष्ट हो लेंगे।
8. नवनामांकन संबंधित अन्य जानकारी हेतु जिला के बेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समादेष्टा हजारीबाग, –सह–सदस्य
गृह रक्षक नव नामांकन समिति, कोडरमा

PR 355586 Home, Prison And Disaster Management (25-26)_D

# शिक्षा में सुधार?

यह एक निर्विवाद सत्य है कि बेहतर रोजगार की स्थितियां हमारे शैक्षिक वातावरण पर भी निर्भर करती हैं। यदि हम परंपरागत शिक्षा से इतर रोजगार व कौशल विकास की शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं तो स्थिति बदल सकती है। इसके लिये जरूरी है कि राज्य में रोजगारपरक शिक्षा के अनुकूल वातावरण बनाया जाए। इस दिशा में गंभीर प्रयासों की सख्त जरूरत है। दरअसल, देश में हाल के दिनों में कई स्कूलों के भवनों की स्थिति व सुरक्षा आदि को लेकर अभिभावक चिंता जताते रहे हैं। हर अभिभावक चाहता है कि सरकारी स्कूलों में बेहतर साफ-सफाई, शौचालयों और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें। दरअसल, देखने में आया है कि कई ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में छात्रों की संख्या जितनी अधिकता में है, उस अनुपात में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि, विपक्ष ने इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान तो खींचा, लेकिन अन्य राजनीतिक मुद्दों में उलझाव के चलते शिक्षा के मुद्दे पर वैसे गंभीर बहस नहीं हो पायी , जैसी अपेक्षित थी। वैसे सरकार की तरफ से इस बाबत प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट आवंटन और भविष्य में सुधार का आश्वासन तो दिया गया, लेकिन इन वायदों का हकीकत में बदलना भी उतना ही जरूरी है। ये नौकरशाही का भी दायित्व बनता है कि छात्र सुरक्षित परिस्थितियों में अध्यापन करें। निस्संदेह, नौकरशाही की अक्षमताएं प्रगति के मार्ग में बाधा बनती हैं। जरूरत इस बात की भी है कि हमारी शिक्षा वक्त की जरूरतों के साथ जुड़ी हो। ताकि छात्र विदेशों में रोजगार तलाशने की बजाय अपने रोजगार खुद सृजित कर सकें। यह तभी संभव है जब हमारी शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन होगा। सरकारी शिक्षा गरीबों के मिड डे मिल तक सीमित होता जा रहा है वहीं निजी शिक्षा आम लोगों के पहुंच से बाहर होता जा रहा है।




**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह


स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# योग जीवन को उच्च चिंतन तक ले जाता है

**आज** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। पूरी दुनिया भारत के योग को पूरे मन से स्वीकार करती है और इसके सहारे जीवन को सुखमय बनाने के नियम को मानती है। आप सब भी योग अपनाएं और स्वस्थ व सुखी जीवन जीयें।

योग भारत और नेपाल में एक आध्यात्मिक प्रकिया को कहते हैं जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने (योग) का काम होता है। यह शब्द, प्रक्रिया और धारणा बौद्ध धर्म,जैन धर्म और हिंदू धर्म में ध्यान प्रक्रिया से सम्बंधित है। योग शब्द भारत से बौद्ध धर्म के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्व एशिया और श्री लंका में भी फैल गया है और इस समय सारे सभ्य जगत में लोग इससे परिचित हैं। इतनी प्रसिद्धि के बाद पहली बार 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक बर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी है। भगवद्गीता प्रतिष्ठित ग्रंथ माना जाता है। उसमें योग शब्द का कई बार प्रयोग हुआ है, कभी अकेले और कभी सविशेषण, जैसे बुद्धियोग, संन्यासयोग, कर्मयोग। वेदोत्तर काल में भक्तियोग और हठयोग नाम भी प्रचलित हो गए हैं पतंजलि योगदर्शन में क्रियायोग शब्द देखने में आता है। पाशुपत योग और माहेश्वर योग जैसे शब्दों के भी प्रसंग मिलते है। इन सब स्थलों में योग शब्द के जो अर्थ हैं वह एक दूसरे के विरोधी हैं परंतु इस प्रकार के विभिन्न प्रयोगों को देखने से यह तो स्पष्ट हो जाता है, कि योग की परिभाषा करना कठिन कार्य है। परिभाषा ऐसी होनी चाहिए जो अव्याप्ति और अतिव्याप्ति दोषों से मुक्त हो, योग शब्द के वाच्यार्थ का ऐसा लक्षण बतला सके जो प्रत्येक प्रसंग के लिये उपयुक्त हो और योग के सिवाय किसी अन्य वस्तु के लिये उपयुक्त न हो।

गीता में श्रीकृष्ण ने एक स्थल पर कहा है 'योगः कर्मसु कौशलम (योग से कर्मो में कुशलता आती हैं)। स्पष्ट है कि यह वाक्य योग की परिभाषा नहीं है। कुछ विद्वानों का यह मत है कि जीवात्मा और परमात्मा के मिल जाने को योग कहते हैं। इस बात को स्वीकार करने में यह बड़ी आपत्ति खड़ी होती है कि बौद्धमतावलंबी भी, जो परमात्मा की सत्ता को स्वीकार नहीं करते, योग शब्द का व्यवहार करते और योग का समर्थन करते हैं। यही बात सांख्यवादियों के लिए भी कही जा सकती





\- स्वामी मुक्तरथ

> बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ मुख्यालय के दौरे के साथ ही डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक दीक्षाभूमि का भी दौरा कर राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में दिये गये अपने संबोधन में भी बाबा साहेब को याद किया और भारतीय संविधान की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

है जो ईश्वर की सत्ता को असिद्ध मानते हैं। पंतजलि ने योगदर्शन में, जो परिभाषा दी है 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोध?', चित्त की वृत्तियों के निरोध का नाम योग है। इस वाक्य के दो अर्थ हो सकते हैं: चित्तवृत्तियों के निरोध की अवस्था का नाम योग है या इस अवस्था को लाने के उपाय को योग कहते हैं।

परंतु इस परिभाषा पर कई विद्वानों को आपत्ति है। उनका कहना है कि चित्तवृत्तियों के प्रवाह का ही नाम चित्त है। पूर्ण निरोध का अर्थ होगा चित्त के अस्तित्व का पूर्ण लोप, चित्ताश्रय समस्त स्मृतियों और संस्कारों का निःशेष हो जाना। यदि ऐसा हो जाए तो फिर समाधि से उठना संभव नहीं होगा। क्योंकि उस अवस्था के सहारे के लिये कोई भी संस्कार बचा नहीं होगा, प्रारब्ध दग्ध हो गया होगा। निरोध यदि संभव हो तो श्रीकृष्ण के इस वाक्य का क्या अर्थ होगा? योगस्थः कुरु कर्माणि, योग में स्थित होकर कर्म करो। विरुद्धावस्था में कर्म हो नहीं सकता और उस अवस्था में कोई संस्कार नहीं पड़ सकते, स्मृतियां नहीं बन सकतीं, जो समाधि से उठने के बाद कर्म करने में सहायक हों।

अनीश्वरवादी सांख्य विद्वान भी उसका अनुमोदन करता है। बौद्ध ही नहीं, मुस्लिम सूफी और ईसाई मिस्टिक भी किसी न किसी प्रकार अपने संप्रदाय की मान्यताओं और दार्शनिक सिद्धांतों के साथ उसका सामंजस्य स्थापित कर लेते हैं। पातंजल योग दर्शन के अनुसार - योगश्चित्तवृत्त निरोध? (1/2) अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है। सांख्य दर्शन के अनुसार - पुरुषप्रकृत्योर्वियोगेपि योगइत्यमिधीयते। अर्थात पुरुष एवं प्रकृति के पार्थक्य को स्थापित कर पुरुष का स्व स्वरूप में अवस्थित होना ही योग है। (३) विष्णुपुराण के अनुसार - योग संयोग इत्युक्त? जीवात्म परमात्मने अर्थात जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही योग है। भगवद्गीता के अनुसार - सिद्धासिद्धयो समोभूत्वा समत्वं योग उच्चते (2/48) अर्थात दुख-सुख, लाभ-अलाभ, शत्रु-मित्र, शीत और उष्ण आदि द्वन्दों में सर्वत्र समभाव रखना योग है। भगवद्गीता के अनुसार - तस्माद्दयोगाययुज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम अर्थात कर्तव्य कर्म बन्धक न हो, इसलिए निष्काम भावना से अनुप्रेरित होकर कर्तव्य करने का कौशल योग है। आचार्य हरिभद्र के अनुसार - मोक्खेण जोयणाओ सव्वो वि धम्म व्हारो जोगो मोक्ष से जोड़ने वाले सभी व्यवहार योग है। बौद्ध धर्म के अनुसार - कुशल चितैकग्गता योग? अर्थात कुशल चित्त की एकाग्रता योग है।

## योग के प्रकार

योग की उच्चावस्था समाधि, मोक्ष, कैवल्य आदि तक पहुँचने के लिए अनेकों साधकों ने जो साधन अपनाये उन्हीं साधनों का वर्णन योग ग्रन्थों में समय समय पर मिलता रहा। उसी को योग के प्रकार से जाना जाने लगा। योग की प्रामाणिक पुस्तकों में शिवसंहिता तथा गोरक्षशतक में योग के चार प्रकारों का वर्णन मिलता है -

मंत्रयोगों हष्चैव लययोगस्तृतीयक?।
चतुर्थो राजयोग? (शिवसंहिता , 5/11) मंत्रो लयो हठो राजयोगन्तर्भूमिका क्रमात एक एव चतुर्धाऽयं महायोगोभियते॥ (गोरक्षशतकम)

उपर्युक्त दोनों श्लोकों से योग के प्रकार हुए : मंत्रयोग, हठयोग लययोग व राजयोग।

मंत्रयोग 'मंत्र' का समान्य अर्थ है- 'मननात त्रायते इति मंत्र'। मन को त्राय (पार कराने वाला) मंत्र ही है। मंत्र योग का सम्बन्ध मन से है, मन को इस प्रकार परिभाषित किया है- मनन इति मन?। जो मनन, चिन्तन करता है वही मन है। मन की चंचलता का निरोध मंत्र के द्वारा करना मंत्र योग है। मंत्र योग के बारे में योगतत्वोपनिषद में वर्णन इस प्रकार है- योग सेवन्ते साधकाधमा?। (लेखक सत्यानन्द योग मिशन रांची के अध्यक्ष हैं)

## लेटर टू एडिटर

### कठोर कार्रवाई हो

आतंकवाद न किसी धर्म का होता है, न विचारधारा का; यह केवल विनाश लाता है और उसकी कीमत निर्दोष लोगों को चुकानी पड़ती है। एफएटीएफ जैसे वैश्विक संगठनों को पाकिस्तान जैसे देशों पर अब चेतावनी नहीं, सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकी संगठनों को मिलने वाली आर्थिक मदद ही उनकी ताकत बनती है। अब निर्णायक कदम जरूरी हैं।

-स्मृति सेन,रांची

### बेटियों की उड़ान

आज ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियां खेल जगत में नई पहचान बना रही हैं। कभी जिन गांवों में खेल सिर्फ पुरुषों तक सीमित थे, वहां अब बेटियां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफल हो रही हैं। संसाधनों की कमी, सामाजिक बंदिशें और पारिवारिक रोकटोक के बावजूद उन्होंने मेहनत, आत्मविश्वास और संघर्ष से अपनी राह बनाई है। उनकी सफलता में माता-पिता का समर्थन और सरकारी योजनाओं की अहम भूमिका रही है।

### युद्ध गंभीर खतरा

इस्राइल और ईरान के बीच संभावित युद्ध विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा है। बढ़ते तनाव से पश्चिम एशिया में भयंकर युद्ध हो सकता है, जिसका असर पूरा विश्व झेलेगा।

– रविशंकर सिंह, रांची

## ट्वीट

रांची में माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर इन जनहित के विषयों पर संज्ञान लेने का आग्रह किया। विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की बकाया राशि जल्द निर्गत किया जाए। माध्यमिक आचार्य नियुक्ति में कंप्यूटर साइंस, साइबर सिक्योरिटी आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों के लिए बीएड अनिवार्य कर किया गया है।

– कुणाल सांरगी

# योग का अर्थ है शरीर,मन और आत्मा का संतुलन

**रानी राज**

**सारे** कर्मकांडो ,भोग- विलास, लिप्सा यश- अपयश आदि के बाद आदमी अंततः क्या चाहता है तो परब्रह्म की प्राप्ति,मुक्ति,शांति, मोक्ष और सारे बंधनों से मुक्ति। इन चाहतों का जो एक मात्र माध्यम है वह है -योग जिसके कई प्रकार, रूप हैं। योग का अर्थ-- जोड़ अर्थात आत्मा का परमात्मा से मिलन, योग का अर्थ है शरीर,मन और आत्मा का संतुलन,व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना के साथ जोड़ना । श्रीमद्भागवत गीता में लिखा है - श्योगस्थ कुरु कर्मणि संगत्यकत्वा धनंजय।


सिद्धियसिद्धियोः समो भूत्वा समत्वम योग उच्च्यते।।

अर्थात योग में स्थिर कर्म फल का त्याग करोड़ सिद्ध -असिद्ध में सम होकर कर्मों को कर , यही समता ही योग है।

योग, भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का एक अनमोल उपहार, आज विश्व भर में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आध्यात्मिक जागरूकता का पर्याय बन चुका है। हजारों वर्षों से भारत में पोषित यह अभ्यास अब विश्व के हर कोने में लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बना रहा है।

आज का विश्व अनेक समस्याओं से जूझ रहा है—जलवायु परिवर्तन, मानसिक स्वास्थ्य संकट, सामाजिक असमानता, और युद्धों की छाया। व्यक्तिगत जीवन में भी तनाव, असंतुलन, और स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ रही हैं। इन चुनौतियों के बीच, योग, भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर, एक समग्र समाधान के रूप में उभर रहा है। योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि यह जीवन और विश्व की समस्याओं से निपटने के लिए एक दार्शनिक और व्यावहारिक मार्ग भी प्रदान करता है। पतंजलि के योग सूत्रों में वर्णित अष्टांग योग—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, और समाधि—जीवन को संतुलित और अर्थपूर्ण

**योग दर्शन**



बनाने का मार्गदर्शन करते हैं। योग के सिद्धांत जैसे अहिंसा (हिंसा न करना), सत्य (सच्चाई), और संतोष (संतुष्टि) व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में नैतिकता और जागरूकता लाते हैं अर्थात विश्व कल्याण निहित है योग में।

योग की जड़ें भारत में लगभग 5000 वर्ष पुरानी हैं, जिनका उल्लेख ऋग्वेद, उपनिषदों और भगवद्गीता जैसे ग्रंथों में मिलता है। योग का मूल उद्देश्य आत्म-साक्षात्कार और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करना है। भारत में योग विभिन्न रूपों में विकसित हुआ, जैसे हठ योग (शारीरिक अभ्यास), भक्ति योग (भक्ति का मार्ग), ज्ञान योग (बुद्धि का मार्ग), और कर्म योग (निःस्वार्थ कर्म)।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, काम का दबाव, और डिजिटल दुनिया की व्यस्तता ने तनाव, चिंता, और अवसाद को बढ़ाया है। योग इन समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रदान करता है। नियमित आसन और प्राणायाम शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, रक्त संचरण बढ़ाते हैं, और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। ध्यान और आत्म विकास के अभ्यास मानसिक शांति प्रदान करते हैं, जिससे व्यक्ति तनावपूर्ण परिस्थितियों में बेहतर निर्णय ले सकता है। उदाहरण के लिए, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम तनाव को कम करने में वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हैं।

इसके अलावा, योग आत्म-जागरूकता और आत्म-अनुशासन को बढ़ावा देता है। संतोष का सिद्धांत हमें अपनी आवश्यकताओं को सीमित करने और उपभोक्तावाद से बचने की प्रेरणा देता है, जिससे मानसिक संतुष्टि बढ़ती है। योग व्यक्ति को अपने लक्ष्यों के प्रति केंद्रित रखता है और जीवन में संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।

योग ने विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में गहरा प्रभाव डाला है। शारीरिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में, योग लचीलापन, ताकत, और बेहतर रक्त संचरण प्रदान करता है। प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास तनाव, चिंता, और अवसाद को कम करते हैं, जिसे वैज्ञानिक अध्ययनों ने प्रमाणित किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी योग को स्वास्थ्यवर्धक माना है। सांस्कृतिक रूप से, योग ने भारतीय दर्शन को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई। नमस्ते, ओम, और चक्र जैसे शब्द अब वैश्विक शब्दावली का हिस्सा हैं।

(ऑडिट ऑफिसर बिहार सरकार)

# योग से हम शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक रूप से पूर्ण हो



**डॉ परिणीता सिंह**

* हर वर्ष योग दिवस पूरे सृष्टि के बीच एक तादात्म्यता उत्पन्न करता है।

* यौगिक अभ्यास मानव चेतना को स्थूल से कारण तक ले जाता है

* पृथ्वी का संरक्षण आवश्यक है, तभी हम शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक रूप से पूर्ण हो सकते हैं।

पृथ्वी जो पांच तत्वों से बना है- भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश ।

इसे पंचमहाभूत भी कहते हैं जो सृष्टि के निर्माण की मूल आधारशिला है। इनके बीच तालमेल, समरसता रखना अति आवश्यक है। आज इस आधुनिक समय में जो भी वातावरण, स्वास्थ्य संबंधित समस्याऐ उत्पन्न हो रहे हैं इसका कारण पृथ्वी द्वारा दिए गए संसाधनों का गलत उपयोग ही है। मानव शरीर भी इन्हीं

**योग दिवस**

पंचमहाभूतो का बना होता है। पृथ्वी के वातावरण का असंतुलन मानव शरीर को भी प्रभावित करता है। स्थूल शरीर जिनका निर्माण अस्थि एवं मांसपेशियों द्वारा बना होता है, जिसके पोषण के लिए भूमि द्वारा उपजाए हुए अन्न का उपयोग हम सभी करते हैं। आजकल विभिन्न प्रकार के कीटनाशक दवाइयों से फसल तो प्रभावित होता ही है साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है, जिसका प्रभाव मानव शरीर पर पड़ता है।

हमारे शरीर में लगभग 70 से 80% जल होता है, जिसे रखरखाव के लिए प्राकृतिक जल पर निर्भरता रहती है चाहे वह पेयजल के रूप में हो या फल सब्जियों के द्वारा। प्रकृति द्वारा प्रदत इस जल को शुद्ध एवं पवित्र रखना चाहिए। जल प्रदूषण बहुत बड़ा कारण है परिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन उत्पन्न करने में। अग्नि तत्व मानव शरीर में पाचन एवं ऊर्जा के लिए जिम्मेदार है।अग्नि तत्व हमारे शरीर के अंदर के विकार, अशुद्धियों को भी खत्म करता है।

सूर्य जो ऊर्जा का स्रोत है जिस पर वन्य, जीवजंतु निर्भर है। पृथ्वी का तापमान में संतुलन बना रहे हैं ताकि इस पर प्राणी वन, जीव - जंतु जीवित रहे, परंतु ऐसा नहीं है दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ता ही जा रहा है, मौसम में भी बदलाव हो रहे हैं। सभी चीजे व्यवस्थित हो सकती हैं, अगर चीजों का उपयोग सही से करें तो ओजोन स्तर को बचा सकते हैं। वायु तत्व जिसे जीवनीशक्ति के रूप में शरीर के अंदर श्वास के रूप द्वारा हम ग्रहण करते हैं। अतः स्वच्छ वायु अति आवश्यक है सभी के लिए। प्रदूषित वायु कई गंभीर समस्याऐ उत्पन्न कर सकती है। अपनी सुविधाओं के लिए अत्यधिक आरामदायक जीवन के लिए जिन चीजों का हम इस्तेमाल करते हैं जिससे वातावरण का वायु दूषित होता है, उसका बहिष्कार करना चाहिए। आकाश तत्व जो अनंनता एवं सूक्ष्मता से संबंधित है, यह सबसे पहला महाभूत है जिससे सभी तत्व उत्पन्न हुए हैं। इस तत्व को जानने समझने के लिए जीवन में आध्यात्मिकता की आवश्यकता है, जिसे योग के द्वारा जाना जा सकता है। यौगिक अभ्यास स्थूल से कारण तक मानव चेतना को ले जाता है जहाँ ब्रह्मांडीय चेतना से एकाकार होता है। इस एकाकार को आत्मा से परमात्मा से मिलन भी कहते हैं।

इस ऊंचाई तक जाने के लिए संपूर्ण शरीर एवं जगत को जानना एवं समझना पड़ेगा। इस दुर्लभ मानव शरीर एवं पृथ्वी का अनादर करने की चेष्टा परम तत्व के प्रति विद्रोह दशार्ता है। मनुष्य के अंदर असीम आध्यात्मिक शक्तियां निहित है, जिसे जागृत करने में प्रकृति की आवश्यकता पड़ती है। अपने स्व मे स्थापित रहने के लिए पृथ्वी का संरक्षण आवश्यक है।


तभी हम शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक रूप से पूर्ण हो सकते हैं।

( योग विशेषज्ञ )

**विश्व योग दिवस पर योग करते युवाओं का मनोहारी दृश्य**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने किया रामगढ़ का दौरा



रामगढ़। झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान समाहरणालय सभाकक्ष में समिति ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसकी अध्यक्षता समिति के सभापति रामचंद्र सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति, पेंशन से संबंधित प्रकरणों का निष्पादन, जनहितकारी योजनाओं की प्रगति और उनके लाभार्थियों तक पहुंच आदि विषयों पर समीक्षा की गयी। सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा सभी विभागों द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। रामगढ़ जिला में संचालित प्रमुख विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। जिसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य आपूर्ति विभाग, भवन निर्माण एवं पथ निर्माण विभाग, खनन, शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, कल्याण, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, निबंधन विभाग, जिला योजना आदि शामिल रहा।

### मदरसा गुलसने के अध्यक्ष बने मेराज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मदरसा गुलसने रजा भुरकुंडा में सदर अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए शुक्रवार को चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सदर पद पर गांधी मोहल्ला निवासी मेराज अंसारी जीते, वहीं सचिव पद पर जवाहर नगर निवासी कारी मो. सरफुद्दीन और खजांची पद पर बिरसा चौक निवासी मो. सब्बीर विजयी घोषित किए गए। मेराज अंसारी ने कहा कि मदरसे की तरक्की और बच्चों की बेहतर तालीम के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। सभी के सहयोग से एक आदर्श वातावरण तैयार करेंगे। सचिव कारी मो. सरफुद्दीन ने कहा कि संगठन की पारदर्शिता बनाए रखना, दस्तावेजों का रख-रखाव और शैक्षणिक गतिविधियों को गति देना मेरी प्राथमिकता होगी। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में अंजुमन सदर हलीम, समशुल अंसारी, मो. अनवर, मो. जियाउद्दीन, मो. गड्डू, इमरोज खान, इमरान अंसारी, आलम अंसारी, मो. जाकिर, मो. हबीबुल, मुस्तकीम, मो. मुन्ना, नाजिम अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, गियासुद्दीन, मिनहाज अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, आतिफ, मुतुर्जा सहित कई लोग शामिल थे।

### संजय यादव का भव्य स्वागत



**कुजू।** राजद के रांची पार्टी कार्यालय में रामगढ़ जिला के राजद कार्यकर्ताओं ने झारखंड के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विधायक संजय सिंह यादव से मुलाकात किया। साथ ही सामूहिक रूप से बुकें देकर उनका स्वागत किया। जबकि अपनी विचारों को रखकर पार्टी के हित किए जाने वाले कार्य का मूल मंत्र का मार्गदर्शन प्राप्त किया। साथ ही कहा की उनके नेतृत्व में पार्टी पूरे प्रदेश के अंदर काफी मजबूत होगा। स्वागत करने वालों में युवा प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड रंजन कुमार यादव, युवा प्रदेश सचिव लालन यादव, उपाध्यक्ष रामगढ़ जितेंद्र यादव, मांडू प्रखंड उपाध्यक्ष पप्पू यादव आदि शामिल थे।

### डॉ. कालेश्वर तिवारी का निधन

भुरकुंडा (रामगढ़)।जेएम कॉलेज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. कालेश्वर तिवारी के निधन पर शुक्रवार को कॉलेज परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. गिरधर पाठक के अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में डॉ. राम प्रमोद सिंह, प्रो. मनोज कुमार सिंह, हृदय नारायण सिंह, दीपक कुमार झा, रंजीत कुमार सिंह, रामजीवन सिंह, गणेश प्रसाद, अशोक कुमार सिंह, अर्जुन राम, राहुल कुमार, अनीता देवी, सीमा सिंह, सीता देवी एवं विनोद कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के समसत शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल हैं।

### बारिश से सतढेकिया में बहा कलवर्ट



कुजू। लगतार चार दिनों से हो रहे मुसलाधार बारिश से सतढेकिया में नाले में मिट्टी का कलवर्ट बह गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। कलवर्ट बहने से सतढेकिया टोले के चितन ठाकुर, शिक्षक मनोज मुंडा, कातिक महतो आदि ने जिला प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की। कहा है कि हमलोग कई बार अधिकारियों से पुल बनाने की आग्रह किया। कोई पहल नही की गई।

### बारिश से गरीब का घर ध्वस्त



**रजरप्पा।** बारिश से चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत स्थित अखरा टोला निवासी बालकिसुन महतो का खपड़ैल घर शुक्रवार को गिर गया। मुखिया अरविन्द कुमार सिंह ने आपदा राहत कोष से मुआवजा देने की मांग की है।

# चौपारण में 168.5 किलो डोडा बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन और तीन एंड्रॉइड मोबाइल जब्त**

खबर मन्त्र संवाददाता



**चौपारण।** चौपारण थाना क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम डाढ़ी में छापेमारी कर पुलिस ने 168.5 किलो डोडा बरामद किया। अल्टो कार (संख्या JH02BK-5740) से मिले डोडा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इन तस्करों की पहचान शिवांशु कुमार (27), दुर्गेश कुमार (20) – दोनों चौपारण निवासी – और सुमन महतो (24), सिमरिया थाना अंतर्गत डाड़ी गांव निवासी के रूप में हुई है। सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसपी बरही अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में की गई। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी संजय कुमार, उपनिरीक्षक अनुपम प्रकाश, बृजेश सिंह, गीता देवी, हवलदार गोपाल सिंह, सहायक पुलिसकर्मी सुनील पासवान और विनय कुमार शामिल थे। एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन और तीन एंड्रॉइड मोबाइल जब्त किए गए।

**नशामुक्ति पर चला जागरूकता अभियान :** नशामुक्ति सप्ताह के तहत शुक्रवार को चौपारण प्रखंड में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। डीएसपी अजित कुमार विमल ने क्षेत्र में कई जगहों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और इसके खिलाफ सख्त संदेश दिया। डीएसपी ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति नशे के कारोबार में शामिल पाया जाता है या नशीले पदार्थों का सेवन करते पकड़ा जाता है, तो उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत 10 वर्षों तक की सजा हो सकती है। इस कार्यक्रम में इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, सब इंस्पेक्टर रवि प्रकाश, रौशन वर्णवाल और सुवेंदु कुमार सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे

**एकजुट हुए पत्रकार व पुलिस अधिकारी :** शुक्रवार को नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चौपारण थाना परिसर में एक विशेष संकल्प कार्यक्रम हुआ। एसडीपीओ अजित कुमार विमल की अगुवाई में थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों और पत्रकारों ने एक स्वर में यह शपथ ली कि वे नशा का सेवन नहीं करेंगे, न ही किसी को करने देंगे। मौके पर इंस्पेक्टरः चंद्रशेखर कुमार, थाना प्रभारीः अनुपम प्रकाश,प्रेस क्लब चौपारण अध्यक्षः शंकर यादव, सचिवः उमेश पासवान, वरिष्ठ पत्रकारगणः अजय ठाकुर, बीरेंद्र शर्मा, चन्दन गुप्ता, अरविंद कुमार सिंह, दुर्गेश पांडेय, मुकेश सिंह, मुकेश सिन्हा, अजित सिंह, मनीष सिन्हा, अमित सिंह, प्रकाश रजक, अक्सर अंसारी, संतोष विश्वकर्मा, राम सेवक राणा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## स्वर्णरेखा महिला समिति ने त्रिशक्ति को दिया प्री-फैब्रिकेटेड शॉप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्वर्णरेखा महिला समिति ने महिला स्वावलंबन की दिशा में एक और प्रेरणादायक कदम उठाते हुए शुक्रवार को त्रिशक्ति महिला समिति को पतरातु के हेसला में एक प्री-फैब्रिकेटेड शॉप सौंपी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। शॉप सौंपने के अवसर पर स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह सहित समिति की अन्य सक्रिय सदस्यगण उपस्थित रहीं। मौके पर अध्यक्ष रीता सिंह ने बताया कि इस शॉप के माध्यम से त्रिशक्ति महिला समिति की महिलाएं अब स्थानीय स्तर पर अचार, पापड़ जैसे पारंपरिक खाद्य पदार्थों का उत्पादन एवं विक्रय कर सकेंगी। यह सभी उत्पाद पूर्णतः स्थानीय संसाधनों और महिलाओं की मेहनत से निर्मित होंगे, जिससे उन्हें आर्थिक सहयोग और सामाजिक पहचान दोनों मिल सकेगी। त्रिशक्ति महिला समिति ने स्वर्णरेखा समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

## रामगढ़ में खुला साइबर थाना



खबर संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ साइबर थाना का शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटनागपुर प्रक्षेत्र बोकारो क्रान्ति कुमार गडिदेशी और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने किया उद्घाटन।

पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर थाना का सृजन छत्तरमांडू स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन के ऊपर तल्ला में किया गया है। थाना प्रभारी के रूप में चंदन कुमार वत्स पुलिस उपाधीक्षक (मु०) रामगढ़ को प्रतिनियुक्त किया है। पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी छोटनागपुर प्रक्षेत्र क्रान्ति कुमार गडिदेशी को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

इसके बाद आइजी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में रामगढ़ जिला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु/रामगढ़, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), रामगढ़, परिचारी प्रवर / परिचारी पुलिस केन्द्र रामगढ़, सभी पुलिस निरीक्षक, सभी थाना/ओपी प्रभारी, रामगढ़ के साथ बैठक की। कई आवश्यक निर्देश दिया।

## जन वितरण प्रणाली की दुकानों की जांच के लिए उड़नदस्ता दल का गठन

**हजारीबाग।** जिले में जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न, चीनी, नमक, धोती-साड़ी आदि के वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार एक उड़नदस्ता जांच दल का गठन किया गया है। इस विशेष जांच दल में जिले के वरीय पदाधिकारी, बीडीओ , सीओ सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। यह टीम नियमित रूप से जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण करेगी, जिसमें ई-पॉश मशीनों की स्थिति, वजन मशीन, पंजी संधारण, खाद्यान्न का स्टॉक, वितरण प्रक्रिया, सूचना पट्ट और फ्लैक्स बोर्ड आदि की स्थिति की बारीकी से जांच की जाएगी। जांच के दौरान लाभुकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जाना जाएगा, ताकि किसी तरह की शिकायतों का समय पर समाधान हो सके।

सके अलावा उड़नदस्ता दल राज्य खाद्य निगम के गोदामों की भी जांच करेगा। वहां भंडारण व्यवस्था, के अनुसार संचालन, स्टॉक सत्यापन और उठाव प्रक्रिया का मूल्यांकन किया जाएगा।

## छिन्नमस्तिका मंदिर में कई राजद नेताओं ने की पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** राजद के कई नेताओं ने शुक्रवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, झारखंड के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, नव-निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, जिलाध्यक्ष शाहिद सिद्दिकी, भानू यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

पूजा के बाद सभी नेताओं ने मंदिर परिसर में जनता की भलाई के लिए काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस धार्मिक यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

## हजारीबाग सदर अस्पताल में दवा दोस्त बना जनहित का साथी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (सदर अस्पताल) को लेकर आमतौर पर नकारात्मक खबरें ही सुर्खियों में रहती हैं ,कभी गंदगी, कभी इलाज की लचर व्यवस्था, तो कभी डॉक्टरों की अनुपस्थिति। लेकिन इसी अस्पताल परिसर में कुछ ऐसा भी है जो मरीजों और उनके परिजनों के लिए उम्मीद की किरण बन गया है दवा दोस्त। यह दवा दुकान आम दुकानों से अलग है। यहां जेनेरिक दवाएं बाजार दर से लगभग आधी कीमत में उपलब्ध हैं। मरीजों को जिन दवाओं के लिए बाहर दोगुनी रकम चुकानी पड़ती है, वही दवा यहां बेहद सस्ती दरों पर आसानी से मिल जाती है। यहां मरीजों के परिजनों की लंबी कतारें आम हो गई हैं। दवा दोस्त केवल सस्ती दवाएं ही नहीं दे रहा, बल्कि लोगों को रोजगार दे रहा है और अस्पताल पर दबाव को कम कर रहा है।

## बारिश से रामगढ़ में जनजीवन अस्त-व्यस्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** जिले में तीन दिनों से हो रही बारिश ने जन जीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त किया है। इस बारिश की वजह से जिले के नदी और तालाब पूरी तरह से भर गए हैं। बारिश के कारण जिले की सभी नदियां उफान पर हैं। रामगढ़ में दामोदर का पानी मुक्तिधाम तक पहुंच गया है। छिन्नमस्तिके मंदिर परिसर तक दामोदर और भैरवी का पानी पहुंच गया है। कई दुकानें जलमग्न हो गई हैं।

मंदिर न्यास समिति ने पूजा के लिए मंदिर आनेवाले श्रद्धालुओं से गहरे पानी में नहीं जाने की अपील की । इधर, लगातार बारिश के बीच दामोदर और भैरवी नदी का जलस्तर भले ही माता छिन्नमस्तिके मंदिर तक पहुंच गया है। बावजूद इसके श्रद्धालुओं की भक्ति भावना पर इसका कोई प्रभाव नही पड़ा है और बारिश के बीच भी शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए माता छिन्नमस्तिके मंदिर पहुंचे और कतारबद्ध होकर पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया।

**कुजू रेलवे साइडिंग में भरा पानी :** बारिश का प्रभाव कुजू रेलवे साइडिंग पर भी पड़ा है और वहां बारिश का पानी इस कदर जमा हो गया है कि लोडिंग और अनलोडिंग ठप्प हो गया है।

**प्रशासन ने जारी की एडवाजरी :** जिले में लगातार हो रही बारिश को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन की ओर से आमलोगों की सुरक्षा के लिए सावधानी एवं दिशा निर्देश संबंधरी एडवाजरी जारी किया गया है। लोगों को घरो में रहने की सलाह देते हुए जरूरी होने पर ही बाहर जाने की सलाह दी गई है। लोगों से सुरक्षात्मक पकड़ा पहनने और खिड़की एवं दरवाजों से दूर रहने को कहा गया है। बाढ़ वाले रास्तों में लोगों से गाड़ी नही चलाने को कहा गया है। टूटे बिजली तारों से लोगों को दूर रहने और इसकी जानकारी अधिकारियों को देने की अपील की गई है। लोगों से घर के भीतर जनरेटर का उपयोग नही करने को कहा गया है। कहा गया कि इससे कार्बन मॉनोऑक्साइड उत्पन्न हो सकता है। जो कि खतरनाक होता है। लोगों को बाढ़ के पानी में नही तैरने की सलाह दी गई है।

**छिन्नमस्तिके मंदिर तक पहुंचा दामोदर और भैरवी का पानी**

## एक नजर में

### धरमपुर में हाथियों ने मचाया उत्पात



टाटीझरिया । प्रखंड क्षेत्र के झरपो भराजो खैरा डहरभंगा डूमर धरमपुर बेड़म टाटीझरिया आठों पंचायत में इन दिनों जंगली हाथियों का उत्पात मचाना थम नहीं रहा है ।क्षेत्र के लोगों में जंगली हाथियों के झुंड से भय व्याप्त है। अब तक क्षेत्र में जंगली हाथियों ने लगभग पांच लोगों को अपने पैरों तले रौंदकर मौत के घाट उतार दिया। बता दें कि टाटीझरिया प्रखंड के कांग्रेस नेता सह समाज सेवी सुरेंद्र प्रसाद यादव ने जानकारी दिया कि गुरुवार रात धरमपुर गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने गांव के कई किसानों का खेत में लगे फसलों को अपने पैरों तले रौंदकर नुकसान पहुंचा दिया एवं धरमपुर निवासी संदीप भुइंया के घर और विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल के बाउंड्री वाल को तोड़ फोड़ कर दिए भुक्तभोगीयो ने संबंधित विभाग से मुआवजा की मांग की।

### पड़िरमा के तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही।** पड़िरमा गांव में बुधवार रात तनाव फैल गया, जब गांव के ही तीन लोगों ने एक ग्रामीण के घर में घुसकर न सिर्फ उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज की, बल्कि ठाकुर समुदाय के लोगों को भी निशाना बनाया. इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात करीब नौ बजे गांव के ही तीन लोग सूरज शर्मा के घर में घुस गए। बताया जा रहा है कि तीनों ने सूरज शर्मा के साथ मारपीट व गाली-गलौज की। जब आसपास के ग्रामीण व ठाकुर समुदाय के लोग घटनास्थल पर जुटे तो आरोपियों ने उन्हें भी निशाना बनाया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इस घटना के बाद सूरज शर्मा ने बरही थाने में लिखित आवेदन दिया, जिसके आधार पर कांड संख्या 227/25 दर्ज कर लिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। इस घटना से गांव में सांप्रदायिक तनाव की आशंका उत्पन्न हो गई है, जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है।

### बरही : फरार अभियुक्त के घर चिपका इश्तिहार

**बरही।** बरही महिला थाना कांड संख्या 04/23 दिनांक 5/03/2023 धारा 354 (बी) एवं 354 (डी)/504/506 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त पंकज कुमार पिता स्व रामेश्वर राम, सा0 खुर्दजवाड़, पंचायत डपोक, थाना बरही जिला हजारीबाग का माननीय न्यायलय द्वारा निर्गत इश्तिहार को चिपकाया। इस दौरान महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप ने बताया कि अभियुक्त के घर के दरवाजे एवं गांव के चौक – चौराहे पर ढोल बजाकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी गई। मौके पर कई अन्य लोग मौजूद थे।

### योग के लिए अब्दुल कलाम पार्क में बैठक

बरही ।11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर बरही प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला सोशल मीडिया प्रभारी एवं योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने बताया कि उन्हें हजारीबाग जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा योग दिवस पर योग संचालन हेतु आमंत्रित किया गया है। इस पत्र के अनुसार वे जिला मुख्यालय में कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने उपस्थित योग शिक्षकों व योग प्रेमियों से अपील की कि वे बरही में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए संगठित रूप से योग करें और अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करें। योग के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि आसनों से शरीर में शक्ति और लचीलापन आता है, मानसिक शांति मिलती है और आंतरिक अंगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बैठक में सर्वसम्मति से बरही प्रखंड मैदान में योग आयोजन की जिम्मेदारी सह शिक्षक दीपक सोनी को दी गई। इस अवसर पर नरेश यादव, दीपक गुप्ता, रंजीत केसरी, लोकेश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### इचाक : देवकुली की संगीता देवी बेघर



इचाक। मूसलाधार बारिश ने प्रशासनिक लापरवाही की परतें खोल दीं। इचाक प्रखंड के देवकुली पंचायत स्थित बक्सीडीह गांव की मसोमात संगीता देवी, पति स्व. छोटन ठाकुर, का कच्चा मकान तेज बारिश में पूरी तरह ढह गया। संगीता अब पूरी तरह बेघर हैं, उनका सबकुछ मलबे में दफन हो गया। घटना की तस्वीरें और खबरें जब अखबारों की सुर्खियां बनीं, तब जाकर जिला प्रशासन हरकत में आया। हजारीबाग उपायुक्त ने तत्काल इचाक बीडीओ संतोष कुमार को स्थल निरीक्षण का निर्देश दिया। बीडीओ मौके पर पहुंचे, स्थिति का जायजा लिया और वैकल्पिक आश्रय देने की बात कही। बात केवल संगीता देवी की नहीं है। ग्रामसभा में उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में पहले ही शामिल हो चुका था, लेकिन प्रखंड स्तर पर फाइलें धूल फांकती रहीं। मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र दास ने यह भी बताया कि ऐसे कई परिवार हैं जिन्हें सूची में नाम होने के बावजूद आज तक छत नसीब नहीं हुई। सवाल साफ है की जब बारिश की एक रात में छत गिर सकती है, तो कब उठेगी व्यवस्था की नींव? मुखिया मंजू देवी की भावुक अपील प्रशासन के कानों तक पहुंची है , अब नहीं जागे तो पूरा मानसून तबाही बन जाएगा। जरूरतमंदों को तुरंत स्थायी आवास दिया जाए। इस बार सवाल सिर्फ एक छत का नहीं, जनजीवन की गरिमा का है।

### भुरकुंडा में पुल ध्वस्त, आवागमन बाधित

भुरकुंडा (रामगढ़)। पिछले चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने पूरे क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारी बारिश के चलते कई सड़क मार्ग और पुल-पुलियाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर भारी बारिश के कारण आईएजी ग्लास फैक्ट्री की आवासीय कॉलोनी को दुर्गा मंडप से जोड़ने वाली प्रमुख पुलिया पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। इस पुलिया के टूट जाने से कॉलोनी के सैकड़ों लोगों की दैनिक गतिविधियां बाधित हो गई हैं। इस गंभीर समस्या की जानकारी पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, लपंगा पंचायत के मुखिया आनंद दुबे एवं समाजसेवी राजेश मंडल द्वारा बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी को दी गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने स्थल का अवलोकन कराया और आश्वासन दिया कि इस पुलिया का निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक निधि अथवा डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) फंड, जो भी पहले स्वीकृत होगा, उसके माध्यम से इस कार्य को प्राथमिकता पर कराया जाएगा ताकि लोगों को हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

### कुजू में कई खपरैल मकान गिरे

कुजू। पिछले वार दिनों से लगातार बारिश के कारण आम लोगों के जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। साथ ही उनके घरों को काफी नुकसान पहुंचा है। बारिश से मांडू प्रखंड के करमा दक्षिणी पंचायत के द्वारिका महतो, बसंत सोनी सहित अन्य स्थानो में कई खपरैल मकान ध्वस्त हो गया। जिससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पड़ीरमा में फायरिंग से दहशत, प्राथमिकी दर्ज

बरही : बरही थाना अंतर्गत पड़ीरमा गांव में बुधवार रात में गांव के ही एक युवक निरंजन पासवान द्वारा बंदूक से फायरिंग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि गनीमत रही कि फायरिंग से किसी तरह का किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। किंतु ग्रामीणों के बीच दहशत फैल गई है। रात्रि में ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलते ही बरही थाने की पुलिस रात्रि में ही पड़ीरमा गांव पहुंची। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## कोडरमा घाटी में सोना लूटकांड का पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा

# लूटे गए सोने के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

- लूटकांड में प्रयुक्त दो वाहन भी जब्त, लूटे गए सोने को काटने के आरोपी को भी किया गिरफ्तार
- पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को किया गया पुरस्कृत



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** घाटी में बीते 15 जून की रात्रि को छपरा निवासी स्वर्ण व्यवसायी दीपक कुमार गुप्ता से 80 लाख रुपये के 808 ग्राम सोना लूट मामले का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा करते हुए लूटकांड में शामिल चार अपराधियों समेत पांच को गिरफ्तार किया है। साथ ही लूटे गए सोने में से करीब 70 लाख रुपये के 673.7 ग्राम सोना को बरामद किया। इसके अलावे लूटकांड में प्रयुक्त इर्टिका कार बीआर27यू-9580 और एसयूवी कार बीआर21पी-2902 को बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में अमन कुमार पिता राजेश कुमार चौधरी, सोनू कुमार पिता अनिल प्रसाद यादव, नीतीश कुमार पिता स्व. रामनाथ सिंह, टिंकू कुमार पिता स्व. कृष्णा सिंह चारो पुरानी बस स्टैंड रजौली जिला नवादा बिहार निवासी और मो. कासिम उर्फ गोरे पिता स्व. अमीनुद्दीन सत्ती स्थान रजौली, नवादा बिहार के नाम शामिल हैं। पकड़े गए अपराधियों में से टिंकू कुमार पर 20 हजार रुपये लेकर लूटे गए सोने में से 100 ग्राम सोना काटने का आरोप है। उपरोक्त जानकारी शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी अनुदीप सिंह ने दी है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसपी श्री सिंह ने बताया कि बीते 15 जून की रात्रि को कोडरमा थाना क्षेत्र के ताराघाटी के समीप सोनार पट्टी थाना टाउन जिला छपरा बिहार निवासी स्वर्ण व्यवसायी दीपक कुमार गुप्ता पिता गोपाल जी प्रसाद से अपराधियों ने 80 लाख रुपये के 808 ग्राम सोना लूट लिए थे। घटना को लेकर कोडरमा थाना में कांड संख्या 98/25 में मामला दर्ज करते हुए एसपी ने बताया कि सोना लूटकांड मामले को पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया और घटना के उद्भेदन को लेकर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में चार एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एसपी ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस की चारों स्पेशल टीमें त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों की धड़पकड़ को लेकर झारखंड बिहार के विभिन्न सम्भावित ठिकानों पर छापामारी की। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कोडरमा घाटी के रतनपुर मोड़ के पास से भाग रहे संदिग्ध वाहन बीआर27यू-9580 को पीछाकर पकड़ा, उक्त वाहन में सवार व्यक्तियों से सघन पूछताछ की गयी। जिसमें पकड़े गए अमन कुमार, सोनू कुमार, नीतीश कुमार और मो. कासिम ने बताया कि उनके द्वारा सोना लूटकांड की घटना का अंजाम दिया गया है। लूटकांड में शामिल एक अपराधी गुड्डू खान फरार है, वह लूटे गए सोना में से 100 ग्राम सोना लेकर फरार है। उसकी शिनाख्त कर ली गयी है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मौके पर एसपी के अलावे एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी प्रशिक्षु दिवाकर कुमार, थाना प्रभारी विकास पासवान, एसआई प्रेम कुमार, अभिमन्यु पड़िहारी, अरुण कुमार सिंह, रोहित कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### पुलिस पदाधिकारियों को किया गया पुरस्कृत

एसपी अनुदीप सिंह ने इस कांड के उद्भेदन के लिए गठित टीमों में शामिल प्रत्येक पुलिस पदाधिकारियों को 2000 रुपये एवं सशस्त्र बल में शामिल प्रत्येक पुलिस कर्मियों को 1000 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

### प्रातः 7 बजे से 11वां अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा योग कार्यक्रम, जिलेवासियों से शामिल होने की अपील

**कोडरमा।** निदेशक आयुष, आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के मार्गदर्शन में 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के अवसर पर जिले में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त ऋतुराज के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम दिनांक 21 जून को प्रातः 7 बजे से शिव वाटिका, महाराणा प्रताप चौक के समीप आयोजित होगा। उपायुक्त ने कार्यक्रम की समुचित तैयारी एवं बेहतर संचालन हेतु जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिला खेल पदाधिकारी को भी आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने हेतु सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार को चिकित्सा वाहन के साथ चिकित्सक एवं पारा मेडिकल कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया है। इस अवसर पर जिले के सभी योग प्रेमियों, स्कूली बच्चों, युवाओं एवं आम नागरिकों से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की अपील की गई है।

### ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमन्त्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत प्रखंड मरकच्चो के डगरनवां पंचायत स्थित ग्राम कटियो में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवार को केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं का लाभ उनके घरों तक पहुंचाने के लिए किया जाना है। शिविर में 6 आधार कार्ड बनाया गया, 10 मनरेगा जॉब कार्ड, 30 आयुष्मान कार्ड, 11 जन धन खाता, 13 पेंशन, 21 सिकल टेस्ट, 12 जाति प्रमाण पत्र, 120 राशन से संबंधित, 12 आवासीय प्रमाण पत्र, 80 लाभुकों को इंद्रधनुष योजना का लाभ दिया गया, 7 मुद्रा योजना आदि योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया गया। वहीं शिविर का आयोजन कर के सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहे है। शिविर में ओपीडी के तहत 112 लाभुकों का स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त दवा का वितरण किया गया। मौके पर शोभा देवी, चितरंजन कुमार, डॉ.दिनेश कुमार, राजेश कुमार, बिमलेश पासवान, जावेद अली, लेखराज दास, दीपक कुमार, कमल कुमार, श्यामसुंदर प्रसाद, किशोर यादव, दिलीप महतो मौजूद थे।

### बासी रसगुल्ला खाने से एक ही परिवार के सात लोग बीमार

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटैया पंचायत के असनाकोनी गांव में गुरुवार की रात्रि बासी रसगुल्ला व अन्य भोजन खाने से एक ही परिवार के लगभग 7 लोगों की तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां तथा गांव के प्राईवेट डाक्टरों के यहां लेकर जाया गया, जहां छोटे इलाज के बाद लोगों की स्थिति में सुधार हुआ। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कटैया पंचायत के असनाकोनी गांव के रहने वाले जगदीश राम व ललन राम के यहां उनके पिता की श्राद्ध कर्म बुधवार की रात को हुआ। इसमें कटैया व आसपास के करीब 200 लोगों ने भोजन किया। वहीं गुरुवार की सुबह में लोगों के घर जाकर बचा रसगुल्ला दिया गया, जिसे खाने के बाद लोगों को उल्टी व दस्त शुरू हो गया, इसके बाद अफरातफरी मच गई। कुछ लोगों ने रसगुल्ला फेंक दिया। लेकिन जिसने भी खाया उसकी तबियत बिगड़ गई। वहीं बताया जाता है कि रसगुल्ला गोविंदपुर के कारीगरों द्वारा बनवाया गया था। वहीं डॉक्टर का कहना है कि मिठाई विषाक्त हो गई थी। समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने से स्थिति नियंत्रित हो गई। यदि बीमार लोगों को देर से उनके पास लाया जाता तो स्थिति बिगड़ जाती। जिन लोगों की हालत बिगड़ी उनमें 8 वर्षीय रितिक कुमार, 14 वर्षीय कृष कुमार, 12 वर्षीय निशा कुमारी, 12 वर्षीय नेहा कुमारी, 8 वर्षीय आशीष कुमार, 5 वर्षीय रिशु कुमार तथा 12 वर्षीय आर्यन कुमार आदि के नाम शामिल हैं।

### विनय बने कोडरमा डिस्ट्रिक्ट होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष



**कोडरमा।** डिस्ट्रिक्ट होटल एसोसिएशन की विशेष वार्षिक बैठक होटल कृष्णा इंटरनेशनल में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य एसोसिएशन के नए सत्र के लिए पदाधिकारियों का चुनाव करना था। हर दो साल में एसोसिएशन के नए सत्र में नए पदाधिकारियों का चयन किया जाता है, जिससे कि एसोसिएशन में नई ऊर्जा का संचलन हो। एसोसिएशन के सभी सदस्यों की सहमति से कोडरमा डिस्ट्रिक्ट होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर होटल तारा टावर के संचालक विनय सिंह, उपाध्यक्ष के पद पर मनीष सूद, होटल कृष्णा इंटरनेशनल, सचिव के पद पर पल्लव कुमार वर्णवाल, शगुन बैंक्वेट एंड होटल तथा कोषाध्यक्ष के पद पर सुधीर सिंह होटल द युवराज का चयन किया गया। वहीं एसोसिएशन के द्वारा भविष्य में कई सामाजिक कार्यों को भी करने का निश्चय किया गया। बैठक में मनीष सूद, नवनीत वर्णवाल, राकेश जैन, अरुण सूद, आशीष छाबडा, अभिषेक कुमार, उमा शंकर प्रसाद, राहुल यादव, देवेश भगत, गौरव चौधरी, शशि कुमार आदि मौजूद थे।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** अवैध बालू उत्खनन को लेकर जिला प्रशासन काफी सक्रिय है। वहीं शुक्रवार सुबह नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना ले आये। उन्होंने बताया कि अवैध बालू उत्खनन को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। ट्रैक्टर निमाडीह नदी से बालू लाद कर पूर्णाडीह की ओर जा रहे थे। इसी दौरान थाना क्षेत्र के बच्छेडीह में उक्त दोनों बालू लदे ट्रैक्टरों के चालकों से बालू संबंधित कागजात की मांग की गई। ट्रैक्टर चालक के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं दोनों ट्रैक्टरों को जब्त करते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए नवलशाही थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

## झारखंड विधानसभा लोक लेखा समिति की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड विधान सभा लोक लेखा समिति ने परिसदन स्थित सभाकक्ष में समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह बरही विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों को सरकार ने जो राशि आवंटित की है, उसका लेखा जोखा के साथ-साथ कार्य की भी समीक्षा हुई। राशि आवंटन के विरुद्ध विभाग द्वारा कराये गये कार्य तथा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि के बारे में भी जानकारी ली गयी। बैठक में समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कई विभागों ने अपना निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं किया है। समिति के अध्यक्ष ने इस संबंध में विभाग के पदाधिकारियों से जवाब तलब किया। बैठक में मुख्य रूप से विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य नमन विक्सल कोनगाड़ी, जगत माझी, सुखराम उरांव एवं उपायुक्त ऋतुराज, एसपी अनुदीप सिंह, डीएफओ सौमित्र शुक्ला, एसी पूनम कुजूर, डीटीओ विजय कुमार सोनी आदि उपस्थित थे। बैठक के पश्चात समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार यादव सहित समिति के अन्य सदस्यों नमन विक्सल कोनगाड़ी, जगत माझी एवं सुखराम उरांव ने कोडरमा में स्थित डीवीसी केटीपीएस, बांझेडीह का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना प्रबंधक के साथ बैठक कर परियोजना की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के उपलक्ष्य में 20 जून को एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को योग की महत्ता और दैनिक जीवन में उसके लाभों के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षक आकाश कुमार सेठ द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, प्राणायाम और ध्यान जैसे विभिन्न योगाभ्यास कराए। उन्होंने बताया कि योग तन और मन को स्वस्थ रखने का प्रभावशाली माध्यम है तथा विद्यार्थियों में एकाग्रता, आत्मविश्वास और अनुशासन विकसित करता है। वहीं निदेशक ओम प्रकाश राय, उप प्राचार्य नवल किशोर आनंद और प्रशासक सुनील कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विजय प्रकाश, कमलेश कुमार, राजेंद्र कुमार, अजय कुमार राणा, विकाश कुमार, शिवम सिंह, तबारक अंसारी, केदार कुमार, मनीष कुमार, नीतू कुमारी, जया लक्ष्मी, संध्या कुमारी, अनिता कुमारी, आरती कुमारी, फूल कुमारी, इंद्रमणि कुमारी, रूपा गुप्ता, लक्ष्मी कुमारी, संध्या सिंह, प्रियंका सलूजा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### नव पदस्थापित डीडीसी ने किया पदभार ग्रहण



**कोडरमा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में नव पदस्थापित डीडीसी रवि जैन (भाप्रसे.) ने पदभार ग्रहण किया। उन्हें यह पदभार उपायुक्त सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने श्री जैन को उनके नवीन दायित्वों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और दक्षता के साथ जिले के समग्र विकास को नई दिशा प्रदान करेंगे। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान एसडीओ रिया सिंह, एसी पूनम कुजूर, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसओ अविनाश पुर्णेंदु सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### आजसू का स्थापना दिवस समारोह 22 जून को रांची में



**कोडरमा।** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस समारोह 22 जून को रांची के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में भव्य तरीके से मनाया जायेगा। इस आयोजन में भाग लेने एवं तैयारियों की एक समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष राजकुमार मेहता की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता ने कहा कि आजसू पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन वाली पार्टी भी है। यह आंदोलन झारखंड की अस्मिता, अधिकार और विकास के लिए है। आगामी 22 जून को स्थापना दिवस हमारे लिए केवल उत्सव नहीं, बल्कि यह दृढ संकल्प लेने का दिन है। यह दिन है गांव, गरीब, किसान, नौजवान युवा और महिलाओं की आवाज बनने का। कोडरमा जिला भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रांची में सुनिश्चित करने की अपील की है।

## मुसौवा में बीच सड़क पर जलजमाव से राहगीरों को हो रही है परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**जयनगर (कोडरमा)।** परसाबाद एवं बाघमारा के बीच मुसौवा के बीच सड़क पर बरसात का पानी जल जमाव हो जाने के कारण आने जाने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

बता दें कि प्रखंड मुख्यालय जाने का यही मुख्य सड़क होने के कारण प्रत्येक दिन काफी संख्या में लोगों का इसी रास्ते से आवागमन करते है, जिस कारण अगल-बगल वाले लोगों को रहने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ज्ञात हो कि हल्की सी वर्षा में भी तलाब जैसा दृश्य बन जाता है। वहीं राहगीरों ने बताया कि बीच सड़क पर गड्ढा हो जाने के कारण बरसात का पानी बीच सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रखंड प्रशासन को अवगत करवाया गया, परंतु आज तक किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया।

## खबर एक नजर में

### सिकरी गांव जाने वाली मुख्य सड़क पानी की धार में बही, आवागमन ठप

- निजी मद से मुखिया बिनोद महतो कर रहे हैं सड़क मरम्मती का प्रयास



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखण्ड के सिकरी गांव के पावर ग्रिड के करीब तेज पानी की धार में मुख्य पक्की सड़क टूट कर पानी की धार में बिखर गयी है। जिससे कई गांवों से आने-जाने वाले लोग इस सड़क से वंचित हो गए हैं। जिसे लेकर मुखिया सह मुखिया अध्यक्ष बिनोद महतो द्वारा अपने निजी मद से उक्त टूटी हुई सड़क को जेसीबी के माध्यम से मरम्मती कराने का प्रयास जारी है। आपको बता दें कि उक्त सिकरी मुख्य सड़क सिमरिया से हजारीबाग-जानेवाली एनएच 100 से लेकर सिकरी होते हुए नावाडीह पत्थलगड़ा चली जाती है। हालांकि सड़क टूट जाने से सिकरी गांव के लोग अब नावाडीह इचाक, डमौल होते हुए रोल पॉवर ग्रिड होते सिमरिया या हजारीबाग जा सकते हैं। यानी सिमरिया आने के लिए अब सिकरी गांव वासियों को पांच किलोमीटर की जगह अब 20 किलोमीटर तय करना होगा। वैसे में सिकरी गांव वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### किशोरी हुई लापता, मां ने दिया थाना में आवेदन



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुनीता देवी उम्र 40 वर्ष पति सुरेंद्र राणा ने शुक्रवार को थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें लिखा गया है कि उनकी पुत्री पूजा कुमारी उम्र लगभग 15 वर्ष पिछले 16 जून से लापता है, अब तक कहीं भी इसकी जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चल पाया। जिसे लेकर परिजन परेशान हैं। किशोरी की मां सुनीता देवी ने गिद्धौर थाना में लिखित आवेदन देकर खोजबीन करने का अनुरोध किया है।

### आशीष दांगी बने पत्थलगड़ा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** चतरा लोक सभा सांसद कालीचरण सिंह ने पत्थलगड़ा प्रखंड के प्रतिनिधित्व के लिए पत्थलगड़ा ग्राम निवासी आशीष कुमार दांगी को सांसद प्रतिनिधि मनोनीत कर बड़े ही जिम्मेदारी सौंपी है। आशीष कुमार दांगी हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष हैं। ये शुरू से ही हिंदू संगठन विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल में कार्य कर चुके हैं। हिंदू हित के लिए आशीष दांगी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। ऐसे में युवा आशीष दांगी को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर प्रखंड में उत्साह है। वहीं आशीष दांगी दायित्व ने कहा कि जिस आशा और उम्मीद के साथ मुझे सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है मैं निस्वार्थ भावना के साथ संकल्पित होकर कार्य करूंगा। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आशीष कुमार दांगी प्रखंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आशीष दांगी को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार दांगी, अरविंद ठाकुर, वासुदेव दांगी, तिलेश्वर राणा, हरीश दांगी, मुकेश कुमार, बीरबल दांगी, संदीप सिंह, विमल सिंह, दुर्गेश कुमार, अवध किशोर दांगी, मनीष सिंह के अलावे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं व हिंदू संगठन के कार्यकताओं एवं प्रखंड वासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### एनएच 100 में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान को लेकर कैंप आज : सीओ



**सिमरिया (चतरा)।** अंचल सिमरिया द्वारा एनएच 100 नया 522 जिसकी लम्बाई 3.16 किलोमीटर सिमरिया बाईपास निर्माण को लेकर अधिगृहित भूमि का मुआवजा रैयतों को लेने के लिए दिनांक 21 जून शनिवार को समय 10.30 बजे बानासांडी पंचायत सचिवालय में सिमरिया अंचल कार्यालय के द्वारा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लाभुक अपने अधिगृहित भूमि का दस्तावेज लाकर अंचल कर्मियों को सुपुर्द करें। यह आदेश जिला उपायुक्त सह दंडाधिकारी चतरा द्वारा पत्र प्रेषित कर अंचल कार्यालय को भेजा गया है। अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय ने कहा है कि जिन जिन किसानों को अभी तक उक्त बाईपास सड़क में अधिगृहित भूमि का मुआवजा नहीं मिला है वे पंचायत सचिवालय बानासांडी में पहुंच कर अपना खतियान या केवला, भूमि का अंचल द्वारा निर्गत लगान रसीद, वंशावली, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, सीसी भौउचर, उप निरीक्षक द्वारा अभिप्रमाणित सहमति आदि कागजात लेकर उक्त कैंप में पहुंचें। उक्त निर्धारित समय या तिथि को अधिगृहित भूमि का मुआवजा प्राप्त करने के लिए नहीं पहुंचे तो निर्धारित मुआवजा राशि को प्रधान जिला एवं सत्र न्याधीश चतरा न्यालय में हस्तांतरित कर दिया जाएगा। इसे अति आवश्यक समझ कर समय पर उपस्थित होकर मौजूद कर्मियों को अपना अपना दस्तावेज जांच कर कर सौंपे।

### मजदूरी करने गए व्यक्ति की गुजरात में मौत

**सिमरिया (चतरा)।** थाना क्षेत्र के धनेश्वर सुखदेव नामक व्यक्ति की गुजरात स्थित जामनगर में मौत हो गई है। उक्त व्यक्ति गुजरात मजदूरी करने गया था। मौत का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। मृतक धनेश्वर सुखदेव की पत्नी का नाम पूनम देवी बताया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक मृतक का गांव की पहचान नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार मृतक पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा था।

### वज्रपात से पांच मवेशी की मौत, मुआवजे की मांग

**सिमरिया (चतरा)।** थाना क्षेत्र के कसारी पंचायत स्थित चोरबोरा गांव में वज्रपात होने से पांच मवेशियों की मौत हो गई है। मवेशी इसी गांव निवासी कैला गंझू, दासो गंझू, रामचंद्र गंझू, सूरज गंझू और तुला गंझू के थे । सभी भुक्तभोगियों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में इस तरह की घटना हो जाने से हम लोगों के बीच खेती करने को लेकर काफी समस्या उत्पन्न हो गई है।

### बारिश में कच्चा मकान गिरने से दो वर्षीय बच्चे की मौत



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के लेम्बुआ गांव में मूसलाधार बारिश के कारण शुक्रवार को एक मिट्टी का कच्चा मकान गिर गया। इस दौरान घर में सो रहे दो वर्षीय मासूम बच्चे की दबने से मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान गांव के राहुल उर्फ कैला भुईयां के दो वर्षीय पुत्र के रूप में की गई। घटना में मासूम बच्चे की मौत से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना को लेकर बताया गया कि जिस वक्त घटना घटी परिवार के सभी लोग बच्चों को सुलाकर पास में ही बैठे हुए थे। तभी एकाएक घर की छत व दीवार दोनों एक साथ धराशाई हो गयी।

## जयनगर में सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

- गांधी घाट खेल मैदान में कुल 15 टीमों ने लिया हिस्सा, विजेता टीमों को मिला सम्मान



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड संसाधन केंद्र के तत्वावधान में शुक्रवार को गांधी घाट सरमाटांड़ खेल मैदान में 64वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ गौतम कुमार, प्रखंड प्रमुख अंजू कुमारी, मुखिया सविता देवी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की कुल 15 टीमों ने भाग लिया। उत्साह और खेल भावना से ओतप्रोत इस आयोजन का शुभारंभ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राधा सिंह ने फुटबॉल को किक मारकर किया। मुख्य अतिथि बीडीओ गौतम कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे राज्य के कई बच्चों ने खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रौशन किया है। वहीं प्रखंड प्रमुख अंजू कुमारी ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल से न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगरनाथ प्रसाद ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों को अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास की शिक्षा मिलती है। वहीं बीपीओ राधा सिंह ने फुटबॉल के लाभ गिनाते हुए बताया कि यह खेल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि सामाजिक कौशल और आत्म-विश्वास बढ़ाने में भी मदद करता है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को शिल्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विकास यादव, सुजीत यादव, नीरज कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, विकास राम, अजय राणा, सकलदेव राम, नागेश्वर प्रसाद साव, वीरेंद्र राय, जिला दामोदर यादव, प्रतिभा शर्मा, सुजीत कुमार सिन्हा, नलिन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र साव, सीताराम कुमार सहित कई शिक्षक एवं खेल प्रेमी मौजूद थे।

### जयनगर में साप्ताहिक समेकित समीक्षा बैठक संपन्न

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को बीडीओ गौतम कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय साप्ताहिक समेकित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रमुख विकास योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई तथा लंबित कार्यों के शीघ्र निष्पादन पर बल दिया गया। बैठक में मनरेगा, पीएम आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित योजना, पेंशन योजनाएं, 15वां वित्त आयोग, पंचायत राज से संबंधित योजनाएं, पुस्तक ज्ञान केंद्र, तथा जन्म-मृत्यु और विवाह निबंधन जैसे विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बीपीओ विकास कुमार सिंह, सहायक अभियंता तारिक अनवर, सभी कनीय अभियंता, सभी पंचायत सचिव, सभी ग्राम रोजगार सेवक, सभी बीएफटी, सुमित कुमार झा, प्रेम कुमार सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी एवं प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम महोत्सव का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत शुक्रवार को प्रखंड में आम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रखंड की विभिन्न पंचायतों जैसे कि नईटांड, बेको, हीरोडीह, ककरचोली एवं अन्य पंचायतों से आए लाभुक किसानों ने अपने बागवानी क्षेत्र में उगाए गए आम की विभिन्न प्रजातियों का आकर्षक प्रदर्शन किया। महोत्सव में प्रदर्शित आम की प्रमुख किस्मों में दूधिया मालदा, दशहरी, मलिका और अमरपाली प्रमुख रहे, जिन्हें उपस्थित लोगों को खूब आकर्षित किया। लाभुकों ने न केवल अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया, बल्कि प्राकृतिक खेती और हरित ग्राम विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी साझा की। मौके पर बीडीओ गौतम कुमार, बीपीओ विकास कुमार सिंह, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी तथा अन्य विभागीय कर्मियों के साथ-साथ प्रखंड भर से आए कई किसान लाभुक और ग्रामीण मौजूद थे।

## जिले के 23 बेटियों को मिली नई उड़ान, बेंगलुरु में जॉब ज्वाइन करने को तैयार : उपायुक्त

- सभी छात्राओं ने असेंबली लाइन ऑपरेटर का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक किया है पूर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** कल्याण विभाग, झारखंड सरकार की विशेष पहल प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल चतरा की बैच संख्या 28 की 23 छात्राओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। सभी छात्राओं ने असेंबली लाइन ऑपरेटर का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूर्ण किया है और उन्हें बेंगलुरु, कर्नाटक स्थित एक प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी मिली है।इस अवसर पर समाहरणालय चतरा के सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त कृतिश्री शामिल हुईं। उनके साथ उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा और जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित भी उपस्थित थे। तीनों अधिकारियों ने छात्राओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

उपायुक्त ने छात्राओं से संवाद कर उनके आत्मविश्वास और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य की बेटियां आज देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर काम कर रही हैं, यह झारखंड के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में प्रेझा फाउंडेशन की ओर से ऑप्स एरिया मैनेजर मोहम्मद सैफ, एसोसिएट एरिया मैनेजर धनंजय कुमार, गुरुकुल के प्राचार्य दिनेश प्रसाद, रौनक कुमार एमई, अरविंद सिंह एमई, श्रवण राणा एमई, शुभम कुमार ट्रेनर एवं मृत्युंजय कुमार एम आईएस भी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद ये सभी छात्राएं कल बेंगलुरु के लिए प्रस्थान करेंगी और अपनी नई नौकरी की शुरुआत करेंगी।

**स्पीड न्यूज**

## पालकोट में चलाया गया वाहन जांच अभियान, 25 हजार जुर्माना वसूला



**गुमला।** मोटरयान निरीक्षक रोबिन अजय सिंह व पालकोट पुलिस के द्वारा शुक्रवार को सड़क सुरक्षा को लेकर पालकोट प्रखंड मुख्यालय में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जामां के निर्देशानुसार चलाया गया। जिसमें सभी मोटरसाइकिल वाहनों से कागजात से संबंधित त्रुटियों की जांच की गयी। आवश्यक दस्तावेज जैसे हेलमेट, इंसुरेंस, ड्राइविंग, लाइसेंस, पोल्यूशन नहीं लेकर यात्रा करने तथा वाहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। यह जांच अभियान शाम 03:00 बजे से शाम 03:40 बजे तक चलाया गया। जांच की इस प्रक्रिया में दण्ड राशि वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर 15 वाहनों से 25,000 रुपये की वसूली गयी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के मद्देनजर ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे और हेलमेट न पहनने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह कदम सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

## स्व. हरिशंकर सिंघानिया की जयंती पर जेके लक्ष्मी सीमेंट संस्था ने रक्तदान शिविर लगाया



**गुमला।** स्व. हरिशंकर सिंघानिया की 92वीं जयंती पर जेके लक्ष्मी सीमेंट संस्था द्वारा शनिवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 13 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में बिपुल फोगला, योगेश सोनी, सागर ओरांव, यश राज, शशिकांत कुमार, उज्जवल, अनुज, विजय कुमार सिंह, राजकुमार, अनिल कुमार नाग, लक्ष्मी, अख्तर अंसारी, पोपट जी ने रक्तदान किया। मौके पर ब्रिज किशोर फोगला ने कहा कि रक्तदान महादान है। हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। इससे शरीर का विकार भी दूर हो जाता है। रक्तदान करके हम पीड़ित मानवता की सेवा भी कर सकते हैं। इस अवसर पर शिविर में डीएस डॉ सुनील राम, डॉ पी भगत, ब्रिज किशोर फोगला, बिपुल फोगला, लैब तकनीशियन राकेश कुमार सिंह, अंजू किंडो, संगीता उपस्थित थे।

## बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क में योग शिविर आज

**गुमला।** योग परिवार अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क के आनंदमयी भवन के प्रांगण मे प्रातः 6 से 7:30 बजे तक योग क्लास का आयोजन योग गुरु संजय साहु के नेतृत्व में करेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डाक्टर हेमंत कुमार, डाक्टर कृष्ण कुमार एवं डाक्टर सुगेन्द्र साय सयुंक्त रूप से उपस्थित होकर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। यह जानकारी योग परिवार गुमला के अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल ने दी है।

## घाघरा में बीएलओ को बूथ केंद्र का नजरिया नक्शा तैयार करने का दिया गया प्रशिक्षण



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में निर्वाचन विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण बीएलओ, पर्यवेक्षक, अमीन, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, प्रखंड समन्वयक को बूथ केंद्रों का नजरिया नक्शा तैयार करने के उद्देश्य से दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलओ कर्मियों को बताया कि कैसे वे अपने–अपने मतदान केंद्रों का सटीक नक्शा तैयार करें। जिसमें प्रवेश द्वार, मतदान कक्ष, लाइन की व्यवस्था, रैंप जैसी मूलभूत सुविधाओं को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुगम पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में विशेष ध्यान देने की बात कही गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर कंप्यूटर सहायक ज्योतिलाल महतो द्वारा नक्शा तैयार करने की प्रक्रिया को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। साथ ही बीएलओ कर्मियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। साथ ही यह भी कहा कि नक्शा आगामी चुनाव की पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी बीएलओ से अपेक्षा जताई कि वे निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूर्ण करेंगे। मौके पर कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो, कनीय अभियंता सतीश कुमार, सहित कोई पर्यवेक्षक बीएलओ कर्मी उपस्थित थे।

## हीरादह धाम परिसर में रथ यात्रा एवं सांस्कृतिक मेला को लेकर बैठक आयोजित



**रायडीह।** रथ यात्रा को लेकर हीरादह धाम परिसर में पूजा आयोजन समिति की बैठक अध्यक्ष सूरज सिंह की अध्क्षता में हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष: तिथि द्वितीया 27 जून को रायडीह प्रखण्ड के हीरादह धाम परिसर में संध्या 4: 00, बजे रथ यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेला का आयोजन करना भी सुनिश्चित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संरक्षक अशोक सिंह ने कहा कि पूर्व निर्धारित तिथि पर राधा कृष्ण का प्राण प्रतिष्ठा रथ यात्रा के समय ही सुनिश्चित किया गया था। परन्तु कुछ कारण वश अगला तिथि निर्धारित कर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जाएगा। वर्तमान में भगवान जगन्नाथ स्वामी का रथ यात्रा एवं धार्मिक सांस्कृतिक मेला का कार्यक्रम होना तय किया गया है। बैठक में मुख्य रुप से समिति के अध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव जयराम सिंह, सह सचिव, फलिन्द्र सिंह, संरक्षक, अशोक सिंह, सदस्य सत्यनारायण सिंह, शिवशंकर सिंह, चन्दपाल सिंह, जयनाथ सिंह, रामदेव सिंह, शिवनारायण सिंह, बिष्णु सिंह, राजकुमार सिंह, रामकेश्वर सिंह, तिजु सिंह, रंजित नाग, आदी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने की जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की समीक्षा, दिये निर्देश

# बारिश के मौसम को देखते हुए प्राकृतिक आपदा की करें पूर्व तैयारी

- वज्रपात से चार व अन्य प्राकृतिक आपदा से मरे लोगों के परिजनों से मिले 63 आवेदनों को मुआवजा हेतु दी गई स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना से हुए मानव क्षति, नदी में डूबने से मौत और वज्रपात से हुई मौत समेत प्राकृतिक आपदा से फसल एवं मकान क्षति से संबंधित मामलों व इससे लाभुकों को मिलने वाले मुआवजा राशि के संबंध में समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत वज्रपात से चार मृतकों के आश्रितों के बीच मुआवजा राशि की स्वीकृत प्रदान की गई है। वहीं विभिन्न प्राकृतिक आपदा से मृतकों के आश्रितों के कुल 63 आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान की गई है। अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाईक द्वारा सड़क दुर्घटना के बढ़ते मामलों एवं उसकी रोकथाम के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने यह भी बताया कि सर्पदंश से हुई मृत्यु की पोस्टमार्टम रिपोर्ट अवश्य संबंधित विभाग को उपलब्ध कराएं। जिले के अंतर्गत आनेवाले सभी वॉटरफॉल, नदी तालाब के आसपास के क्षेत्रों में खतरे से संबंधित सूचना हेतु बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए गए। बारिश के मौसम को देखते बाढ़ आदि जैसे प्राकृतिक आपदा के लिए पूर्व तैयारी कर लेने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में सभी बीडीओ एवं सीओ को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने प्रखंड एवं अंचल में पंचायत भवन, पीडीएस दुकान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सीएससी अथवा अन्य सार्वजनिक जगहों पर आपदा राहत एवं बचाव संबंधी पेंटिंग एवं बोर्ड यथाशीघ्र लगाना सुनिश्चित करेंगे। जिससे आमजनों को ज्यादा से ज्यादा इसकी जानकारी हो सके। साथ ही हिट एंड रन एवं प्राकृतिक आपदा की जानकारी के संबंध में भी आमजनों तक प्रचार प्रसार कराने हेतु दीवार पर पेंटिंग एवं बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला, सिविल सर्जन गुमला, एलआरडीसी, एसडीओ गुमला सदर, एसडीओ चैनपुर, डीएसपी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।



# गुमला में भारी वर्षा से पेयजल आपूर्ति ठप, जनता बेहाल

- चार दिनों से शहर में नहीं हुई जलापूर्ति, सामाजिक कार्यकर्ता शिशिर गुप्ता ने प्रशासन से तत्परता के साथ समाधान की लगाई गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में बीते कुछ दिनों से मुसलाधार बारिश का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां एक ओर बारिश ने खेतों को जीवन दिया है। वहीं दूसरी ओर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो जाने से नागरिकों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। पिछले चार दिनों से गुमला के शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति नहीं की गई। जिससे जनता परेशान है। कई परिवार ऐसे हैं जहां बच्चे बारिश का पानी बाल्टी में भरकर पीने को विवश हैं। इस विकट स्थिति को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता शिशिर गुप्ता ने प्रशासन से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन तत्काल जलापूर्ति समस्या का समाधान करे। नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी जनता की पीड़ा को समझते हुए जलापूर्ति में आ रही समस्या का समाधान करे। श्री गुप्ता ने तत्काल प्रभावित क्षेत्रों में जल टैंकर भेजकर आपातकालीन जलापूर्ति शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विकसित कॉलोनियों और ग्रामीण बस्तियों में प्राथमिकता के आधार पर पाइपलाइन की मरम्मत कर, जल प्रवाह को बहाल किया जाए। वार्ड स्तर पर प्रशासनिक प्रतिनिधियों और नागरिक स्वयंसेवकों की टीम बनाकर जनसमस्या का वास्तविक मूल्यांकन नगर परिषद करे। श्री गुप्ता ने कहा कि इस मानवीय संकट को केवल तकनीकी गड़बड़ी न समझा जाए, बल्कि इसे एक जल-संकट आपदा मानते हुए त्वरित और ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि आगामी 24 घंटों में कोई ठोस समाधान नहीं निकलता तो वे जन सहयोग से शांतिपूर्ण जनआंदोलन या हस्ताक्षर अभियान शुरू करेंगे।



## प्रदेश कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए जिप सदस्य संदीप कुमार



**लोहरदगा।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा संगठन को मजबूती देने को लेकर लगातार मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य के सभी जिले के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड प्रभारी के.राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई दिग्गज कांग्रेसी नेता शामिल हुए। मौके पर लोहरदगा से राजीव गांधी पंचायती राज के जिला संयोजक सह किस्को जिप सदस्य संदीप कुमार भी इस कार्यक्रम में शामिल होकर जिले में संगठन को मजबूत बनाने को लेकर अपने विचार रखे। इस मौके पर प्रभारी के. राजू ने संगठन को कैसे मजबूत करना है और प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष के माध्यम से बूथ स्तर तक संगठन का कैसे सृजन करना है आदि को लेकर विस्तार से चर्चा की। मौके पर संदीप कुमार ने लोहरदगा में संगठन की मजबूती को लेकर प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष अपनी बात रखी। कार्यक्रम में राज्य के सभी जिले से प्रतिनिधि शामिल हुए।

## बीडीओ और थाना प्रभारी ने लिया बारिश से हुए नुकसान का जायजा

**कैरो।** प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्या, अंचल अधिकारी कुमारी शीला उरांव व थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने प्रखंड क्षेत्र में हुए बारिश से नुकसान को लेकर सढ़ाबे व हनहट पंचायत के विभिन्न गांवों का निरीक्षण किया। इस क्रम में खरता गेंदा मैदान के पास मुख्य सड़क का कटाव, दक्षिणी कोयल नदी का जर्जर पुल सहित अन्य नुकसान का निरीक्षण कर बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि जो प्रखंड स्तर पर हो सकता है उसे किया जाएगा और जो बड़े स्तर का मामला हो उसको जिला को अवगत कराते हुए लिखा जाएगा। साथ ही अंचल अधिकारी द्वारा सभी घर मकान सहित हुए नुकसान को लेकर पीड़ितों को आवेदन जमा करने की अपील की गयी है, ताकि बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाया जा सके।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- खिलाड़ियों ने दिया नशामुक्त भारत का संदेश, प्रतियोगिता के बालक वर्ग में आकाशदीप किंडो व बालिका वर्ग में प्रीति बिलुंग रही प्रथम स्थान पर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को गुमला जिले में एक विशेष क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आवासीय, डे बोर्डिंग, क्रीड़ा किसलय एवं खेलो इंडिया केंद्र के खिलाड़ियों सहित जिले भर से कुल 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला खेल पदाधिकारी श्री मनोज कुमार ने की। 11 किलोमीटर की इस क्रॉस कंट्री दौड़ के माध्यम से युवाओं से नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु संकल्प लेने का आह्वान किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना एवं उन्हें नशे के दुष्प्रभावों से बचने हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम में सदर अस्पताल गुमला के डीएस श्री सुनील राम, प्रशिक्षिका बीणा केरकेट्टा, प्रशिक्षक मनोज कुमार पाल, इमरान अली, रिजवान अली, महावीर राम लोहरा एवं मंत्री प्रतिनिधि श्री सुनील उरांव विशेष रूप से शामिल हुए। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में आकाशदीप किंडो प्रथम, सुदर्शन उरांव द्वितीय व रवि उरांव तृतीय स्थान पर रहे। जबकि बालिका वर्ग में प्रीति बिलुंग प्रथम, दीपिका सोरेन द्वितीय व सुमन उरांव तृतीय स्थान पर रही। दौड़ के समापन पर सभी प्रतिभागियों को नशा उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करते हुए युवाओं को सकारात्मक दिशा देने की पहल की जा रही।

## चैनपुर में 64 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शानदार आगाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में 64वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ हुआ। जिसमें अंडर-15 बालक, अंडर-17 बालक और अंडर-17 बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का उदघाटन जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, मुखिया शोभा देवी, पंचायत समिति सदस्य आशा लकड़ा, बीपीओ सतेंद्र प्रसाद और स्कूली छात्रों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता का पहला रोमांचक मुकाबला अंडर-17 बालिका वर्ग में आवासीय विद्यालय चैनपुर और राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, तबेला के बीच हुआ। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय तबेला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। वहीं अंडर-15 और अंडर-17 बालक वर्ग में बरवे उच्च विद्यालय ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विजेता टीमों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिप सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, पंचायत समिति आशा लकड़ा, बीपीओ सतेंद्र प्रसाद, सीआरपी, खेल शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे। यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और खेल भावना को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन मंच प्रदान कर रही है।

## जातीय जनगणना और सरना धर्म कोड को लेकर राज्य में भ्रम फैला रहा है झामुमो : देवशरण भगत



**लोहरदगा।** राज्य में जाति जनगणना और सरना धर्म कोड को लेकर सियासी पारा बढ़ा हुआ है। वहीं अब इस पर आजसू पार्टी ने प्रतिक्रिया देते हुए जेएमएम पार्टी पर निशाना साधा है और जातीय जनगणना और सरना धर्म कोड को लेकर राज्य में भ्रम फैलाने का आरोप भी लगाया है। आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने जेएमएम पर निशाना साधते हुए कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा का बयान आता है पहले सरना धर्म कोड लागू हो फिर जातीय जनगणना होगा मतलब ये दोनों को लेकर भ्रम फैलाना चाहते हैं। सरना धर्म कोड लागू हो आजसू पार्टी इसके पक्ष में है लेकिन जातीय जनगणना भी होना चाहिए ताकि देश में सभी समाज का विकास हो और विकास की योजनाओं को गति मिल सके। सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। निश्चित तौर पर जातीय जनगणना के साथ-साथ सरना धर्म कोड का भी कॉलम लागू होना चाहिए।

## लिटिल चैंप फुटबॉल बालक में जटिया व बालिका वर्ग में संत जुडस स्कूल की टीम बनी विजेता

- हारी हुई टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है : प्रमुख



**घाघरा।** शिक्षा विभाग द्वारा घाघरा के नवडीहा खेल मैदान में चल रहे लिटिल चैंप फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शुक्रवार को हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच उच्च विद्यालय जटिया बनाम संत जुडस नवडीहा के बीच खेला गया। जिसमें जटिया उच्च विद्यालय ने पेनल्टी शूट में दो गोल से जीत हासिल किया और प्रथम स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में सिर्फ एक टीम संत जूडस नवडीहा ने भाग लिया, जो विजयी रही। वहीं अतिथियों द्वारा शील्ड देकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि हारी हुई टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है। बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि कक्षा 3 से 5 तक का फुटबॉल मैच झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला प्रखंड संसाधन केंद्र शिक्षा विभाग घाघरा द्वारा कराया गया। मौके पर शिक्षक बसंत साहू, सदय प्रताप जायसवाल, मनोज तिवारी, गोपाल कृष्ण, बबीता कुमारी, बसंत तिर्की,एल्बम मिंज, संतराम भगत,हांदु खड़िया सहित कई शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## गुरु परमात्मा के प्रति शिष्यों में आकर्षण पैदा करते हैं : अवधेश तिवारी

- डुमरी में शिवगुरु परिचर्चा का किया गया आयोजन



**डुमरी।** डुमरी शिव मंदिर के समीप शिवगुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ता के रूप में रांची के अवधेश कुमार तिवारी शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित लोगों के बीच मानव जीवन में गुरु की महत्ता एवं पुरातनकाल से चले आ रहे गुरु शिष्य परंपरा के बारे में अवगत कराया। बताया कि बिना गुरु के ज्ञान पाना संभव नहीं है चाहे वो लौकिक जगत में गुरु के रूप में शिक्षक हों या आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से पारलौकिक जगत को सुधारने वाले आध्यात्मिक गुरु हों। गुरु का मुख्य कार्य अपने शिष्यों में परमात्मा के प्रति चाहत पैदा करना आकर्षण पैदा करना है। उन्होंने कहा कि इस जगत के सबसे बड़े गुरु महागुरु, आदिगुरु, जगतगुरु परमात्मा शिव हैं। जिनको सहज ही अपना गुरु बनाने के लिए तीन सूत्र का पालन करना पड़ता है। प्रथम में दया मांगना, द्वितीय में चर्चा करना और तृतीय में नमन करना। दया मांगना में मन ही मन अपने गुरु शिव से दया की याचना करनी है कि हे शिव आप मेरे गुरु हैं मैं आपका शिष्य हूं मुझ शिष्य पर दया कर दीजिए। मौके पर उदय गुप्ता, जया देवी, प्रिया गुप्ता, बेबी देवी, किरण देवी, मीना देवी, करुणा देवी, विद्या देवी, प्रमिला देवी, मौसमी देवी, ललिता देवी, मंजू देवी, शकुंतला देवी, सुनैना देवी, शकुन देवी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थे।

## जिले में रात के अंधेरे में हो रहा है अवैध बालू का उठाव, आदेश के बाद भी प्रशासन रोक लगाने में नाकाम

**लोहरदगा।** जिले में अवैध बालू का उठाव रात के अंधेरे में में किया जा रहा है। आलम यह है कि शहरी क्षेत्र के कई इलाकों में रात में तेज रफ्तार अवैध बालू लोड ट्रैक्टर के चलने से आम लोगो की नींद भी नहीं हो पा रही है। वहीं आए दिन तेज रफ्तार अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर से दुर्घटना भी बढ़ती जा रही है। उसके बावजुद प्रशासन इस पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। वहीं अवैध बालू के कारोबारी बालू का रेट भी मनमाने तरीके से वसूल रहे हैं। जिस तरीके से जिले में अवैध बालू का उठाव हो रहा है, उसके बाद सवाल उठ रहा है कि आखिर एनजीटी का आदेश कहां है। अधिकारियों की टीम कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। आम लोगों के बीच यह चर्चा हो रही है कि किसके संरक्षण से बालू का यह अवैध खेल चल रहा है। लोहरदगा में हर दिन बेखौफ तरीके से सैकड़ों ट्रैक्टर के माध्यम से कोयल और शंख नदी तट से बालू का अवैध उठाव होता है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की बात तो दूर शहर में शाम होते ही बालू लदे ट्रैक्टर खुलेआम दौड़ने लगते हैं। इन्हें न तो नियमों की परवाह है और न ही प्रशासन के कार्रवाई का डर है। चौक-चौराहों पर खड़े बालू माफिया पुलिस-प्रशासन के वाहनों से भी निडर नजर आते हैं। ऐसा लगता है जैसे बालू माफियाओं को संरक्षण प्राप्त है। एनजीटी के आदेश से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव पूरी तरह से प्रतिबंधित है। बावजूद अवैध बालू का उठाव लगातार जारी है।

# फर्स्ट लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

- पढ़ाई के साथ- साथ खेल में रूचि रखना अत्यंत जरूरी: जिप सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बरवे मैदान में अंडर-12 बालक एवं बालिका वर्ग की फर्स्ट लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का उदघाटन किया। जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के महत्व पर विशेष बल दिया गया। प्रतियोगिता का पहला रोमांचक मुकाबला राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय तबेला और आरसी मध्य विद्यालय कटकाही के बीच खेला गया। इस मैच में आरसी मध्य विद्यालय कटकाही ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-0 के बड़े अंतर से जीत हासिल की। बालिका वर्ग में राजकीय बालिका मध्य विद्यालय ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीमों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी रुचि रखना अत्यंत आवश्यक है। खेल न केवल आपको शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है, बल्कि आपके और आपके स्कूल का नाम भी रोशन करता है। उन्होंने खेल को शिक्षा का एक अभिन्न अंग बताते हुए सभी खिलाड़ियों को जिला स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन बीपीओ सतेंद्र प्रसाद ने किया। इस दौरान जिप सदस्य मेरी लकड़ा, बीपीओ सतेंद्र प्रसाद, सीआरपी, बीआरपी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## डीआरडीए निदेशक ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य संस्थानों की नियमित निगरानी एवं सेवाओं के उन्नयन हेतु डीआरडीए निदेशक विद्या भूषण के द्वारा सदर अस्पताल गुमला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में निदेशक ने मलेरिया एवं कुष्ठ उन्मूलन इकाई, ब्लड बैंक, मानसिक स्वास्थ्य केंद्र, रोगी कक्ष, विभिन्न जांच केंद्रों आदि का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से सेवाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की और जनहित में बेहतर कार्य निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, चिकित्सा व्यवस्था की सुचारुता, दवा उपलब्धता और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि रोगियों को समयबद्ध एवं समुचित चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना अस्पताल प्रबंधन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## कंपनी और नगर प्रशासक की लड़ाई में पीस रहे हैं मजदूर : महेश सिंह

- चार महीने से वेतन नहीं मिलने से सफाई कर्मियों को हो रही है परेशानी

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मी मजदूर एसएस डबल्यू प्रा.लि. कम्पनी एवं नगर प्रशासक की आपसी लड़ाई के बीच पीसे जा रहे हैं। उक्त बातें मजदूर नेता महेश सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि दोनों एक-दूसरे पर कर दोषारोपण रहे हैं और सफाई कर्मियों को राशि रहते हुए भी चार महीना से भुगतान नहीं हो पाया है। संगठन से वार्ता करने पर प्रशासक कहते हैं कि हमने भुगतान हेतू पैसा दे दिया है, कम्पनी भुगतान नहीं करती है तो वह जिम्मेवार है और कम्पनी के हेड संजीव कुमार कहते हैं कि हमें पूरा पैसा नहीं मिला है, हम भुगतान कैसे करें? इस तरह नगर प्रशासक और कम्पनी के बीच वेतन भोगी सफाई कर्मी पीस रहे हैं तथा अघोषित रूप से वे दोनों हड़ताल के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जिसका खमियाजा नगर की आम जनता को भुगतना होगा, जो कि संगठन नहीं चाहता है। जब कम्पनी से एमओयू नहीं हुआ था तो भुगतान सही रूप से हो रहा था, परन्तु अभी काफी कठिनाई हो रही है। झारखण्ड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा इस विषय पर उपायुक्त लोहरदगा से संवेदनशील होकर न्यायोचित कार्रवाई का सादर अनुरोध करता है। जिससे दलित-पीड़ित समुदाय के सभी अल्प वेतन भोगी कर्मचारियों को अपने बाल-बच्चे की पढ़ाई-लिखाई, परिवार के बीमार सदस्यों का ईलाज, दुकानदारों के उधार चुकाने तथा खेती-बाड़ी करने में सुविधा हो सके।

# पहली बारिश में ही सड़क की गुणवता की खोल दी पोल, कई जगहों पर सड़क धंसी, फट गये दरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** पथ प्रमंडल लातेहार द्वारा बारियातू से डाढ़ा मोड़ लाटू फूलसु होते हुए हेरहंज मुख्य सड़क एनएच 22 तक 72 करोड़ रुपए की लागत से 23.5 किलोमीटर लम्बी सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य संवेदक दिनेश चन्द्र आर अग्रवाल इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद को सौंपा गया है। डाढ़ा मोड़ से रुद के बीच कलवट के पास सड़क धंस गया है। वहीं सड़क दरार भी फट गया है। जिससे गुणवता को पोल खोल कर रख दिया है। संवेदक द्वारा सड़क चौड़ीकरण पक्कीकरण निर्माण


सड़क में आई दरारे।


कलवट के पास बह रहे एप्रोच

कार्य लगभग दो तिहाई पूर्ण कर चुकी गई है। गुणवत्ता को लेकर इसके पूर्व भी कई हिंदी दैनिक मे खबर भी प्रमुखता से प्रकाशित की गई लेकिन कार्य मे अब तक कोई सुधार नहीं किया गया। यहां तक की फटे हुए दरार और धंसे हुए सड़क स्थल पर राबीस (डस्ट) डालकर छुपाने का भी भरपूर प्रयास किया जा रहा है। बरसात की पहली बारिश से डाढा मोड़ से रुद मोड़ के बीच सड़क धस गई और जगह जगह पर एप्रोच बहना शुरू हो गया है।

जिसके कारण सड़क में जगह-जगह दरार पड़ने लगा है । जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष लाल आशीषनाथ शाहदेव ने बताया कि बुधवार को कार से पैतृक गांव फुलसु से बारियातू आ रहे थे कि डाढा मोड़ के आसपास पक्की सड़क पर गाड़ी फस गया मुश्किल से गाड़ी निकालकर आगे बढ़ा। आशीष नाथ ने कहा कि संवेदक द्वारा नियमों को ताक पर रख घटिया काम कर सरकारी नियमों को उल्लंघन किया जा रहा है। बरसात की पहली बारिश से सड़क का यह हाल बना गया है तो अभी पूरी बरसात बाकी है। लम्बे समय इंतजार के बाद सड़क निर्माण कराया जा रहा है ताकि आम जनो को आवागमन के लिए सुविधा मिले। लेकिन घटिया सड़क निर्माण से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पानी पटवन कर रोलर नहीं चलाने और विभागीय देख रेख नहीं होने का आरोप

जेएमएम उपाध्यक्ष लाल आशीष नाथ ने कहा की सड़क निर्माण कार्य मे पानी की पटवन सही तरीके से नहीं की गई और कार्य को विभाग द्वारा देख रेख नहीं किया गया जिसके कारण संवेदक मनमानी तरीके से घटिया निर्माण कार्य कर रही है।

पूर्व के बने कालिकरण सड़क को उखाड़ कर मलबे को मिलावट कर सड़क निर्माण कार्य मे उपयोग करने की भी बात कही। प्राकलन के मुताबिक स्टोन पीचिंग और बोल्डर का समुचित उपयोग भी नहीं किया गया है। विभागीय अधिकारीयों द्वारा अनदेखी किया जा रहा है। क्षेत्रवासी और जनप्रतिनिधियों ने सड़क निर्माण कार्य को गहन जाँच कर संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# मूसलाधार बारिश का कहर: दर्जनों घर धराशायी, कई परिवार बेहाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ में चार दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में कहर बरपा दिया है। शुक्रवार को मारंगलोईया पंचायत अंतर्गत आने वाले कई गांवों में भारी नुकसान हुआ है। बारिश के कारण मिट्टी से बने दर्जनों घर पूरी तरह से ढह गए हैं और कई घरों में पानी घुस जाने से वहां रहने वाले लोगो को काफी परेशानी हों रहा है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बारा, जिलंगा, विशुनपुर और मारंगलोईया में दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। प्रभावित परिवारों में रमेश उरांव, परमेश्वर उरांव, हिरालाल भगत, सुखदेव भगत, लालजी उरांव (ग्राम बारा), किशा राम (जिलंगा), निरंजन उरांव, कर्मा गंझू, सोहराई उरांव, विनोद उरांव (विशुनपुर), राम कुमार उरांव, सुरेन्द्र उरांव और बीरबल उरांव (मारंगलोईया) सहित कई अन्य लोगों का खपड़ैल मकान ध्वस्त हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को कई बार सूचित करने के बावजूद अब तक कोई ठोस राहत या बचाव कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। गांवों में पानी का बहाव इतना अधिक है कि लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण


बारिश का पानी घरों में जाने से परेशान लोग

लेनी पड़ी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत राहत सामग्री, अस्थायी निवास, भोजन और चिकित्सा सुविधा की मांग की है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इस आपदा में सबसे अधिक परेशानी हो रही है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से भी अपील की जा रही है कि वे प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं। वहीं, अगर यह लगातार बारिश का सिलसिला यूं ही जारी रहा, तो और अधिक घरों के गिरने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है।

## बारिश से घर गिरा, परिजन परेशान

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत अंतर्गत हिसरी ग्राम निवासी सहबीना मसोमात पति स्व गणेश राम का बारिश के कारण घर गिर गया है जिससे परिजनों का काफी परेशानी बढ़ गया है। मासोमात सहबीना ने


बारिश से गिरा मिट्टी का घर

बताया की लगातार हो रहे मूसलाधार बारिश से मेरा कोठा घर और बाहरी हिस्सा का दिवार पूरी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मै विधवा महिला और काफी गरीब हूँ। अपने से घर बना पाना संभव नहीं है। यदि मुझे अविलम्ब आवास योजना का लाभ नहीं मिला तो बरसात बिताना काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। इधर मूसलाधार बारिश से जीबला देवी पति दिगम्बर टाना भगत बारिखाप ग्राम निवासी का मिट्टी खपरैल गिर गया है। घर गिर जाने से पूरा परिवार को घर मे रहना मुश्किल हो गया है। जीबला देवी ने बताया की भारी बारिश से घर गिरने लगा हमलोग किसी तरह सभी परिवार अपने सूझबुझ से सुरक्षित बच पाये अन्यथा बड़ी घटना भी हो सकती थी। पीड़ित ने सम्बंधित विभाग से आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

## बरसात के शुरू होते ही चंदवा में चरमराई बिजली व्यवस्था


जलमग्न हुआ खेत और तालाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** मानसून के दस्तक के साथ ही चंदवा प्रखंड में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। पूरे शहर में एलटीई तार के कवरिंग होने के बावजूद गत 4 दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण शहरी और ग्रामीण इलाकों में घोर बिजली संकट देखी जा रही है। शहरी इलाके में विद्युत उपभोगता बिजली की आंख मिचौली से परेशान है वहीं कई ग्रामीण इलाकों में ब्लैक आउट देखने को मिल रहा है।

**4 दिनों तक ब्लैक आउट रहा महुआ मिलान का इलाका :** इधर मूसलाधार बारिश के बीच महुआमिलान - डूरु के बीच 11 हजार केवीए के तार में पलाश का पेड़ गिर गया। जिस कारण नगर ग्रामीण फीडर से जुड़े महुआ मिलान, महुआ मिलान स्टेशन, रक्सी, पिपराही, मरमर समेत कई गांव 4 दिनों तक ब्लैक आउट रहा, बिजली विभाग के लोग शुक्रवार को गिरे पलाश के पेड़ को हटाकर बिजली व्यवस्था सुचारू किया।

**शहर से सटे कुम्हार टोली में जला ट्रांसफार्मर :** इधर लगातार बारिश के बीच शहर से सटे कुम्हार टोली में लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया। ट्रांसफार्मर के जल जाने के कारण विगत चार दिनों से कुम्हार टोली की बिजली पूरी तरह से बाधित हो गई है। जिस कारण लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## टोरी जंक्शन से कई यात्री ट्रेनों का बदल गया रूट

**चंदवा।** बरवाडीह बरकाकाना रेलखंड अंतर्गत राय व खलारी स्टेशन के बीच डाउन लाइन के किमी पोल संख्या 152/2 से लेकर 152/6 तक भारी बारिश के कारण रेलवे ट्रैक के नीचे से मिट्टी बह जाने के कारण रेल का परिचालन लगभग 30 घंटे तक पूरी तरह से प्रभावित रहा। रेलवे ट्रैक से मिट्टी कटाव के बाद उक्त रूट पर चलने वाली कई यात्री ट्रेनों के रुट में में परिवर्तन किया गया, इधर परिचालन प्रभावित होने के कारण यात्रियों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में टोरी के यातायात निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि कई एक्सप्रेस गाड़ियों एवं पैसेंजर गाड़ियों के रूट में परिवर्तन कर गाड़ियां चलाई जा रही है। रेलवे के अधिकारी, क्विक रिलीफ टीम व कर्मी रेलवे ट्रैक को ठीक करने में जुटे हैं। समाचार लिखे जाने तक रेलवे का परिचालन डाउन लाइन पर पूरी तरह से सुचारू नहीं हो पाया था। रेलवे के द्वारा कई एक्सप्रेस ट्रेनों एवं पैसेंजर ट्रेनों का रूट परिवर्तन किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### लातेहार में बंद घर से लाखों की जेवरात की चोरी

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के कीनामाड़ क्षेत्र में चोरी ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चारों ने कीनामाड़ निवासी अविनाश पांडेय के घर में चोरी कर ली। इस चोरी के हाथ कीमती जेवर व बर्तन आदि लगे हैं. अविनाश ने बताया कि वे पिछले बुधवार को अपने पैतृक घर गये थे. शुक्रवार की दोपहर तकरीबन तीन बजे जब वे लौटे तो देखा कि घर के बाहर का दरवाजा टुटा हुआ है. घर के अंदर जा कर देखा तो पाया कि घर का सामान सब बिखरा पड़ा है और आलमारी व ट्रंक मे से जेवर व बर्तन गायब हैं। चोरों ने पूजा के बर्तन व अन्य सामग्रियों को भी चुरा लिया. उन्होने बताया कि तकरीबन पांच लाख रुपए की संपति चोरों के हाथ लगी है. श्री पांडेय ने इसकी जानकारी सदर थाना को दी है. सूचना मिलने पर प्रभारी थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली. उन्होने कहा कि पुलिस तहकीकात कर रही है. शीघ्र ही चोरों को पकड़ लिया जायेगा।

### झारखंड कृषक मित्र महासंघ ने मानदेय लागू करने को लेकर डीएओ को सौंपा मांग पत्र

**लातेहार।** झारखंड कृषक मित्र महासंघ ने शुक्रवार को कृषक मित्रों के मानदेय लागू करने को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी को आवेदन सौंपा है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से कहा है कि पिछले 15 वर्षो से आत्मा परियोजना के तहत कार्य करते आ रहे है हम सभी कृषक मित्रों की बहाली आत्मा से जुड़े कार्यो का प्रचार प्रसार के लिए किया गया था। आत्मा परियोजना के अलावा कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, पशुपालन विभाग, गव्य विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एमनरेगा, आपदा विभाग समेत कई विभाग द्वारा कृषक मित्रों द्वारा कार्य कराया जा रहा है पर आज तक कोई भी सम्मानजनक मानदेय नहीं दिया जाता है। जिससे कृषक मित्र भुखमरी के कगार पर जीवन बसर करते आ रहे है। जिससे हम सभी उग्र होकर 27 मई से काम बन्द अनिश्चितकालीन हड़ताल में है और जब तक सरकार द्वारा सम्मान जनक मानदेय लागु एवं ठोस निर्माण नहीं लेती है तब तक लातेहार जिले एवं झारखंड के सभी कृषक मित्र काम बन्द व अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहेंगे।

### विधायक प्रतिनिधि ने किया गेरुआगढ़ा का दौरा, बारिश के कारण हो रही परेशानी को जाना

चंदवा। चंदवा पश्चिमी पंचायत अंतर्गत गेरुआगढ़ा तालाब में मूसलाधार बारिश के कारण अत्यधिक पानी जमा हो गया, ग्रामीणों को घर गिरने और बच्चों के डूबने खतरा महसूस हुआ। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज को दी, जिसके बाद विधायक प्रतिनिधि ने इस संबंध में मुखिया संगीता लकड़ा से बात की तथा तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि तालाब पुरा भर चुका है जो कि ग्रामीणों के लिए खतरा है। रवि राज ने इसकी जानकारी विधायक प्रकाश राम को देते हुए पानी निकासी करवाने की मांग की, विधायक श्री राम ने अंचलाधिकारी चंदवा को इस दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए इस समस्या का निराकरण करने की बात कही। इसके बाद चंदवा हल्का के कर्मचारी मुनेश्वर गंझु गेरुआगढ़ा पहुंचे और पानी निकासी करावाने की बात कही।

## खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया सब- जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** शुक्रवार को गोवा में आयोजित ऑल इंडिया सब-जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूनार्मेंट में झारखंड के लातेहार जिले के दो होनहार खिलाड़ियों श्री राम रतन और मोहम्मद मुजाहिद राजा ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। अंडर-17 सिंगल्स वर्ग में श्री राम रतन ने पहले राउंड में छत्तीसगढ़ को कड़े मुकाबले में 2-1 से हराया। दूसरे राउंड में पंजाब को 2-1 और तीसरे राउंड में तमिलनाडु को सीधे सेटों में 2-0 से मात दी। हालांकि चौथे राउंड में उन्हें मणिपुर से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, अंडर-15 सिंगल्स में मोहम्मद मुजाहिद राजा ने पहले राउंड में तेलंगाना के खिलाड़ी को सीधे सेटों में 2-0 से हराया, लेकिन दूसरे राउंड में



उत्तराखंड के खिलाफ उन्हें हार झेलनी पड़ी। डबल्स वर्ग में दोनों खिलाड़ियों ने मिलकर उम्दा तालमेल दिखाया। पहले राउंड में गोवा को 2-0 से और दूसरे राउंड में पुडुचेरी को भी 2-0 से हराया। तीसरे राउंड में तमिलनाडु के खिलाफ मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इन दोनों प्रतिभावान खिलाड़ियों को दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी), ट्यूबेड कोल माइंस द्वारा स्पॉन्सर किया गया था।

## दुरूह भत्ता प्रस्ताव पारित करने के लिए पुलिस एसोसिएशन मुख्यालय रांची और पुलिस अधीक्षक को सौंपा अनुरोध पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जगत प्रकाश सअनि सह पुलिस मेंस एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष ने प्रांतीय सचिव पुलिस एसोसिएशन मुख्यालय रांची व पुलिस अधीक्षक लातेहार को लातेहार जिला के नवनिर्मित एवं थानों के अधीन बने नक्सल प्रभावित पोस्ट पिकेटों पर समान क्षेत्र समान कार्य पर एक समान भत्ता के तहत दुरूह भत्ता प्रस्ताव पारित करने के लिए अनुरोध पत्र सौंपा है। जगत ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि सरकार के अधिसूचना के पश्चात लातेहार


जगत प्रकाश

जिला के थानों में दुरूह भत्ता प्रस्तावित है परन्तु उनसे बने नये पोस्ट/ पिकेटों में थाना अंतर्गत ही क्षेत्र पड़ने के बावजूद भी प्रतिनियुक्त / पदस्थापित पदाधिकारियों को दुरूह भत्ता का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि नक्सल विरोधियों अभियानों में बराबर की सहभागिता रहती है। लातेहार जिले के सभी थाना नक्सल प्रभावित होने के कारण सभी थानों में नक्सल विरोधी अभियान चलाये जा रहे है एवं समय समय पर नक्सलियों के विरूद्ध बड़ी सफलता भी मिल रही है। लेकिन फिर भी इन पिकेटों में दुरूह भत्ता प्रस्तावित नहीं रहने के कारण लाभ से वंचित रखा गया है।

**इन पोस्ट व पिकेट का दुरूह भत्ता का प्रस्ताव नहीं है पारित :** लातेहार थाना में तुबेद कोल माइंस, पतकी पिकेट, ओरिया पिकेट, कोने पिकेट, चंदवा थाना में चंदवा ब्लॉक कैंप, बेतर पिकेट, अमझरिया पिकेट, चेटर पिकेट, माल्हन पिकेट, बोदा पिकेट, सिकनी पिकेट, नावाटोली नगर पिकेट, बालूमाथ थाना में मुरपा पिकेट, मकईटांड़ में रेलवे कैंप, बसिया पिकेट, तेतरियाखांड़ पिकेट, अमरवाडीह पिकेट समेत मनिका थाना, बरवाडीह थाना, छिपादोहर थाना, गारू थाना, महुआडांड़ थाना अंतर्गत कई थाना व पिकेट के नाम शामिल है, जिन्हें लाभ से वंचित रखा गया है।

## ट्रैक्टर देने के नाम पर ठगी करने के मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरचा रिचुघुटा निवासी इन्द्रमुनी उरांव ने छह मई 2025 को आवेदन के माध्यम से लातेहार पुलिस को ठगी से संबंधित मामले से अवगत कराया था। मामला यह था कि अपराधी के द्वारा सुखाड़ योजना के तहत ट्रैक्टर देने के नाम पर 2,37,600 रूपया का ठगी कर लिया गया गया था, आवेदन के आधार पर लातेहार साईबर थाना कांड संख्या 06/25 दिनांक छह मई 2025 धारा 318 (4)/319(2) बीएनएस एंड 66 (सी)/66 (डी) आइडी एक्ट दर्ज किया गया था। जिसके तहत पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सह थाना प्रभारी साईबर थाना लातेहार के नेतृत्व में एक टीम गठित


जानकारी देते मुख्यालय डीएसपी

किया गया। गठित टीम द्वारा टेक्नीकल एनालाइसीस कर त्वरीत कार्रवाई करते हुए छापामारी कर कांड में सम्मिलित दो साईबर अपराधकर्मी कांग्रेस कुमार उम्र 24 वर्ष पिता स्व. बेलभद्र महतो, सानाउल अंसारी उम्र 26 वर्ष पिता फारूक अंसारी दोनो मोरने टोला गड़िया थाना मोहनपुर जिला देवघर के रहने वाल को देवघर जिला के मोहनपुर थाना से गिरफ्तार किया गया एवं कांड में प्रयुक्त मोबाईल फोन बरामद किया गया है, साथ ही दो बैंक पासबुक, दो एटीएम, दो सिम बरामद किया गया है। छापामारी दल में पुअनि पिन्टु कुमार लातेहार साइबर थाना, सुरेश कुमार सिंह साईबर सेल, बिरेन्द्र पासवान साईबर सेल शामिल थे। उपयुक्त जानकारी मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्र ने प्रेस वार्ता कर दी।

## बरवाडीह में तीन महीने में दो तबादले प्रखंड कार्यालय की मंशा पर उठे सवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय एक बार फिर तबादलों को लेकर सुर्खियों में है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बीते तीन महीनों में रोजगार सेवकों का एक ही प्रखंड के भीतर दो बार स्थानांतरण किया गया है। बीडीओ के आदेश के अनुसार, इन तबादलों को प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्यहित में लिया गया फैसला बताया गया है, साथ ही 24 घंटे के भीतर योगदान की भी सख्त हिदायत दी गई है। तबादलों की फेहरिस्त देखें तो जितेंद्र रजक को मोरवाई कला से बेतला, असगर अंसारी को बेतला से मोरवाई कला, आलम अंसारी को कुचिला से मंगरा भेजा गया है। वहीं सतेंद्र उरांव को उकामाड़ के साथ-साथ कुचिला का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पंचायत सेवक संजीव कुमार का भी वर्षभर में कई बार तबादला हो चुका है।

**अप्रैल में 14 रोजगार सेवकों का हुआ था स्थानांतरण :** इन लगातार बदलावों ने क्षेत्र में सवालों का पिटारा खोल दिया है। कहीं यह कर्मियों की लापरवाही है, या प्रशासन के भीतर चल रही खींचतान? या फिर कुछ खास चेहरे अपनी पसंद की पंचायत पाने में सफल हो रहे हैं? स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की बार-बार की फेरबदल से योजनाओं की निरंतरता टूटती है और विकास प्रभावित होता है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अप्रैल में भी 14 रोजगार सेवकों का सामूहिक तबादला किया गया था।

### क्या कहते हैं बीपीओ

जब इस विषय पर प्रभारी बीपीओ कमलेश सिंह से प्रतिक्रिया ली गई, तो उन्होंने कहा कि बीडीओ कंट्रोलिंग पदाधिकारी हैं, और उनके आदेशों का पालन अनिवार्य है।

# भारी बारिश में भींगते मजदूर या कागज पर खेल? 8195 मजदूरों की मजदूरी पर उठे सवाल

### 22 लाख की मजदूरी दर्ज अधिकारियों से जांच की मांग

**दीपक राज**

बरवाडीह। झारखंड के लातेहार जिले में तीन दिनों से जारी मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। सड़कें कीचड़ में तब्दील हैं, कई गांवों का संपर्क टूट चुका है। ऐसे में मनरेगा योजनाओं के तहत हजारों मजदूरों को कार्यरत दिखाया जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो बरवाडीह प्रखंड में बुधवार को 2876, गुरुवार को 3062 और शुक्रवार को 2357 मजदूरों की मजदूरी दर्ज की गई है। यानी तीन दिनों में 8195 मजदूरों के नाम पर करीब 22 लाख रुपये का भुगतान प्रस्तावित है। सवाल यह है कि जब जिले भर में भारी बारिश हो रही थी, तब मजदूर किस स्थान पर और कैसे कार्य कर रहे थे ? क्या कूप निर्माण, ईसीबी और डोभा खुदाई जैसे काम बरसात के बीच संभव हैं ? ग्रामीण भी इस आंकड़ों को लेकर हैरान हैं। कई पंचायतों में तो हालत यह है कि कार्यस्थल तक पहुंचना भी नामुमकिन था। इसके बावजूद योजनाओं में मजदूरी दशार्ना, फजीर्वाड़े की बू नहीं देता क्या?

### बीपीओ ने क्या कहा

इस संबंध में जब मनरेगा के प्रभारी बीपीओ कमलेश सिंह से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मजदूरों की डिमांड पर सात दिनों का एमआर निर्गत किया जाता है। अगर किसी दिन काम नहीं हुआ तो उस दिन की हाजिरी शून्य कर दी जाएगी। हालांकि यह बयान सोशल मीडिया में खबर चलने के बाद का है। लेकिन बीपीओ का यह बयान सवालों से बचाव की तरह लगता है। क्या भारी बारिश में फील्ड वेरिफिकेशन संभव है? क्या पहले से तय एमआर के जरिए बाद में हाजिरी शून्य करने की प्रक्रिया कभी ईमानदारी से होती है? विशेषज्ञ मानते हैं कि यह सिस्टम की खामी नहीं, बल्कि सुनियोजित ढंग से सरकारी धन के गबन का जरिया बन गया है। यदि मौके पर काम नहीं हुआ, तो इतने बड़े पैमाने पर मजदूरी कैसे दर्ज हो गई?

**अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग :** अब जरूरत है वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप की। अगर यह महज लापरवाही है तो सुधार किया जाए, और अगर फजीर्वाड़ा है तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। वरना यह बरसाती मजदूरी आने वाले दिनों में लातेहार का नया घोटाला बनकर सामने आ सकती है।

## जमीरा पंचायत में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लगा शिविर

**चंदवा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत प्रखंड के जमीरा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बीडीओ चंदन प्रसाद मुखिया दुर्गावती देवी झामुमो जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा पंसस बलकु मुंडा अनुरोध कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उक्त शिविर का आयोजन अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवार को केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं का लाभ उनके गांवों में प्रदान किया जाना है। शिविर मे महुवामिलान एवं जमीरा गाँव के काफी संख्या मे ग्रामीण पहुँचे थे। बीडीओ ने कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। शिविर में आधार से सम्बंधित 06 आयुष्मान कार्ड 13 जाति प्रमाण पत्र 02 स्थानीय प्रमाण पत्र 03 केसीसी लोन 02 मातृ वंदना योजना 09 पेंशन 19 मनरेगा 22 पीएम जनधन 04 लाभुकों ने अपने अपने आवेदन जमा किये। इसके अलावे एक्टिव टीबी केस 13 पाए गए। बीडीओ ने सभी ग्राम वासियों से आग्रह किया कि शिविर मे आ कर ज्यादा से ज्यादा योजना का लाभ ले। शिविर का आयोजन कर सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। आवेदनो का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया। ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उनके बीच मुफ्त दवाइयो का वितरण किया गया। मुखिया ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाए। मौके पर प्रखंड कर्मी अमित गुप्ता समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## चिन्मय विद्यालय सहित बोकारो के चार स्कूल सहोदया समूह से निष्कासित

**बोकारो।** विद्यालयों को एक मंच पर जोड़कर शैक्षणिक उत्थान एवं उनके सशक्तिकरण की दिशा में कार्यरत संस्था डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो की कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से स्थानीय चिन्मय विद्यालय व माउंट सिओन स्कूल तथा द ओरिएंटल फाउंडेशन स्कूल एवं रेनबो पब्लिक स्कूल को बोकारो के सहोदया समूह से निष्कासित कर दिया है। यह सर्वसम्मत निर्णय शुक्रवार को आयोजित सहोदया की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। कोर कमेटी ने 19 जून 2025 को सेक्टर 5 स्थित गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में आयोजित डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के निर्वाचन में उक्त विद्यालयों के अमर्यादित एवं स्वार्थ-युक्त व्यवहार के कारण यह निर्णय लिया है। गुरुवार को सहोदया की कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन निर्धारित था जिसमें उक्त चारों विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत स्वार्थ एवं स्वेच्छाचारिता का परिचय देते हुए अनुपयुक्त व्यवहार किया एवं निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित भी किया। कोर कमेटी के अनुसार निर्वाचन के दौरान उक्त विद्यालयों के प्रतिनिधियों द्वारा सहोदया के संविधान (बायलॉज) का उल्लंघन किया गया। उक्त विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने जिस तरह से अपने विचार रखे- वह शैक्षणिक उत्थान से संबंधित सहोदया के उद्देश्यों से परे एवं अन्य अनुपयुक्त थे। कोर कमेटी की बैठक में अध्यक्ष डॉ एएस गंगवार उपाध्यक्ष सोमेन चक्रवर्ती महासचिव विश्वजीत पात्रा कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## फुसरो हिंदुस्तान पुल से गुजरना हुआ दूभर

**बेरमो।** पिछरी के मध्य स्थित दामोदर नदी में बने हिंदुस्तान पुल में जल जमाव की वजह से इस पुल से होकर गुजरने वाले बाइक सवार व पैदल राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। जल जमाव का मुख्य कारण पुल में बने नाली है जो धूल व कंक्रीट से भर चुका है जिससे नाली जाम हो गया और पूरे पुल में जल जमाव हो गया। इस मार्ग से होकर गुजरने वाले बाइक सवार को हमेशा गिरने या कीचड़ युक्त पानी के छिटे से कपड़े खराब होने का संभावनाएं बनी रहती है। वही इस मार्ग से होकर गुजरने के दौरान बड़ी वाहनों के छींटे से बचने के लिए बाइक सवार रेलिंग से टकराकर हादसे का शिकार हो जाते है। पिछरी निवासी व्यवसाई गोविंद साव व प्रकाश महतो ने कहा कि दिन के उजाले में बाइक सवार या पैदल राहगीर बच बचाकर पुल पार कर लेता है जबकि रात के अंधेरे में वाहनों के पहिए से पड़ने वाली छींटे से पूरा कपड़ा खराब हो जाता है। जिससे लोगों को काफी दिक्कत हो रही है।

## भाकपा नेता इफ्तेखार ने धनबाद एरिया बोर्ड महाप्रबंधक से की मुलाकात

**बेरमो/ललपनिया।** पिछले तीन दिनों से गोमिया/कथारा अवर प्रमंडल में बिजली की आपूर्ति काफी बाधित हो गया है। इस संबंध में शुक्रवार को भाकपा नेता सह झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद ने धनबाद एरिया बोर्ड महाप्रबंधक को बिजली आपूर्ति की दयनीय स्थिति की जानकारी देते हुए आपूर्ति में सुधार करने का आग्रह किया। श्री महमूद ने बताया कि पिछले तीन दिनों से सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक 12 घंटा में 9 घंटा बिजली आपूर्ति बंद रहती है। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति लंबे अवधि तक बंद रहने के कारण बच्चों की शिक्षा के साथ साथ मरीज को एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड इत्यादि के लिए लंबे समय तक इंतजार में रहना पड़ता है।आगे उन्होंने बतलाया कि पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति भी पूरा पूरी बंद है। महाप्रबंधक से हुई उपर्युक्त बातचीत की जानकारी देते हुए श्री महमूद ने कहा कि महाप्रबंधक ने स्थिति में सुधार करने का भरोसा दिया है। श्री महमूद ने कहा है कि स्थानीय सक्षम अधिकारीयों के संवेदनहीनता के कारण आम पब्लिक की परेशानी पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# भयंकर बारिश में भी रक्तदाता पहुंचे ब्लड बैंक : ब्लड मैन सलूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** ह्यूमैनिटी सेवियर्स बोकारो द्वारा रेड क्रॉस ब्लड बैंक बोकारो में आयोजित रक्तदान शिविर का नेतृत्व संस्था के संस्थापक अध्यक्ष हरबंश सिंह सलूजा उर्फ ब्लड मैन ने किया। इस शिविर में मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री सलूजा ने अपने 54वें रक्तदान से किया। तदोपरांत संस्था के चनप्रीत सिंह ने अपना 45वां रक्तदान तनवीर सिंह ने 36वां रक्तदान प्रवीण कुमार ने 30वां रक्तदान सौरव चौहान ने 29वां रक्तदान निकेश सिंह ने 21वां रक्तदान एवं अन्य तीन ने आज अपने जीवन का पहला रक्तदान किया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एसएन राय ने कहा कि बोकारो में ह्यूमैनिटी सेवियर्स संस्था उत्कृष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने ब्लडमैन सलूजा को 54वीं बार रक्तदान करने के लिए बधाई दी एवं उन्हें शुभकामनाएं दीं। विश्व रिकॉर्ड




धारक ब्लड मैन सलूजा ने कहा कि हमारी संस्था के रक्तदाता पिछले 16 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में सेवा कार्य दे रहे हैं एवं हमारे माध्यम से अभी तक 16373 यूनिट रक्तदान कराया जा चुका है। संस्था की माया राय ने बताया कि देश के हर नागरिक को अवश्य रक्तदान करना चाहिए। शिविर को सफल बनाने में संस्था की माया राय प्रवीण कुमार निकेश सिंह सौरभ चौहान चनप्रीत सिंह तनवीर सिंह एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के एसएन राय चौबे जी सुरेश कुमार बुधिया ज्योति प्रकाश द्विवेदी एवं राजकुमार सहित पूरी टीम का सहयोग रहा।

## आजसू पार्टी का स्थापना दिवस 22 जून को रांची में

**बेरमो /नावाडीह।** प्रखंड आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी की बैठक विनोद बिहारी महतो स्टेडियम नावाडीह में किया गया बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी नावाडीह प्रखंड प्रभारी सह युवा आजसू राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो व संचालन प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो ने किया इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के संस्थापक सदस्य केंद्रीय सचिव प्रोङ्ग अलाऊद्दीन अंसारी मुखिया संघ के अध्यक्ष सह केंदीय सचिव जयलाल महतो उपस्थित थे बैठक में संगठन विस्तार एवं आगमी आजसू पार्टी के स्थापना दिवस 22 जून को राज्य के मुख्यालय रांची खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

एक नजर में

## पीएम श्री एसएस +2 उच्च विद्यालय कसमार में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** पीएम श्री एस एस +2 उच्च विद्यालय कसमार में झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के विद्यालय टॉप 10 उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके अभिभावकों को भी पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी टॉपर्स को विद्यालय परिवार के द्वारा प्रतीक चिन्ह स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर ईको क्लब की गतिविधियों में वर्ष भर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस सेवा पदक से सम्मानित कसमार थाना के प्रभारी भजन लाल महतो ने कहा कि किसी चीज को नकारात्मक नहीं लेना है। घुमंतू का उदाहरण देकर श्री महतो ने कहा कि समुद्र की लहरें हमें बार-बार कोशिश करने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शॉर्टकट से बचने की हिदायत दी एवं मेहनत के महत्व से सबों को अवगत कराया। समारोह को संबोधित करते हुए कसमार उत्तरी क्षेत्र के जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने सभी शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी सभ्यता - संस्कृति एवं भूमि का सम्मान करने का आह्वान किया। मौके पर अशोक कुमार रजवार धनंजय कुमार सीमा ठाकुर सुमन कुमारी कैलाश कुमार सुजाता कुमारी सुभय कुमार चक्रवर्ती परमेश्वर बेसरा अमित कुमार सीमा कुमारी खुर्शीद रजा डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह सुशीला कुमारी रितेश कुमार महथा रिशु कुमार अजय कुमार दुबे नितेश कुमार प्रजापति दिनेश कुमार महतो रिया कुमारी प्रमोद कपरदार पलक मुखर्जी किशन महाराज प्रिंस कुमार महतो उत्तम कुमार काजल कुमारी किरण कुमारी लवली कुमारी निखत परवीन प्रेम कुमार टेक लाल महतो छात्र- छात्राओं के अभिभावक शिक्षकगण समेत अन्य उपस्थित थे।

# लगातार बारिश से तेनुघाट डैम का जलस्तर बढ़ा

### सभी 10 गेट खोले गये



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** विगत दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से बोकारो जिला स्थित तेनुघाट डैम का जलस्तर काफी बढ़ा है। डैम की अधिकतम जलस्तर क्षमता 852 फीट है जबकि दो दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से डैम का जलस्तर 858 फीट तक पहुंच जाने के कारण डैम की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए देर रात डैम प्रबंधन ने डैम के सभी 10 गेटों को खोल दिया ताकि डैम की स्थिति नॉर्मल हो सके। दसों गेट खोलने के बाद एक लाख क्यूसेक पानी प्रति सेकंड दामोदर नदी में छोड़ा जा रहा है जिससे दामोदर नदी में भी तेजी से जलस्तर बढ़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन व तेनुघाट डैम प्रबंधन ने पूरे इलाके में मुनादी कराई है कि नदी के निचले इलाके के सभी निवासी इलाके को छोड़ सुरक्षित इलाकों में चले जायें एवं कोई भी नदी के नजदीक ना जाए। वही दूसरी तरफ बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा खुद आपदा प्रबंधन टीम के साथ भारी जलजमाव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे है। साथ ही एसडीओ सहित सभी प्रखंड के बीडीओ को अपने अपने क्षेत्र में कड़ी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## नशा विरोधी जिला स्तरीय जागरूकता अभियान में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**दुमका।** जिला स्तरीय नशा विरोधी जागरूकता अभियान का इंडोर स्टेडियम में आयोजन हुआ। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और समाज के बीच नशीली पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और नशामुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में छात्रों एवं उनके अभिभावकों सहित 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर दो प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिनका विषय ह्लनशा का दुष्प्रभाव, बचाव और उपचारह्व था। इस अवसर के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन नशे से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला और युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला खेल कार्यालय, दुमका की ओर से आयोजन का संचालन जिला खेल पदाधिकारी तुफान कुमार पोद्दार ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इसे एक सार्थक और प्रेरणादायक अभियान बताया।

# सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



विजेता व उपविजेता टीम

**दुमका।** सुब्रतो कप प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आउटडोर स्टेडियम में हुआ। जिसमें दुमका प्रखंड के विद्यालय के वैसे छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 17 वर्ष से कम होनी चाहिए। वैसे छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही 15 वर्ष वायु वर्ग के बालक वर्ग ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बालक वर्ग में 17 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता में प्लस टू उच्च विद्यालय गांदो की टीम विजेता रही। वहीं प्लस टू नेशनल हाई स्कूल दुमका उपविजेता टीम बनी। वही अंदर 17 बालिका वर्ग में सीएम एक्सीलेंस गर्ल्स स्कूल दुमका की टीम विजेता रही। सीएम एक्सीलेंसइस कस्तूरबा दुमका की टीम उपयोगिता टीम बनी। अंडर 15 बालक वर्ग में संत जोसेफ हाई स्कूल गुहियाजोरी की टीम विजेता एवं उपविजेता सीएम एक्सीलेंस जिला स्कूल की टीम रही। प्रतियोगिता को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने फुटबॉल को किक मार कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी आलोकित कुमार, शारीरिक शिक्षक सह नोडल खेल शिक्षक सुमन कुमार, बीआरपी दिनेश प्रसाद वर्मा, सीआरपी शारीरिक शिक्षक शिवराम सिमोन टुडू, सुदीप्त किस्कू, कुमारी अलका आदि उपस्थित थे।

## नव पदस्थापित डीडीसी ने संभाला पदभार, डीसी ने दी शुभकामनाएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने नव पदस्थापित जिले के 30 वें उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार को पदभार सौंपा। मौके पर उपायुक्त ने उन्हें ईमानदारी व निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यालय के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त से भेंट कर अपना परिचय दिया तथा जिले की संक्षिप्त जानकारी साझा की। डीसी श्री झा ने आशा व्यक्त किया है कि नव पदस्थापित डीडीसी अपने अनुभव एवं प्रशासनिक दक्षता से जिले के विकास कार्यों में नई ऊर्जा का संचार करेंगी। वहीं नव पदस्थापित डीडीसी ने भी विश्वास दिलाया कि वे समर्पण भाव से जिले के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएँगी। मौके पर एडीसी मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा डीटीओ वंदना शेजवलकर डीसीएलआर प्रभाष दत्ता डीपीआरओ रवि कुमार जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो शफीक आलम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा सुमन गुप्ता एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह नोडल पदाधिकारी मनरेगा पंकज दूबे परियोजना पदाधिकारी मानिकचंद प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## दीपक कुमार दुबे ने 41वें उप विकास आयुक्त के रूप में किया पदभार ग्रहण

**गोड्डा।** दीपक कुमार दुबे ने समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में अपना पदभार ग्रहण किया। उप विकास आयुक्त का पदभार ग्रहण करने के पश्चात दीपक कुमार दुबे ने निवर्तमान उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो के द्वारा जिले में किए गए विकास के कार्यों को आगे ले जाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि वे जिले का बहुमुखी विकास करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि लोगों तक सुगमतापूर्वक सुविधाएं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि जिले में विकास की सभी योजनाओं को गति प्रदान की जाएगी। नए उप विकास आयुक्त ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात डीआरडीए के सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों और जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ परिचय प्राप्त किया। मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रितेश जयसवाल, जिला खेल पदाधिकारी गोड्डा डॉ० प्राण महतो सहित कार्यालय कर्मीगण उपस्थित थे।

# ब्राउन शुगर के साथ तीन कारोबारी को नगर थाना पुलिस ने धर दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ज्ञातव्य है कि पुलिस अधीक्षक गोड्डा मनोज कुमार ने जिले में अपराध और नशे के विरुद्ध एक अभियान छेड़ रखा है जिसमें प्रतिदिन कोई न कोई नशे के कारोबारी पुलिस के हत्थे चढ़ रहे हैं। उसी क्रम में आज गोड्डा नगर थाना में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस उप अधीक्षक मुख्यालय जे पी एन चौधरी, पुलिस निरीक्षक गोड्डा नगर थाना प्रभारी दिनेश मोहली, पुलिस निरीक्षक जयप्रकाश मंडल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नहर चौक स्थित गायत्री मंदिर के पीछे तीन लड़कों द्वारा ब्राउन शुगर बिक्री करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई और तीन युवकों को 1–राकेश कुमार उम्र 27 वर्ष पिता अनिल यादव ग्राम गोढ़ी थाना नगर थाना गोड्डा 2–सोनू कुमार उम्र 23 वर्ष पिता शालिग्राम यादव ग्राम गोढ़ी नगर थाना जिला गोड्डा, ओम कुमार उम्र 21 वर्ष पिता दामोदर झा ग्राम अम्लों फसिया थाना



मोतिया ओपी जिला गोड्डा को हिरासत में लेकर जेल भेजा गया। उनके पास से ब्राउन शुगर की 12 पुड़िया एवं ब्राउन शुगर 8 ग्राम तीन मोबाइल जप्त किए गए। राकेश कुमार का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है जो नगर थाना गोड्डा में 257/22 दिनांक 17/9/22 को दर्ज है। इस छापेमारी में ऋषिराज अंचल अधिकारी गोड्डा, दिनेश कुमार महली पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी गोड्डा, रोहित कुमार यादव पुअनि नगर थाना गोड्डा, पुअनि भोला दास नगर थाना, पुअनि रामदेव वर्मा नगर थाना, पुअनि अशोक कुमार दुबे नगर थाना गोड्डा, कुमार गौरव सअनी गोड्डा नगर थाना शामिल थे।

## अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने की कार्रवाई अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**गोड्डा ।** अपराध नियंत्रण और अवैध शराब की काला बाजारी पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक गोड्डा मनोज कुमार के निर्देश पर बलबड्डा ग्राम में एक दुकान में छापेमारी कर 220 बोतल अंग्रेजी शराब और बियर की बोतलें जब्त की गई और दुकान की मालकिन 30 वर्षीय सोना देवी पति छँगुरी राम ग्राम बलबड्डा थाना बलबड्डा जिला गोड्डा को छापेमारी टीम ने धर दबोचा और उसे हिरासत में लेकर न्यायिक प्रक्रिया हेतु जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में महगामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी अमित मारकी, शिव कुमार, रोमा कुमारी और अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

## ढोरी क्षेत्र में एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। सीसीएल ढोरी क्षेत्र के चपरी गेस्ट हाउस में शुक्रवार को एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिन्हा थे। उन्होंने अपने दस्तावेज में कहा कि अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्यों को हिंदी में करना चाहिए और हिंदी का प्रचार-प्रसार करना चाहिए। वर्कशॉप सीसीएल मुख्यालय के राजभाषा विभाग से आये दिविक दिवेश, उप-प्रबंधक (कार्मिक - भाषा) का स्वागत पुष्पगुच्छ को देकर किया गया। उन्होंने राजभाषा एवं राजभाषा अधिनियम के विभिन्न निर्णयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर रंजय सिन्हा ने कहा कि हिंदी भाषा को पहचानना और उसका उपयोग करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सहायक अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में हिंदी का अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हिंदी सिर्फ हमारी भाषा नहीं है, यह हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और हमारे राष्ट्रका गौरव है। एसओपी माला कुमारी ने मातृभाषा का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। कहा कि हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग कर हम अपने कार्यों में सरलता और सुलभता ला सकते हैं। कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह ने कहा कि.यह हमारी मातृभाषा है, जिसे प्रोत्साहित करना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को भी इससे जोड़ना चाहिए। अंत में सभी ने हिंदी को अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक उपयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अभिषेक सिंहा व सीताराम यूके, फाईनेंस मैनेजर संजय सिंह, शालीनी यादव, प्रेक्षा मिश्रा, आस्था मैडम, घीरज पाण्डेय, जीवन लाल रजक, सिद्धार्थ कुमार, हजारी प्रसाद, सुबल दत्ता, अरुण कुमार व अरविंद कुमार सहित लगभग 60 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हैं।

### योग, सनातन-संस्कृति का अभिन्न अंग व

# आत्मनिर्भरता का पोषक है: संजय बैद




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास ने एक समारोह आयोजित कर योग शिक्षकों को समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। मौके पर रोटरी चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने योग शिक्षकों की समाज के प्रति जिम्मेदारी व कड़ी मेहनत एवं समर्पण की सराहना की। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि योग सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है। बैद ने कहा कि योग शिक्षक सनातन संस्कृति को बढ़ावा देकर स्वस्थ मूल्यवान आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग दे रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुंगेर आश्रम के साधक शिव हरि मेहरिया ने कहा कि योग एक जीवन शैली है जिसे अपना कर हर व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है। सभी योग शिक्षकों ने संयुक्त रूप से कहा कि योग को अपने जीवन में उतार ले। शिक्षकों ने कहा की नियमित योग समग्र विकास के लिए आवश्यक है। तनाव निद्रा चिंता और मानसिक समस्याओं से निपटने के लिए भी योग से मदद मिलती है। संस्थान के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि योग की महता एवं शिक्षकों के योगदान को मान्यता देने के लिए इस सम्मान समारोह में डॉ विनय सिंह योग योग गुरु विजय कुमार योगिता बरनवाल जगदीश चौधरी धीरेन प्रसाद रज?वार वंदना मंडल डॉ नवधा आर सिंह को सम्मानित किया गया है।

# जन-संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन कहा

### बेझिझक अपनी समस्याओं, परेशानियों से जिला प्रशासन को कराएं अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जन-संवाद कार्यक्रम का आयोजन आपकी समस्याओं को समझने एवं उसे दूर करने के लिए किया गया है। आपकी समस्याओं को दूर करने के लिए जिला प्रशासन निरंतर कार्य कर रही है। उक्त बातें दुमका प्रखंड अंतर्गत गोलपुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय दिग्घी में आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि योजनाएं सिर्फ कागज तक सीमित नहीं रहे लोगों को धरातल पर सरकार की कल्याणकारी योजनाएं दिखाई दे, इस उद्देश्य के साथ जिला प्रशासन कार्य कर रहा है। ससमय जन-जन तक सरकार की योजना पहुँचे यह जिला प्रशासन की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि इस जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं। स्टॉल पर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें एवं योजनाओं को लाभ लेने के लिए आवेदन करें। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी गांव में इसी प्रकार से कैंप का आयोजन होगा। हर जरूरतमंद व्यक्ति को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसे सुनिश्चित करने का कार्य किया जाएगा। जिला प्रशासन का प्रयास रहा है कि आम जनों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द दूर किया जाए। अपनी समस्याओं, परेशानियों को बेझिझक बताएं।



लोगों की समस्याओं से अवगत होते उपायुक्त

### टीकाकरण समेत अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए

## उपायुक्त ने समीक्षात्मक बैठक में दिये निर्देश

दुमका। समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने की। बैठक में टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, संक्रामक रोगों की रोकथाम, एम्बुलेंस की स्थिति एवं स्वास्थ्य केंद्रों में दवा उपलब्धता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने टीकाकरण अभियान की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि नवजात शिशु के जन्म के साथ सभी आवश्यक टीके समय पर दिए जाएं।

## भामसं व कथारा वाशरी नवनियुक्त पीओ के बीच परिचयात्मक बैठक

**बेरमो।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल सीकेएस कथारा वाशरी शाखा व नवनियुक्त पीओ अमरेंद्र कुमार के साथ परिचयात्मक बैठक शुक्रवार को किया गया। इस बैठक में यूनियन के तमाम पदाधिकारी ने पीओ को बुके देकर सम्मानित किया, पीओ ने तमाम पदाधिकारीगण का परिचय प्राप्त किया।आगे पीओ ने कहा कि मेहनतकश मजदूरो अधिकारियों एवं सभी यूनियन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय एवं टीम बनाकर उत्पादन लक्ष्य से आगे बढ़ने का सार्थक प्रयास उनकी प्राथमिकता होगी।

स्पीड न्यूज

## महाराष्ट्र में गूगल एआई प्रशिक्षण केंद्र खोलेगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय दिग्गज कंपनी गूगल के साथ रणनीतिक साझेदारी की है जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार तक कृत्रिम बुद्धमत्ता स्टार्टअप्स की पहुंच आसान हो जायेगी। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने ये घोषणा की है। गूगल के वेंचर कैपिटल एवं स्टार्टअप साझेदारी विभाग के प्रमुख अपूर्व चमड़िया और लोढा के बीच मुलाकात में संबंधित समझौते की रूपरेखा तय की गयी। दोनों पक्षों के बीच ये समझौता उच्च स्तरीय वार्ता में स्थानीय नवाचार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के उद्देश्य से किया गया है।

## मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने अलग-अलग अभियानों में सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने इंफाल पश्चिम जिले के वांगोई बाजार से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। केंद्रीय बल ने टेंग्नौपाल जिले में बीपी-87 में भारत-म्यांमार सीमा से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। एक अन्य घटना में सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिले के सेकमाइजिंग खुनौ से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया।

## कांकेर में मुठभेड़ महिला नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के थाना छोटेबेठिया कोटरी नदी पार के ग्राम आमाटोला व कलपर के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया गया। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि थाना छोटेबेठिया अंर्तगत ग्राम आमाटोला व कलपर के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र में रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। एक महिला नक्सली शांति देवी मारी गई है।

## बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र 21 जुलाई से

**पटना।** बिहार विधानमंडल का बहुप्रतीक्षित मानसून सत्र 21 जुलाई 2025 से प्रारंभ होगा और 25 जुलाई तक चलेगा। 17वें विधानसभा का संभवत: अंतिम सत्र हो सकता है, क्योंकि सितम्बर-अक्टूबर 2025 में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाएंगे, जिनमें जनता के हित से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान रहेगा। सूत्रों के अनुसार, नीतीश कुमार की अगुआई वाली राजग सरकार चुनावी माहौल को ध्यान में रखते हुए लोक-लुभावन घोषणाएं और विधेयक पास कराने की योजना बना रही है।

## बिहार : विधायक मिश्री लाल यादव के सदस्यता समाप्त

दरभंगा। बिहार विधानसभा सचिवालय ने दरभंगा के अलीनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-81 के विधानसभा सदस्य मिश्रीलाल यादव की सदस्यता समाप्त कर दी है। दरभंगा के एमपी, एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायाधीश द्वारा अपील वाद संख्या 6/2025 में अलीनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या 81 के विरुद्ध दोष सिद्धि एवं दंडादेश के परिणाम स्वरूप जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 तथा संविधान के अनुच्छेद 191(2) के प्रावधानों के तहत मिश्रीलाल यादव की 27 मई से विधानसभा की सदस्यता से समाप्त कर दी गयी।

## एक्सिओम-4 मिशन फिर हुआ स्थगित

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा पर ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन को फिर से स्थगित कर दिया गया है। यह मिशन 22 जून को निर्धारित था। एक्सिओम स्पेस ने शुक्रवार को एक नवीनतम अपडेट में कहा कि नई लॉन्च तिथि की घोषणा आने वाले दिनों में की जाएगी। मिशन शुरू में 29 मई के लिए निर्धारित किया गया था।

# बिहार को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस व नयी रेल लाइन की सौगात

## प्रधानमंत्री ने 5,918 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस की शुक्रवार को सौगात दी और वैशाली से देवरिया तक नयी रेल लाइन एवं एक नयी ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया। मोदी ने सीवान में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो लिंक के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन से रवाना किया।

मोदी ने वैशाली से देवरिया (उत्तर प्रदेश) तक नई ट्रेन सेवा 29 किलोमीटर की नयी लाइन एवं दोनों स्टेशनों के बीच का उद्घाटन किया। देवरिया और वैशाली के बीच के क्षेत्र के विकास को नया आयाम मिलेगा। क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा और कृषि उत्पादों की बाजार तक तीव्र पहुँच सुनिश्चित होगी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार में सीवान जिले के जसौली में राज्य को 5,900 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात दी। इसमें आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, विद्युत और रेल से जुड़ी 28 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने 22 नगर विकास की परियोजनाओं, 6 सड़क परियोजनाओं और एक रेल परियोजना का उ?द्घाटन एवं शिलान्यास किया, जिसकी कुल लागत 5,918 हजार करोड़ रुपये है। इसके साथ ही पीएम आवास योजना के तहत 53,666 बेघर लोगों को पहली किस्त दी गई। इन परियोजनाओं का मकसद बिहार के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के कई शहरों में 5,900 करोड़ रुपये की लागत से नमामि गंगे परियोजना के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और जलापूर्ति प्रोजेक्ट्स की शुरूआत की। सीवान की धरती से पीएम मोदी ने कुल 28 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में जलापूर्ति और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शामिल हैं। इनका उद्देश्य बिहार के लोगों को बेहतर सुविधाएं देना है। इन परियोजनाओं से बेगूसराय, छपरा, बक्सर, मोतिहारी, सासाराम, सीवान और आरा जैसे शहरों को फायदा होगा। साथ ही, बिहार के ग्रिड सब-स्टेशनों पर 500 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली भी स्थापित की जाएगी।

पाटलिपुत्र स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन, पाटलिपुत्र से पूर्व सांसद रामकृपाल यादव उपस्थित थे। जबकि पाटलिपुत्र की सांसद मीसा भारती समारोह में नहीं दिखाई दीं।

देश में वंदे भारत एक्सप्रेस श्रृंखला की यह 71वीं जोड़ी ट्रेन सेवा है। यह गाड़ी 384 किलोमीटर की दूरी सात घंटे में तय करेगी। मार्ग में इसका ठहराव उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, कप्तानगंज, पनियहवा और बिहार के बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र स्टेशन पर होगा। इस ट्रेन के माध्यम से चंपारण, वैशाली और कुशीनगर जैसे स्थानों पर सैलानी भी आसानी से पहुंच पाएंगे जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

गोरखपुर से 26502 अप ट्रेन सुबह 5:40 बजे चल कर दोपहर 12:45 बजे पाटलिपुत्र स्टेशन पहुंचेगी तथा वापसी में पाटलिपुत्र से दोपहर 3:30 बजे रवाना हो कर रात 10:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इस सेवा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस एक ट्रेन सेट लगाया गया है। यह सप्ताह में छह दिन चलेगी और शनिवार को अनुरक्षण के लिए यह सेवा उपलब्ध नहीं होगी। आठ कोच वाली यह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सभी कोच वातानुकूलित हैं। इस ट्रेन में लगे दरवाजे ऑटोमेटिक हैं। यात्रियों को साफ-सुथरे बायो टॉयलेट की सुविधा मिलेगी। ट्रेन में जीपीएस आधारित जानकारी देने वाली स्क्रीन भी दी गई है। यात्रियों को ऑनबोर्ड खाना और पानी मिलेगा। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। अत्याधुनिक ट्रेन सेट की राइड बहुत ही आरामदायक होगी। इसमें झटके नहीं लगते हैं। ट्रेन सेट चंद सेकेंड में रफ्तार पकड़ लेती है और बहुत ही कम समय में रुक जाती है। इस कारण औसत गति अधिक बनी रहती है और यात्रा के समय में काफी कमी आती है। उत्तर प्रदेश में अब 15 और बिहार में 13 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। पूरे देश में अब तक कुल 70 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं लोगों को तेज, सुरक्षित और आधुनिक रेल सफर दे रही हैं।

### रउआ लोगन के प्रणाम करा तानी, मोदी ने भोजपुरी में किया लोगों का अभिवादन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के सीवान में अपने भाषण की शुरूआत भोजपुरी भाषा में करते हुए लोगों का अभिवादन किया । उन्होंने कहा कि रउआ लोगन के प्रणाम करा तानी । इसके साथ ही पीएम मोदी ने बिहार के विभिन्न नेताओं का नाम लेकर उन्हें भी नमस्कार किया । तालियों से गूंज उठी सिवान की धरती।

# ट्रंप ने ईरान को दो हफ्ते की दी मोहलत

### ईरान से बातचीत होने की संभावना : अमेरिका

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ रुख में कुछ नरमी आई है। गुरुवार को दक्षिणी इजराइल के एक बड़े अस्पताल पर मिसाइल हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह अगले दो हफ्ते के भीतर तय करेंगे कि ईरान के खिलाफ इजराइल के बमबारी अभियान में शामिल होना है या नहीं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने साफ किया है कि ट्रंप ने कहा कि निकट भविष्य में ईरान के साथ बातचीत होने संभावना है। इसलिए वह अगले दो हफ्ते के भीतर अपना फैसला लेंगे। लेविट ने कहा कि ईरान के साथ किसी भी समझौते में यूरेनियम को समृद्ध करने और हथियार विकसित करने पर प्रतिबंध




शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं। सनद रहे कि ईरान ने इजराइल के बीरशेबा में सोरोका मेडिकल सेंटर और अन्य स्थानों पर कल मिसाइल हमला कर अपना आक्रामक रुख साफ कर दिया है। ट्रंप ने सैन्य कार्रवाई पर निर्णय लेने से पहले ईरान के साथ कूटनीति वार्ता के लिए दो सप्ताह की अवधि तय की है। इसका मकसद इजराइल के बमबारी अभियान के बीच रुकी हुई वार्ता को फिर से शुरू करना है। ट्रंप और उनके सलाहकारों को उम्मीद है कि इजराइली हमलों और मिसाइलों के नुकसान के दबाव में ईरान अपने यूरेनियम संवर्धन को बंद करने के लिए सहमत हो सकता है। व्हाइट हाउस के प्रयासों में मध्य पूर्व के दूत स्टीव विटकॉफ और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं। आज ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के यूरोपीय विदेश मंत्री जिनेवा में ईरानी प्रतिनिधियों से मिलेंगे और विटकॉफ के पहले के प्रस्ताव पर फिर से विचार करेंगे। हालांकि, ईरान ने कहा कि जब तक इजराइल बमबारी बंद नहीं करता तब तक वह अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा।

# खामेनेई का अस्तित्व मिटाएंगे :काट्ज

### अस्पताल पर मिसाइल हमले के बाद इजरायली रक्षा मंत्री ने ईरान से आरपार का किया ऐलान

**एजेंसी**

**तेल अवीव।** इजरायल ने कहा कि वह ईरान में सत्ता परिवर्तन पर काम कर रही है। इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने अपनी सेना को ईरानी सरकार को अस्थिर करने के लिए तेहरान में शासन से जुड़े ठिकानों पर हमले तेज करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने खामेनेई को मारने की धमकी भी दी है। इजरायल की ओर से 13 जून को ईरान पर हमला करने की वजह तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना कहा गया था। हालांकि अब इजरायली सरकार ने साफ कर दिया है कि उसका मकसद ईरान से अली खामेनेई और उनके शासन को खत्म करना है। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से भी तेहरान में सत्ता परिवर्तन की बात कही जा चुकी है। इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा है कि उन्होंने देश की रक्षा बलों को ऐसे ठिकानों पर हमला करने के लिए कहा है, जिससे तेहरान में शासन अस्थिर हो जाए। उनकी ओर से यह निर्देश इजरायल



के एक अस्पताल पर ईरानी मिसाइल हमले के बाद आया है, जिसमें 47 लोग घायल हुए हैं। काट्ज ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को हत्या की धमकी देते हुए कहा कि उनका अस्तित्व नहीं होना चाहिए। काट्ज ने कहा कि हमें ईरानी शासन के सभी प्रतीकों और उसकी शक्ति के आधार इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स पर हमला करना चाहिए। हमें ये भी लगता है कि अली खामेनेई का अस्तित्व ही नहीं होना चाहिए।

### एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट मारा गया

यरुशलम। इजरायली मीडिया ने दावा किया कि शुक्रवार को तेहरान में एक इमारत पर हुए हमले में एक ईरानी परमाणु वैज्ञानिक की मौत हो गई। इजरायल ने ईरान के 10 न्यूक्लियर साइंटिस्टों को मौत के घाट उतार दिया है। 10वें परमाणु वैज्ञानिक की हत्या अन्य नौ के मारे जाने के तुरंत बाद की गई। यह कार्रवाई गुरुवार-शुक्रवार की रात को इजरायली अभियान का हिस्सा थी, जिसमें ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और नतांज न्यूक्लियर साइट्स पर हमले के साथ-साथ ईरान के सैन्य नेतृत्व के शीर्ष सदस्यों का सफाया भी शामिल था। इजरायल ने ईरान के 10 न्यूक्लियर साइंटिस्टों को मौत के घाट उतार दिया है। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और नतांज न्यूक्लियर साइट्स पर हमले के साथ ईरान के सैन्य नेतृत्व के शीर्ष सदस्यों का सफाया कर दिया गया।

### ईरानी परमाणु अनुसंधान मुख्यालय पर इजरायली सेना ने किया हमला

**तेल अवीव ।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शुक्रवार कहा कि उसने गुरुवार रात को तेहरान में कई हवाई हमले किए, जिनमें ईरान के मिसाइल और परमाणु हथियार कार्यक्रमों से जुड़े कई ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में मिसाइल बनाने वाली सैन्य औद्योगिक इकाइयां, ईरान का डिफेंस इनोवेशन और रिसर्च संगठन (एसपीएनडी) का मुख्यालय शामिल था। आईडीएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि 60 से अधिक वायु सेना के लड़ाकू जेट ने गुरुवार रात को ईरान में कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया, जिसमें लगभग 120 हथियारों का उपयोग किया गया। इसमें तेहरान इलाके में कई मिसाइल बनाने वाली औद्योगिक इकाइयां भी शामिल थीं। ये ठिकाने कई सालों में बनाए गए थे और ये ईरान के रक्षा मंत्रालय का औद्योगिक केंद्र थे।

# महाप्रभु के लिए ट्रंप का निमंत्रण ठुकराया : मोदी

- ओडिशा की भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने दी बधाई
- नक्सलवाद को जड़ से खत्म करना मेरी गारंटी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर बधाई दी और इसे सुशासन, जनसेवा एवं जनविश्वास का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने बताया कि वे दो दिन पहले कनाडा में जी-7 समिट में हिस्सा ले रहे थे। उस दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें फोन कर वॉशिंगटन आने और भोजन पर चर्चा करने का न्यौता दिया। प्रधानमंत्री ने भावुक अंदाज में कहा कि मैंने अमेरिका के राष्ट्रपति से कहा निमंत्रण के लिए आपका धन्यवाद, लेकिन मुझे तो महाप्रभु की धरती पर जाना जरूरी है। इसलिए मैंने निमंत्रण विनम्रता से मना किया। आपका प्रेम मुझे महाप्रभु की धरती तक खींच लाया है। मोदी ने कहा कि यह आमंत्रण ठुकराना आस्था और संस्कृति की प्राथमिकता थी। उन्होंने दोहराया कि नक्सलवाद को जड़ से खत्म करना मोदी की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने ओडिशा में स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं।

## राम मंदिर का संपूर्ण कार्य अक्टूबर में पूरा हो जायेगा : चंपत राय

**अयोध्या।** राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर का संपूर्ण निर्माण कार्य अक्टूबर 2025 में पूरा हो जाएगा। चंपत राय ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में बताया कि सभी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। मंदिर परिषर में लगभग 20 प्रतिशत बाकी निर्माण कार्य चल रहा है। अक्टूबर में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। मंदिर परिसर में फिनिशिंग वर्क चल रहा है। फिनिशिंग होने के बाद मशीनों को ऊपर से नीचे लाया जाएगा। उसके बाद मंदिर में सफाई अभियान शुरू होगा। परिसर में सुरक्षा की दीवाल को बनाने में 1 वर्ष लगेंगे। परिसर में चार द्वार का निर्माण होना है। तीन द्वार का लगभग निर्माण पूरा हो रहा है।

# आजमगढ़ बना विकास की नई मिसाल

## योगी ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पहले विकास के नाम पर लोग डी कंपनी को पालते थे सरकार ने ऐसे लोगों को जहन्नुम का टिकट दे दिया
- जब भी कोई आतंकी घटना होती थी, तो आजमगढ़ हो जाता था बदनाम

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पहले लोग आजमगढ़ और उत्तर प्रदेश का नाम लेने से डरते थे और यहां का निवासी पहचान के संकट से जूझता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अब आजमगढ़ विकास की मुख्यधारा से जुड़ गया है। योगी ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद कहा कि उत्तर प्रदेश एक बीमारू राज्य से एक्सप्रेसवे राज्य के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। याद करने की कोशिश करें कि आठ साल पहले क्या हालात थे। लोग आजमगढ़ और उत्तर प्रदेश का नाम लेने से डरते थे। पिछली राज्य सरकारों पर निशाना साधते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि पहले विकास के नाम पर यह लोग डी कंपनी को पालते थे, यानी दाउद कंपनी। हमारी सरकार ने ऐसे लोगों को जहन्नुम का टिकट दे दिया। आदित्यनाथ ने कहा कि जब भी कोई आतंकी घटना होती थी, तो आजमगढ़ बदनाम हो जाता था, यहां के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो जाता था। योगी ने कहा कि 2017 से पहले चाचा-भतीजे वसूली के लिए निकलते थे, लेकिन अब सबका साथ, सबका विकास हो रहा है।



# यूरोप में तेजी से शेयर बाजार में लौटी रौनक

## सेंसेक्स 1046 और निफ्टी 319 अंक उछला

- सेंसेक्स 1.29 फीसदी छलांग लगाकर 82,408 व निफ्टी 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,112 अंक पर पहुंचा

**एजेंसी**

**मुंबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी सैन्य भागीदारी का निर्णय वापस लेने से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन दिनों की गिरावट से उबरकर शुक्रवार को शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक उछल गया। सेंसेक्स 1046.30 अंक अर्थात 1.29 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82408.17 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 319.15 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 25112.40 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप



1.20 प्रतिशत उछलकर 45,480.26 अंक और स्मॉलकैप 0.55 प्रतिशत मजबूत होकर 52,378.52 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4094 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2463 में तेजी जबकि 1484 में गिरावट रही वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2954 कंपनियों के शेयरों में से 1912 में लिवाली जबकि 963 में बिकवाली हुई वहीं 79 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 0.54, सीडी 1.12, ऊर्जा 0.99, एफएमसीजी 0.52, वित्तीय सेवाएं 1.35, हेल्थकेयर 0.78, इंडस्ट्रियल्स 1.21, आईटी 0.65, दूरसंचार 2.73, यूटिलिटीज 1.62, ऑटो 0.84, बैंकिंग 1.15, कैपिटल गुड्स 1.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.84, धातु 1.10, तेल एवं गैस 0.61, पावर 1.46, रियल्टी 2.22, टेक 1.42, सर्विसेज 0.99 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.83 प्रतिशत उछल गए। मारुति की 0.02 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य कंपनियों में तेजी रही। भारती एयरटेल 3.27, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.93, पावरग्रिड 2.38, रिलायंस 2.16, नेस्ले इंडिया 1.97, एनटीपीसी 1.70, इटरनल 1.62, एचडीएफसी बैंक 1.60, एचसीएल टेक 1.51, एसबीआई 1.44, आईसीआईसीआई बैंक 1.13, कोटक बैंक 1.13, एलटी 1.12, सन फार्मा 1.01 और

### निवेशकों ने 4.80 लाख करोड़ कमाया

शेयर बाजार में मजबूती से निवेशकों की संपत्ति में पौने पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गइ। कंपनियों का मार्केट कैप बढ़कर 447 .61 लाख करोड़ हो गया। गुरुवार को इनका मार्केट कैप 442 .81 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को 4 .80 लाख करोड़ का मुनाफा हुआ

